राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



करम पूजा महोत्सव में नृत्य करती रांची विश्वविद्यालय की छात्राएं

• बोकारो, बुधवार 23 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 128 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

### करम पर्व पर सीएम हेमंत ने दी शुभकामनाएं, कहा

## प्रकृति और संस्कृति से जुड़े रहना जरूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रकृति महापर्व करम पर्व के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं और जोहार दिया है। उन्होंने कहा कि करम पर्व प्रकृति और मानव जीवन के गहरे संबंध, भाई-बहन के प्रेम और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि करम पर्व झारखंड की पहचान और यहां की संस्कृति से जुड़ा हुआ है। यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति सम्मान और उसके संरक्षण की सीख देता है। जल, जंगल और जमीन हमारे जीवन का आधार होने के साथ हमारी संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों की धरोहर भी हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि करम पर्व भाई-बहन के प्रेम और आपसी विश्वास का भी पर्व है। अखड़ा में करम डाली की स्थापना, मांदर की थाप, करम गीत और सामूहिक नृत्य झारखंड की लोक संस्कृति को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता और विकास के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी



भाषा, संस्कृति, परंपरा और प्रकृति से जुड़े रहना जरूरी है। पुरखों से मिली विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कामना की कि करम पर्व के अवसर पर हर परिवार में सुख, शांति और खुशहाली बनी रहे। भाई-बहन का प्रेम मजबूत हो और समाज में आपसी सद्भाव और एकजुटता बढ़े। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रकृति और संस्कृति के साथ आगे बढ़ता रहे। उन्होंने राज्यवासियों को करम जोहार कहा।

## मजबूत शैक्षणिक व सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है विदेशी छात्रों का भारत में अध्ययन : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंगलवार को लोक भवन, रांची में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के तहत भारत में उच्च शिक्षा और शोध कर रहे विभिन्न देशों के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों से संवाद किया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान और शिक्षा की भूमि रहा है। तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला जैसे शिक्षा केंद्रों में दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों से विद्यार्थी ज्ञान हासिल करने आते थे। ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान की यह परंपरा आज भी भारत को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, इराक सहित अफ्रीकी और मध्य-पूर्व के देशों के विद्यार्थियों का



भारत में अध्ययन करना मजबूत शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत में विश्वास करता है। ज्ञान और संवाद देशों के बीच सेतु बनाते हैं। भगवान बुद्ध और भगवान महावीर की धरती भारत ने दुनिया को शांति, करुणा, अहिंसा और सद्भाव का संदेश दिया है। आज के दौर में इन मूल्यों की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। राज्यपाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग का महत्व लगातार बढ़ रहा है। भारत 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नई दिल्ली में भारत की अध्यक्षता में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वैश्विक स्तर पर भारत की सक्रिय सहभागिता को दर्शाता है। झारखंड की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने विद्यार्थियों से राज्य की जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य, जंगल, पहाड़ और झरनों को समझने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह भगवान बिरसा मुंडा सहित कई स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि है। राज्यपाल ने कहा कि विदेशी विद्यार्थी भारत और अपने देशों के बीच मित्रता और आपसी समझ के सेतु हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से भारत के इतिहास, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने तथा अपने अनुभवों को अपने देशों में साझा करने की अपील की।

## आधी रात सड़क पर उतरे वित्त मंत्री, डेढ़ घंटे की गाड़ियों की चेकिंग

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** अवैध खनन और खनिजों की तस्करी की शिकायतों के बीच झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आधी रात सड़क पर उतरकर कार्रवाई की। अपने विधानसभा क्षेत्र छतरपुर में मंत्री रात करीब 11:15 बजे सड़मा महेंद्र एग्रो पेट्रोल पंप के पास एनएच-139 पर टीम और जीएसटी अधिकारियों के साथ पहुंचे और वाहनों की अचानक जांच शुरू कर दी। करीब डेढ़ घंटे तक चले अभियान में कोयला, गिट्टी, लकड़ी और स्क्रैप लदे चार ट्रक पकड़े गए। सभी वाहनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। जिन वाहनों के कागजात सही पाए गए, उन्हें जांच के बाद जाने दिया गया। मंत्री के अचानक सड़क पर उतरने की सूचना मिलते ही अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में भी हड़कंप मच गया। राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि उन्हें सूचना मिल रही थी कि बड़े पैमाने पर अवैध कोयला ट्रकों में लोड कर बिहार और उत्तर प्रदेश भेजा जा रहा है। इसी सूचना पर उन्होंने अचानक जांच अभियान चलाया।

### संक्षिप्त समाचार

#### डिस्टिलरी पुल के पास खड़ी बाइक में लगी आग

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य की राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र के कोकर स्थित डिस्टिलरी पुल के पास मंगलवार को खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक से धुंआ उठता देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बाइक में लगी आग पर काबू तो पा लिया लेकिन इस दौरान बाइक पूरी तरह से जलकर बर्बाद हो गई।

#### ऑटो चालक की हत्या, दो गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र में सोमवार की रात खाने-पीने के दौरान हुए विवाद के बाद मारपीट में गंभीर रूप से घायल ऑटो चालक शोभन राय की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक चुटिया थाना क्षेत्र का रहने वाला था। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

#### पत्नी से अनबन के बाद युवक ने की खुदकुशी

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** कदमा थाना क्षेत्र के रामजन्मनगर में 23 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान संजय तांडी के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक प्रेम विवाह के बाद पत्नी से विवाद के चलते वह परेशान था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि संजय तांडी ने करीब तीन-चार महीने पहले सोनारी की रहने वाली एक युवती से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों कदमा में रहने लगे थे।

#### टाटा मैजिक ने बाइक को मारी टक्कर

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसा हुआ। पुराने पोस्ट ऑफिस के पास अमूल दूध से लदी टाटा मैजिक और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक चला रहे पिंटू उरांव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी अश्रिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

#### करमा पूजा के लिए फूल तोड़ने गए शख्स की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के कल्हाबार पंचायत अंतर्गत लुशियों गांव में मंगलवार को तालाब में डूबने से 48 वर्षीय सुरेश हेंब्रम की मौत हो गई। बताया गया कि सुरेश हेंब्रम करमा पूजा के लिए सुबह तालाब से कमल फूल तोड़ने गए थे। इसी दौरान तालाब के किनारे उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में जा गिरे। काफी कोशिशों के बाद सुरेश हेंब्रम को तालाब से बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें तुरंत डुमरी रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत बता दिया गया।

## आई कार्ड के आदेश पर देवघर नगर निगम में घमासान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** देवघर नगर निगम में एक आदेश को लेकर एक बार फिर कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच विवाद की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। नगर आयुक्त सुलोचना मीणा की ओर से जारी एक पत्र के बाद निगम कार्यालय में प्रवेश को लेकर नए नियम लागू किए गए हैं। आदेश के मुताबिक नगर निगम कार्यालय में प्रवेश करने वाले कर्मचारियों के साथ-साथ वार्ड पार्षदों को भी अपना पहचान पत्र यानी आई कार्ड दिखाना होगा। आदेश जारी होने के बाद निगम के कर्मचारी जहां इसे स्वीकार करते नजर आ रहे हैं वहीं कुछ जनप्रतिनिधियों ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इसका विरोध शुरू कर दिया है। दरअसल यह पूरा विवाद नगर निगम कार्यालय में कुछ दिनों पहले हुई एक घटना के बाद सामने आया है। एक जनप्रतिनिधि की ओर से निगम कार्यालय के सामने एक कर्मचारी के खिलाफ



कथित तौर पर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने के बाद निगम के स्थानीय कर्मचारियों में नाराजगी देखी गई थी। कर्मचारियों ने विरोध जताते हुए हड़ताल पर जाने की घोषणा तक कर दी थी। हालांकि हड़ताल की वजह से आम लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए नगर आयुक्त ने हस्तक्षेप किया और कर्मचारियों से बातचीत के बाद हड़ताल वापस करा दी गई। हड़ताल वापस लेने के दौरान कर्मचारियों की ओर से यह मांग रखी गई कि भविष्य में किसी भी जनप्रतिनिधि या अन्य व्यक्ति की ओर से निगम के कर्मचारियों के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाए। कर्मचारियों का कहना था कि वे निगम की व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए लगातार काम करते हैं, ऐसे में उनके सम्मान और सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। नगर आयुक्त के आदेश का विरोध कर रहे जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वार्ड पार्षद जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं। ऐसे में उन्हें निगम कार्यालय में प्रवेश करने के लिए किसी तरह की अनुमति लेने या अलग से प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। कुछ पार्षदों ने इस आदेश को 'तुगलकी फरमान' बताते हुए कहा कि यदि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को भी निगम कार्यालय में प्रवेश के दौरान अपनी पहचान साबित करनी पड़ेगी तो इससे जनप्रतिनिधियों की भूमिका और सम्मान पर सवाल खड़े होंगे। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि पार्षद अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर निगम कार्यालय और अधिकारियों के पास आते हैं। ऐसे में कार्यालय में उनकी आवाजाही को लेकर इस तरह की व्यवस्था लागू करना उचित नहीं है। हालांकि निगम प्रशासन की ओर से इसे सुरक्षा और कार्यालय की व्यवस्था बनाए रखने से जुड़ा निर्णय बताया जा रहा है।

## कांग्रेस शिष्टमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में चल रहे मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण की समय सीमा बढ़ाई जा सकती है। वर्तमान में दावा, आपत्ति के लिए 12 अक्टूबर तक का समय निर्धारित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राजनीतिक दलों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा की जा रही मांग के बाद समय सीमा बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से अनुशंसा करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि दावा-आपत्ति के आवेदन और उसकी सुनवाई को लेकर यह निर्णय लिया जा सकता है। जाहिर तौर पर 19 अक्टूबर को होने वाले फाइनल रोल प्रकाशन की तारीख में भी बदलाव होगा। वहीं दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तय की गई है। राज्य में जारी एसआईआर के दौरान दावा-आपत्ति से जुड़े आवेदनों की संख्या को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस का एक शिष्टमंडल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर समय सीमा बढ़ाने की मांग की। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर पार्टी महासचिव सूर्यकांत शुक्ला एवं लाल किशोर नाथ शाहदेव ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात कर एसआइआर से जुड़ी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और आम लोगों की समस्याओं को दूर करने का आग्रह किया। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जिन लोगों को नोटिस मिले हैं उनकी सुनवाई आसानी से और जल्दी हो सके, इसके लिए अतिरिक्त केंद्र बनाए जाएं और ज्यादा अधिकारियों को तैनात किया जाए। पार्टी नेताओं ने कहा कि हर हफ्ते फॉर्म 6, 7 और 8 की विधानसभा-वार जानकारी (फॉर्मेट 9, 10, 11ए और 11बी के अनुसार) जिला स्तर पर बीएलए-1 और बीएलए-2 को और राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त दलों को दी जाए।

## साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** पुलिस ने सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र से साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ किया है। देवघर के पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर के आदेशानुसार साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना पर साइबर उप पुलिस अधीक्षक कैलाश प्रसाद महतो के नेतृत्व में गठित टीम ने असूरबंधा स्थित ब्लॉक के पीछे मैदान में छापेमारी कर तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सहादत अंसारी, गुलफराज अंसारी और सरफराज अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से तीन मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक बरामद मोबाइल और सिम कार्ड की प्रारंभिक जांच में आरोपियों की साइबर ठगी में संलिप्तता सामने आई है। आरोपी फ्लिपकार्ट, अमेजन, गूगल पे और फोन पे जैसी कंपनियों के फर्जी कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर लोगों से संपर्क करते थे। कैशबैक का लालच देकर वे ग्राहकों के खातों से रकम निकाल लेते थे। पुलिस के अनुसार आरोपी एयरटेल पेमेंट बैंक के फर्जी अधिकारी बनकर भी लोगों को निशाना बनाते थे। वे एयरटेल थैंक्स एप के जरिए कार्ड बंद होने की बात कहते और उसे दोबारा चालू कराने के नाम पर ग्राहकों से ठगी करते थे। पुलिस अब बरामद मोबाइल और सिम कार्ड की जांच कर यह पता लगा रही है कि आरोपियों ने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया। छापेमारी में साइबर थाना के निरीक्षक राकेश कुमार रवि और सोनारायठाढ़ी थाना प्रभारी रोहित दांगी शामिल रहे।

## बिहार का शराबबंदी कानून झारखंड में नहीं चलेगा : हाईकोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में शराब की कथित अवैध ढुलाई के मामले में जब्त वाहन को लेकर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि बिहार में लागू बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 को झारखंड में लागू नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने इस कानून के आधार पर वाहन की जब्ती को सही ठहराने वाले न्यायिक दंडाधिकारी और सत्र न्यायालय, बोकारो के आदेश पर भी सवाल उठाया है। मामला बोकारो के पिंड्राजोरा थाना कांड संख्या 18/2026 से जुड़ा है। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए बिहार के कानून को झारखंड में लागू किए जाने पर गंभीर आपत्ति जताई। कोर्ट ने कहा कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 बिहार राज्य का कानून है और यह बिहार की सीमा तक ही लागू है। झारखंड के गठन के बाद बनाए गए इस कानून को झारखंड में लागू नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि निचली अदालतों ने वाहन रिलीज करने से इनकार मुख्य रूप से इस आधार पर किया कि उसके





खिलाफ जब्ती की कार्यवाही प्रस्तावित है, लेकिन हाईकोर्ट के सामने याचिकाकर्ता का कहना था कि ऐसी कोई कार्यवाही वास्तव में शुरू ही नहीं हुई है। इसके बाद हाईकोर्ट ने बोकारो के न्यायिक दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि वह उपायुक्त से रिपोर्ट लेकर यह पता करें कि वाहन के संबंध में जब्ती की कार्यवाही शुरू हुई है या नहीं। कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसी कोई कार्यवाही शुरू नहीं हुई है तो वाहन नंबर जेएच 05 डीएफ 9463 को कोर्ट की ओर से तय शर्तों के साथ उसके मालिक को रिलीज कर दिया जाए। यह आदेश देते हुए कोर्ट ने क्रिमिनल मिसलेनियस पेटिशन संख्या 2579/2026 का निपटारा कर दिया। पुलिस ने पूर्वी सिंहभूम के रितेश प्रधान नामक शख्स के एक व्यावसायिक पिकअप वाहन को कथित तौर पर शराब की ढुलाई के आरोप में जब्त किया था। वाहन से 750 एमएल की बोतलों वाले 145 कार्टन बरामद होने की बात सामने आई थी। वाहन मालिक ने इसे रिलीज कराने के लिए न्यायिक दंडाधिकारी, बोकारो की अदालत में आवेदन दिया था लेकिन 25 मई 2026 को आवेदन खारिज कर दिया गया। अदालत की ओर से वाहन की जब्ती की कार्रवाई शुरू करने के लिए उपायुक्त को भेजे गए अनुरोध का हवाला दिया गया। इसके बाद वाहन मालिक ने सत्र न्यायालय का रुख किया लेकिन वहां से भी राहत नहीं मिली और 27 जून 2026 को क्रिमिनल रिवीजन खारिज हो गया। सत्र न्यायालय ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के प्रावधानों का हवाला देते हुए माना था कि अवैध शराब की ढुलाई में इस्तेमाल वाहन जब्ती की कार्रवाई के दायरे में आता है। इसके बाद वाहन मालिक ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वाहन को लेकर वास्तव में कोई जब्ती की कार्यवाही शुरू नहीं हुई है। साथ ही वाहन फाइनेंस पर खरीदा गया है और लंबे समय तक खड़े रहने से उसके खराब होने का खतरा है।


## रांची यूनिवर्सिटी में करम पूजा महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** पूरे झारखंड में करमा पर्व की धूम है। गांवों से लेकर शहरों तक अखड़ों में करम गीतों की गूंज और मांदर की थाप सुनाई दे रही है। लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ करमा पर्व मना रहे हैं। इसी कड़ी में रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के प्रसिद्ध अखड़े में करम पूजा महोत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड की जनजातीय और क्षेत्रीय संस्कृति की विविधता देखने को मिली। महोत्सव की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाज और पूरे विधि-विधान के साथ हुई। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने करम डाली की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान पारंपरिक तरीके से करम डाली की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा की गई। इसके बाद जावा को



सजाया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। पूजा के बाद कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सभी को करमा पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि करमा आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व प्रकृति संरक्षण के साथ भाई-बहन के प्रेम और आपसी स्नेह का प्रतीक है। करमा पर्व के जरिए प्रकृति के प्रति सम्मान और सामुदायिक जीवन से जुड़ी परंपराओं को भी आगे बढ़ाया जाता है। इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद लोगों के कानों में जावा फूल लगाया गया। इस पारंपरिक रस्म के दौरान पूरा अखड़ा उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति समेत कई शिक्षाविद और विभाग से जुड़े लोग शामिल हुए। अतिथियों ने करमा पर्व की सांस्कृतिक परंपरा और इसके महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के जरिए नई पीढ़ी को अपनी भाषा, संस्कृति और लोक परंपराओं से जोड़ने का संदेश भी दिया गया। महोत्सव का सबसे खास आकर्षण जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग से जुड़ी नौ जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के गीत-संगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुतियां रहीं। अलग-अलग भाषाओं में करम गीतों की प्रस्तुति ने अखड़े का माहौल पूरी तरह बदल दिया। पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने लोकनृत्य प्रस्तुत किए। गीतों के साथ मांदर की थाप ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया।




C M Y K

# गिरिडीह में गूंजेगा वंदे मातरम, गिनीज रिकॉर्ड की तैयारी

## विद्या भारती के राष्ट्रव्यापी सामूहिक गायन को लेकर बरगंडा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बैठक, घर-घर संपर्क कर सहभागिता बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विद्या भारती के राष्ट्रव्यापी नमामि भारतम—वंदे मातरम सामूहिक गायन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने और सामूहिक गायन को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में जनजातीय शिक्षा समिति के प्रदेश मंत्री दिलीप पाहन, विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश मंत्री डॉ. ब्रजेश सिंह, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अर्जुन मिष्ठकर एवं सचिव डॉ. शालिनी खोवाला सहित विद्यालय के आचार्य आचार्या उपस्थित रहे। दिलीप पाहन ने कहा कि वंदे मातरम का सामूहिक गायन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराना लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष विद्या भारती के 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और इस ऐतिहासिक अवसर के आगाज के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बैनर, साक्ष्य प्रस्तुति और प्रमाणीकरण से जुड़ी तैयारियों की जानकारी ली। डॉ. ब्रजेश सिंह ने कहा कि कार्यक्रम को समाजव्यापी बनाने की जरूरत है। वंदे मातरम् को जन-जन तक पहुंचाने के लिए घर-घर संपर्क कर लोगों को कार्यक्रम में जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में एक साथ, एक स्वर और एक लय में गायन कराना बड़ी चुनौती है, जिसे व्यापक जनसहयोग से पूरा किया जा सकता है। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने विद्यालय परिवार की ओर से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष अर्जुन मिष्ठकर ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र की भावनाओं और गौरव से जुड़ा प्रतीक है। उन्होंने आगामी कार्यक्रम को विचार और राष्ट्रभावना के संगम का अवसर बताया। बैठक के अंत में सचिव डॉ. शालिनी खोवाला ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर माल्डा के प्रधानाचार्य सुदेव पंडित, बेंगाबाद के प्रधानाचार्य किशन, बंदरकुप्पी के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार समेत विद्यालय के आचार्य आचार्या मौजूद रहे।




## करम पर्व झारखंड की समृद्ध संस्कृति, प्रकृति प्रेम और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक : डॉ. सरफराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** लोक आस्था, प्रकृति पूजा और भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक पावन करम पर्व के अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि करम पर्व झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, लोक जीवन और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव को दर्शाने वाला महत्वपूर्ण पर्व है। अपने शुभकामना संदेश में सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने कहा कि करम पर्व केवल एक धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण, कृषि समृद्धि, भाई-बहन के प्रेम और सामाजिक एकजुटता का संदेश देने वाला पर्व है। झारखंड की आदिवासी एवं लोक संस्कृति में इस पर्व का विशेष महत्व है। करम देवता की पूजा के माध्यम से लोग अच्छी फसल, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान उसकी समृद्ध लोक संस्कृति, प्राकृतिक संपदा और विविध परंपराओं से है। करम पर्व इसी सांस्कृतिक विरासत को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाने का कार्य करता है। इस पर्व में प्रकृति के प्रति सम्मान और उसके संरक्षण का जो संदेश निहित है, वह वर्तमान समय में और भी महत्वपूर्ण हो गया है।डॉ. सरफराज अहमद ने कहा कि प्रकृति और मानव जीवन का संबंध बेहद गहरा है। जंगल, जल, जमीन और कृषि हमारी जीवन व्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार हैं। करम पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लोगों से अपनी लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने तथा नई पीढ़ी को इससे जोड़ने का आह्वान किया। सांसद ने विशेष रूप से प्रदेश की बहनों, युवाओं, किसानों और ग्रामीण समाज को करम पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कामना की कि करम देवता की कृपा से झारखंड के प्रत्येक परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली आए तथा प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़े।



## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग में 15 अक्टूबर को डांडिया महोत्सव, रौशन रोही की लाइव प्रस्तुति बनेगी मुख्य आकर्षण

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** आगामी 15 अक्टूबर को मटवारी स्थित होटल श्री विनायक में आयोजित होने वाले भव्य डांडिया महोत्सव को लेकर समर्पण सेवा समूह द्वारा 22 सितंबर को सर्किट हाउस, हजारीबाग में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान आयोजकों ने कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए आधिकारिक पास भी जारी किया।



आयोजन समिति के अनुसार, हजारीबाग में पहली बार महानगरों की तर्ज पर इतने बड़े पैमाने पर डांडिया नाइट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मगही व भोजपुरी के चर्चित गायक जेल स्टार रौशन रोही की लाइव प्रस्तुति होगी, जो पहली बार हजारीबाग में प्रस्तुति देंगे। इनके अलावा स्थानीय खोरठा व झारखंडी कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम शाम छह बजे से शुरू होकर सात बजे से मुख्य मंच पर प्रस्तुतियां आरंभ होंगी। एकल प्रवेश हेतु 499 रुपये और जोड़े के लिए 899 रुपये का पास निर्धारित है। सुरक्षा के लिए रांची से प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी बुलाए जा रहे हैं तथा परिवार, जोड़ों व एकल आगंतुकों के लिए अलग-अलग क्षेत्र बनाए जाएंगे। समूह ने शहरवासियों से सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

### कार्यकारिणी की बैठक में बनी सहमति, राज्यव्यापी लोकभवन घेराव में सैकड़ो कार्यकर्ता होंगे शामिल

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला कार्यकारिणी सह राजनीतिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया । आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की । बैठक में आगामी 26 सितम्बर को राज्यव्यापी लोकभवन घेराव में जिले से सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल होने पर सहमति बनी । राजनीतिक सलाहकार समिति की बैठक में संगठन की मजबूति तथा विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई । इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उनके कार्यकर्ता होते हैं । संगठन को मजबूत बनाने के लिये कांग्रेसी कार्यकर्ता को गांव, पंचायत और बूथ स्तर तक जाने की आवश्यकता है । जनता से लगातार संवाद कर उनकी समास्याओं को समझना और जनहित मुद्दों को मजबूति से उठाना संगठन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए । उन्होंने 26 सितम्बर को लोकभवन का घेराव मे हजारीबाग हजारों कार्यकताओं शामिल होने का अह्वान किया ।



बैठक का संचालन वरीय उपाध्यक्ष शारदा रंजन दुबे और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष निसार खान तथा नगर अध्यक्ष परवेज अहमद ने किया। बैठक में पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार महासचिव केदार पासवान पूर्व प्रत्यासी मुन्ना सिंह प्रदेश कॉडीनेटर सुनिल सिंह, शैलेन्द्र कुमार यादव, रेणु कुशवाहा, नवीन कुमार, पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार यादव, अवधेश कुमार सिंह, रजी अहमद, साजिद अली खान, बेबी देवी, मोहम्मद जाविर, अभिषेक राज आदि उपस्थित थे । खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक तथा अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर चन्दा चोरी के विरोध में पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल प्रदेश प्रवक्ता भागीरथ पासवान, कैशफ रजा, साकेत सौरभ नें प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित किए गए संशोधन विधेयक को कांग्रेस काला कानून मानती है। झारखंड में लगभग 15 लाख एकड़ भूमी में कोयला और लौह अयस्क का खनन होता है, जिससे विस्थापन, पर्यावरण, प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता है। सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के 2024 के फैसले के आधार पर झारखंड मिनरल बेयरिंग लैंड सेस विधेयक पारित किया गया था, जिससे वित वर्ष 2026-27 में 14 हजार करोड़ रुपए का राजस्व जुटा कर शिक्षा, स्वास्थ्य और मईयां सम्मान योजना जैसे कल्याणकारी योजनाओं में लगाने की योजना थी। जीएसटी क्षतिपूर्ति में 4 हजार करोड़ तथा बीबीजी रामजी योजना से 8 हजार करोड़ रुपए का नुकसान होगा, पहले एक लाख 36 हजार करोड़ रूपया बकाया है, जिस पर ग्रहन लग सकता है। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी जिला के पदाधिकारीगण प्रखंड अध्यक्षगण प्रकोष्ठ अध्यक्षगण मंडल अध्यक्षगण के अतिरिक्त सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### चोरी हुआ ट्रैक्टर बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र में चोरी हुए ट्रैक्टर को हजारीबाग पुलिस ने बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया प्रॉ१ कंपनी का ब्लू रंग का ट्रैक्टर जंगल से बरामद किया। जानकारी के अनुसार, 19/20 सितंबर 2026 की रात बड़कागांव थाना क्षेत्र के पकरी बरवाडीह निवासी टुकन साव के घर के बाहर से अज्ञात अपराधकर्मियों ने ट्रैक्टर चोरी कर लिया था। घटना को लेकर टुकन साव ने 20 सितंबर को बड़कागांव थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 164/26, दिनांक 20 सितंबर 2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। चोरी हुए ट्रैक्टर और आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर गुप्तचर तैनात किए। इसी क्रम में 21 सितंबर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले में संदिग्ध बिनोद कुमार, पिता स्व. बासुदेव साव, ग्राम उपरोल पहरा, थाना केरेडारी, जिला हजारीबाग को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान बिनोद कुमार ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत लिखलाही घाटी जंगल से चोरी किया गया ट्रैक्टर बरामद कर विधिवत जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी बिनोद कुमार को 22 सितंबर 2026 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



# 501 निशानों के साथ निकली श्याम बाबा की शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** श्री श्याम सेवा मंडल गिरिडीह द्वारा आयोजित श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 47वां वार्षिक महोत्सव मंगलवार को श्री महावीर कुटिया मंदिर प्रांगण में शुरू हुआ। प्रथम दिन बाबा की ज्योत प्रज्ज्वलित करने के बाद दोपहर तीन बजे 501 निशानों के साथ भव्य निशान एवं पालकी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कुटिया मंदिर से बड़ा चौक, गांधी चौक और तिरंगा चौक होते हुए वापस मंदिर पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पालकी का स्वागत किया और आरती उतारी। शोभायात्रा में महिलाएं लाल-पीले तथा पुरुष और बच्चे गुलाबी-पीले परिधानों में शामिल हुए। मंदिर पहुंचने पर 501 निशान श्याम बाबा को अर्पित किए गए। इसके बाद विशेष आरती और भजन-कीर्तन हुआ। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया।



# तीन माह से डीसी कार्यालय में पड़ी जांच रिपोर्ट, मजदूरों को नहीं मिला न्याय

## एक सप्ताह में काम पर नहीं लौटे तो बालमुकुंद कार्यालय घेराव की चेतावनी : राजेश सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** चतरो मोड़ स्थित बालमुकुंद फैक्ट्री से छंटनी किए गए 17 मजदूरों का मामला एक बार फिर गरमा गया है। माले नेता राजेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि तीन माह पूर्व मजदूरों के आंदोलन के बाद उपायुक्त रामनिवास यादव ने एसडीओ के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की थी। जांच पूरी कर रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को सौंपे जाने के बावजूद अब तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। राजेश सिन्हा ने कहा कि मजदूरों ने प्रशासन पर भरोसा किया था, लेकिन लगातार देरी से उनका भरोसा टूट रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत श्रम मंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल से की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर सभी छंटनीग्रस्त मजदूरों को काम पर वापस नहीं लिया गया तो बालमुकुंद के बजरंग चौक स्थित कार्यालय का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। असंगठित मजदूर मोर्चा के नेता कन्हाई पांडेय ने भी आंदोलन तेज करने की बात कही।

# करमा पर्व पर प्रकृति की पूजा, मंडरखा सुरक्षित वन में गूंजा हरियाली का संकल्प

## करम समेत छायादार पौधों का पौधरोपण, ग्रामीणों ने संरक्षण और सुरक्षा की ली सामूहिक शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** करमा महापर्व के अवसर पर मंगलवार को गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल के गिरिडीह वन प्रक्षेत्र अंतर्गत मंडरखा सुरक्षित वन में करमा महोत्सव का आयोजन पारंपरिक उल्लास के साथ किया गया। ग्राम वन प्रबंधन समिति, मंडरखा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में करम समेत विभिन्न छायादार पौधों का पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।पौधरोपण के दौरान ग्रामीणों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुखिया निरंजन कुमार मौजूद रहे। वन विभाग के फॉरेस्टर की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्राम वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाबूलाल महतो के अलावा अधिवक्ता रामप्रसाद वर्मा, भवानी वर्मा, महेंद्र ठाकुर, बद्री ठाकुर, इंद्रदेव महतो, दशरथ महतो, रामचंद्र महतो, बसंत वर्मा, बिनोद तुरी, अर्जुन महतो और बाली राणा सहित समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वहीं शीतल कुमारी, शांति कुमारी, रीना कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, सोनाक्षी, वर्षा, वंदना, अंजली और श्रुति समेत बच्चों एवं युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक पौधरोपण में हिस्सा लिया।ग्रामीणों ने कहा कि करमा पर्व केवल संस्कृति और परंपरा का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, पेड़-पौधों और पर्यावरण संरक्षण का भी पर्व है। इसी भावना के साथ मंडरखा और आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा बनाने तथा लगाए गए पौधों को संरक्षित करने का सामूहिक संकल्प लिया गया।



# 50 लोगों को मिला नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श, 100 में ईसीजी की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह की ओर से मंगलवार को रोटरी नेत्र चिकित्सालय, गिरिडीह में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में त्रिदेव हॉस्पिटल, देवघर से पहुंचे कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. पंकज शर्मा एवं जनरल फिजिशियन डॉ. राकेश कुमार ने करीब 50 लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया। शिविर में गोवर्धनलाल नर्सिंग होम के सहयोग से महज 100 रुपये की न्यूनतम दर पर ईसीजी जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इससे मरीजों को हृदय संबंधी जांच की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिल सकी। शिविर के सफल आयोजन में रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष अमित गुप्ता, सचिव मनीष वर्णवाल, शिविर संयोजक डॉ. विकास लाल, प्रदीप डालमिया, दिलीप जैन, रवि बगड़िया, मनीष केडिया, डॉ. तारक नाथ देव, अभिषेक जैन, देवेंद्र सिंह, पीयूष मुसद्दी समेत रोटरी नेत्र चिकित्सालय के कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# शीतलपुर के दर्जनों युवाओं ने थामा झामुमो का दामन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गिरिडीह के जिला कार्यालय में सोमवार को वार्ड नंबर 12 के शीतलपुर क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक युवाओं ने विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। विशाल रवानी के नेतृत्व में पहुंचे युवाओं का झामुमो महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार रॉकी समेत पार्टी नेताओं ने स्वागत किया।सदस्यता ग्रहण करने वाले युवाओं ने कहा कि झामुमो के विकास कार्यो से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी से जुड़ने का निर्णय लिया है। इस दौरान युवाओं ने भाजपा पर नफरत की राजनीति करने का आरोप भी लगाया। हालांकि यह आरोप सदस्यता ग्रहण करने वाले युवाओं की ओर से लगाया गया। महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार रॉकी, जिला सह सचिव दिलीप रजक, अभय सिंह, अंकित सहाय, अनुभव सिंह, राकेश गुप्ता एवं अजीत सिन्हा ने नवसदस्यों को पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल कराया। इस मौके पर युवाओं ने संगठन के प्रति निष्ठा के साथ काम करने और पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।

# हाईकोर्ट के आदेश और आठ सूत्री मांगों को लेकर 36वें दिन भी किसानों का धरना जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड उच्च न्यायालय की रिट याचिका संख्या 5925/2022 अवधेश कुमार सिंह बनाम झारखंड राज्य में पारित आदेश के आलोक में विभिन्न मांगों को लेकर किसान जनता पार्टी के बैनर तले किसानों का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 36वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान पपरवाटांड़ मैदान स्थित धरनास्थल पर किसानों ने पारंपरिक तरीके से करमा पर्व मनाया। रजिस्टर-2 की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने की मांग को लेकर इस आंदोलन के पहले भी समाचार प्रकाशित हो चुके हैं। महिलाओं ने करम डाली की विधिवत पूजा की और करमा गीत गाकर झारखंड की लोक संस्कृति एवं परंपरा का संदेश दिया। पुरुषों ने मांदर की थाप पर साथ दिया। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में रजिस्टर 2 की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराना, मृत पूर्वजों के नाम दर्ज जमीन की जमाबंदी उनके जीवित उत्तराधिकारियों के नाम कायम करना, गैर मजरूआ खास, बकास्त एवं भूदान जमीन की लगान रसीद निर्गत करना तथा सभी पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाना शामिल है। पूर्व में भी किसान संगठन ने इन्हीं मांगों को लेकर प्रशासन के समक्ष आंदोलन जारी रखने की बात कही थी। मौके पर किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमेटी अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की कार्यशैली से किसान परेशान हैं और उन्हें अपने हक अधिकार के लिए लगातार आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान अब अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हो चुके हैं और मांगें पूरी होने तक बेमियादी धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आगे भी पर्व-त्योहार धरना स्थल पर ही मनाने का निर्णय लिया गया है। अवधेश सिंह ने कहा कि आंदोलन के जरिए किसानों की समस्याओं को लगातार उठाया जाएगा। उन्होंने सरकार, प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों से किसानों की मांगों पर गंभीरता से पहल करने की मांग की। कार्यक्रम में विष्णु सिंह, संतोष चक्रवर्ती, संजू चक्रवर्ती, किसान जनता पार्टी के संयोजक दासो मुर्मू, कार्यालय सचिव विजय कुमार, संरक्षक घनश्याम पंडित, महासचिव भागीरथ राय, संस्थापक सदस्य नारायण राय, छत्रधारी सिंह, बसिया टुडू, खुशबू देवी, बेदमिया देवी, संगीता मरांडी, सुनीता मरांडी, मालती देवी, मुकेश राय, रोहित पंडित, सुनील साहू, बिरजू राय, धनेश्वर महतो, जहांगीर अंसारी, अफसर खान, मुन्शी मुर्मू, विक्रम मुर्मू, गीता देवी, कलावती देवी, राजेंद्र यादव, शांति मरांडी, बीना बास्के, शामु बास्के, थामी मंडल और शंभू राय समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। इस अवसर पर जागरूक जनता पार्टी के अध्यक्ष मिसू मंडल एवं उनकी टीम ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों के आंदोलन को समर्थन दिया और उनके हक-अधिकार की लड़ाई में साथ देने की बात कही।



# सेल कर्मचारियों के बोनस पर 1 अक्टूबर को होगा बड़ा फैसला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो**। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के कर्मियों के बोनस मसौदे पर एक अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रबंधन के साथ एनजेसीएस नेताओं की बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता कंपनी के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह करेंगे। इसमें श्रमिक संगठनों की ओर से इंटक, एटक, सीटू, बीएमएस और एचएमएस के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच विचार-विमर्श के बाद वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बोनस की देय राशि पर अंतिम सहमति बनने की उम्मीद है। इसके बाद कामगारों को बोनस की राशि पांच अक्टूबर तक उनके बैंक खातों में भुगतान किए जाने की संभावना है।

इससे बोकारो इस्पात संयंत्र सहित सेल की अन्य इकाइयों में कार्यरत करीब 52 हजार स्थायी एवं प्रशिक्षु कर्मचारी लाभान्वित होंगे। इस वर्ष शारदीय नवरात्र 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और 20 अक्टूबर को दशहरा है। ऐसे में सेल प्रबंधन ने समय रहते कामगारों के बोनस पर फैसला लेने के लिए एक अक्टूबर को बैठक की तारीख तय की है।

महारत्न कंपनी सेल में कामगारों को दी जाने वाली बोनस की राशि पर हर हाल में एक अक्टूबर, गुरुवार को अंतिम फैसला होने की उम्मीद है। इसका कारण यह है कि दो अक्टूबर, शुक्रवार को गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय अवकाश है।

वहीं, तीन अक्टूबर शनिवार और चार अक्टूबर रविवार को सेल मुख्यालय, नई दिल्ली में साप्ताहिक अवकाश रहेगा। ऐसे में यूनियन नेताओं के पास बोनस की राशि को लेकर बातचीत के लिए एक अक्टूबर के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं होगा। इधर, सेल

## 5 अक्टूबर तक होगा भुगतान

प्रबंधन ने एनजेसीएस के साथ हुए करार के तहत लागू वर्तमान बोनस फार्मूले के आधार पर कामगारों को दी जाने वाली राशि का आकलन शुरू कर दिया है। वर्तमान बोनस फार्मूले के तहत इस वर्ष कामगारों को करीब 29 हजार रुपये बोनस मिलने की संभावना जताई जा रही है। सेलकर्मियों के बोनस के मुद्दे पर एक अक्टूबर को नई दिल्ली में होने वाली बैठक से पहले कंपनी प्रबंधन ने अपनी ओर से दी जाने वाली बोनस राशि का हिसाब-किताब कर लिया है, जबकि यूनियन की ओर से बोनस की मांग को लेकर अब तक कोई प्रस्ताव तैयार नहीं किया गया है।

यूनियन नेताओं का कहना है कि बोनस बैठक के दौरान कंपनी की आय और व्यय को देखते हुए राशि का प्रस्ताव प्रबंधन के समक्ष रखा जाएगा। हालांकि, उनका यह भी कहना है कि वे सेल प्रबंधन से वर्तमान बोनस फार्मूले को संशोधित कर इस बार कामगारों को पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बोनस दिलाने का प्रयास करेंगे। बता दें कि पिछले साल सेल के स्थायी कर्मचारियों को 29,500 रुपये और प्रशिक्षु कर्मियों को 23,600 रुपये बोनस दिया गया था। सेलकर्मियों के बोनस के मुद्दे पर एक अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रबंधन के साथ बैठक होगी। बैठक में कंपनी के नफा-नुकसान को देखते हुए बोनस की राशि का प्रस्ताव प्रबंधन के समक्ष रखा जाएगा। हमारा प्रयास होगा कि वर्तमान बोनस फार्मूले में संशोधन कर कामगारों को पिछले वर्ष की तुलना में अधिक राशि बोनस के रूप में दिलाई जा सके।

# आद्रा रेल मंडल के डीआरएम ने मधुबन कोल वाशरी का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। आद्रा रेल मंडल के डीआरएम मुकेश गुप्ता ने बीसीसीएल के ब्लॉक-2 क्षेत्र में संचालित मधुबन कोल वाशरी के खानूडीह कोल लोडिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया। उन्होंने रेल ट्रैक, वैगन लोडिंग और कोयला डिस्पैच की व्यवस्था का जायजा लिया। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह इसी लोडिंग प्वाइंट पर कोयला लदी मालगाड़ी के कुछ पहिए पटरी से उतर गए थे। हालांकि, डीआरएम ने स्पष्ट किया कि उनका दौरा किसी घटना की जांच के लिए नहीं, बल्कि मौजूदा लोडिंग व्यवस्था देखने और भविष्य में इसकी क्षमता बढ़ाने की संभावनाओं का आकलन करने के लिए है। डीआरएम ने कहा कि फिलहाल लोडिंग व्यवस्था संतोषजनक है और निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि बीसीसीएल कोयला उपलब्ध कराकर उसकी लोडिंग करता है, जबकि रेलवे की जिम्मेदारी वैगन उपलब्ध कराने और लोडेड कोयले को गंतव्य तक पहुंचाने की है। निरीक्षण के दौरान बीसीसीएल ब्लॉक-2 के जीएम कुमार रंजीव, बरोरा क्षेत्र के जीएम केके सिंह, एडीईएन महुदा बीके पांडेय, पीडब्ल्यूआई शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, ट्रैक्शन इंचार्ज राजू बाबू, डीएफ राकेश कुमार, खानूडीह स्टेशन के एसएम रंजीत चौधरी, विजय रवानी, श्रीकांत पाठक और आरपीएफ इंचार्ज कुमार राजीव समेत रेलवे व बीसीसीएल के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# आईआईटी आईएसएम धनबाद में पद्मश्री निवेदिता भिड़े का छात्रों से संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। आईआईटी आईएसएम धनबाद में मंगलवार को शताब्दी व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित तथा विवेकानंद रॉक मेमोरियल एवं विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी की अखिल भारतीय अध्यक्ष निवेदिता रघुनाथ भिड़े ने छात्रों से संवाद किया। उन्होंने "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको, युवाओं के लिए एक संदेश" विषय पर अपने विचार साझा किए। संस्थान के शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग के प्रोफेसर और समन्वयक प्रो। रवि कुमार गंगवार ने निवेदिता भिड़े के परिचय से की। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक सेवा और विवेकानंद केंद्र से जुड़े उनके लंबे योगदान पर प्रकाश डाला। आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक प्रो। सुकुमार मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार किसी एक दौर तक




सीमित नहीं हैं। बदलते समय में भी उनके विचार समाज और युवाओं का मार्गदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार हासिल करना नहीं, बल्कि व्यक्ति के समग्र विकास के साथ मानवता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना होना चाहिए।

निदेशक ने छात्रों से स्वामी विवेकानंद के विचारों को केवल याद करने के बजाय उनके मूल भाव को समझकर जीवन में उतारने का आह्वान किया। उनके अनुसार, शिक्षा तभी सार्थक है, जब वह व्यक्ति के साथ-साथ समाज के विकास में भी योगदान दे।

अपने संबोधन में पद्मश्री निवेदिता भिड़े ने स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध आह्वान "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको" की व्यापक व्याख्या की। उन्होंने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत सफलता हासिल करने की प्रेरणा नहीं है, बल्कि भारत के पुनरुत्थान और राष्ट्र निर्माण का संदेश भी है।

# ट्रेन में 8 घंटे से ज्यादा की देरी पर रेलवे को यात्री को 35,000 देने का आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। झारखंड के एक जिला उपभोक्ता आयोग ने भारतीय रेलवे को एक यात्री को 35,000 का भुगतान करने का निर्देश दिया है। यह आदेश इस्पात एक्सप्रेस ट्रेन के 8 घंटे और 48 मिनट देरी से पहुंचने के कारण हुई शारीरिक, मानसिक और वित्तीय परेशानी के एवज में दिया गया है।

आयोग ने अपने फैसले में कहा कि रेलवे यह साबित करने में विफल रहा कि यह देरी उसके नियंत्रण से बाहर के कारणों से हुई थी।

आयोग के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह और सदस्य प्रदीप कुमार मिश्रा व संजू शाही की पीठ ने 2 सितंबर 2026 को दिए अपने आदेश में 30,000 मुआवजा और 5,000 मुकदमे का खर्च (लीगल कॉस्ट) देने का आदेश सुनाया।

शिकायतकर्ता संजय कुमार ने 23 सितंबर 2024 को टाटानगर से संबलपुर जाने के लिए इस्पात एक्सप्रेस में दो स्लीपर क्लास टिकट बुक किए थे। ट्रेन के निर्धारित समय के अनुसार इसे सुबह 10.18 बजे टाटानगर से छूटकर दोपहर 3.50 बजे संबलपुर पहुंचना था। हालांकि, ट्रेन अपने निर्धारित समय से काफी लेट चली और कुल 528 मिनट (8 घंटे 48 मिनट) की देरी से संबलपुर पहुंची। इससे हुई भारी परेशानी के कारण यात्री ने 4.5 लाख के मुआवजे का दावा करते हुए उपभोक्ता आयोग का रुख किया था। सुनवाई के दौरान रेलवे ने शिकायत का विरोध किया और आयोग के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाया। रेलवे ने तर्क दिया कि यह मामला रेलवे दावा अधिकरण के तहत आता है। इसके साथ ही रेलवे का कहना था कि आईआरसीटीसी और खड़गपुर डिवीजन को पक्षकार नहीं बनाया गया और यात्री ने वित्तीय नुकसान का कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया है। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए रेलवे की इन सभी दलीलों को खारिज कर दिया। आयोग ने स्पष्ट किया कि ट्रेनों में देरी से जुड़े मामलों में मुआवजे के लिए उपभोक्ता आयोग के पास सुनवाई का पूरा अधिकार है। कंज्यूमर कमीशन ने सुप्रीम कोर्ट की एक महत्वपूर्ण टिप्पणी का जिक्र किया, जिसमें कहा गया था कि "हर यात्री का समय कीमती है। जब तक रेलवे साक्ष्यों के जरिए यह साबित नहीं करता कि देरी उसके नियंत्रण से बाहर थी या इसके पीछे कोई उचित कारण था, तब तक उसे सेवा में कमी के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा।"

# ग्राहक सेवा केंद्र में लूट के दौरान मां-बेटों ने दो लुटेरों को पकड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। जिले के लेस्लीगंज के गोपालगंज में ग्राहक सेवा केंद्र में लूटपाट के दौरान मां और बेटों ने मिलकर दो लुटेरों को पकड़ लिया था। गिरफ्तार आरोपी पलामू में कई ग्राहक सेवा केंद्रों को निशाना बनाकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवन कुमार सिंह और रामबीर सिंह के रूप में हुई है। पवन तरहसी थाना क्षेत्र के पतीला, जबकि रामबीर तरहसी थाना क्षेत्र के भजनपुर गांव का रहने वाला है। दोनों को पुलिस ने मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पवन कुमार सिंह पांकी और मनातू क्षेत्र में भी ग्राहक सेवा केंद्रों को निशाना बना चुका है। जून में एक ही दिन पांकी और मनातू में दो ग्राहक सेवा केंद्रों में लूट की घटना हुई थी। पुलिस के अनुसार, दोनों घटनाओं में पवन कुमार सिंह के साथ सदर थाना क्षेत्र के जोरकट निवासी राजा सिंह भी शामिल था। बरामद हथियार के संबंध में पुलिस जांच कर रही है। आरोपियों ने हथियार बिहार से खरीदने की बात बताई है। लेस्लीगंज एसडीपीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि पूछताछ में कई जानकारियां मिली हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि हथियार को लेकर आरोपियों के बयानों का सत्यापन किया जा रहा है।

## एक नजर

### एससी/एसटी एक्ट का अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण

**रफीगंज**। प्रखंड के पौथू थाना कांड संख्या 114/24 में वांछित अभियुक्त अनिल यादव, पिता-महेन्द्र यादव, निवासी बिरूआ, थाना पौथू ने पुलिस की लगातार छापेमारी और दबिश के बाद न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के अनुसार, उक्त मामला बीएनएस एवं एससी/एसटी एक्ट से संबंधित है। अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। पुलिस की कार्रवाई के बढ़ते दबाव के बाद अभियुक्त ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। पौथू थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। पुलिस की लगातार कार्रवाई के कारण अभियुक्त ने अंततः न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई न्यायालय के निर्देशानुसार की जाएगी।

### शराब के साथ बाइक सवार दो गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 56 लीटर चुलाई शराब के साथ बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त की है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 5:15 बजे गश्ती के दौरान बस स्टैंड के पास सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध शराब लेकर बलिगांव की ओर से भोलाबिगहा की तरफ जा रहे हैं। वरीय पदाधिकारी को सूचना देने के बाद पुलिस टीम ने शौलोपुर के पास अशोक बिहार कॉलोनी स्थित श्रीरामधार पथ पर वाहन जांच शुरू की। करीब 5:40 बजे काले रंग की स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो व्यक्ति पहुंचे। पीछे बैठे व्यक्ति के पास हरे-पीले रंग का बोरा था। पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस बल ने दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान सात प्लास्टिक पन्नियों में करीब आठ-आठ लीटर चुलाई शराब बरामद की। कुल करीब 56 लीटर शराब जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संतोष कुमार (21 वर्ष), पिता अशोक चौधरी, बलिगांव तथा गणेश नोनिया (45 वर्ष), पिता स्व. शंकर नोनिया, बलिगांव, थाना रफीगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब परिवहन में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बीआर02बीपी2104 को भी जब्त किया है। बरामद शराब के संबंध में दोनों आरोपियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत संतोष कुमार और गणेश नोनिया के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया।

### शिक्षा सेवक रामानंद चौधरी के निधन पर शोकसभा आयोजित



**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के अमझरशरीफ पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय सैदपुर में कार्यरत शिक्षा सेवक रामानंद चौधरी के आकस्मिक निधन पर मंगलवार को शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकज कर्मियों ने शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शिक्षा सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र राजवंशी और सचिव ललन चौधरी ने कहा कि शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकज कर्मियों को करीब पांच माह से मानदेय नहीं मिला है। इसके कारण कर्मियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने दावा किया कि लगातार आर्थिक परेशानी और मानसिक तनाव के बीच रामानंद चौधरी का निधन हुआ। हालांकि, उनके निधन के कारण की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। संघ पदाधिकारियों ने सरकार से लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने तथा विभागीय प्रावधान के अनुसार मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग की। शोकसभा में मनोज निश्चल, रविशेखर कुमार, धर्मेंद्र चौधरी, संजय चौधरी, नवलेश चौधरी, रामकेवल रजक, उषा कुमारी, आशा कुमारी, रिंकी कुमारी, वीणा कुमारी और नगीना कुमारी समेत बड़ी संख्या में शिक्षा सेवक, तालिमी मरकज कर्मी एवं बीआरसी भवन के अनुदेशक शामिल हुए।

# नालंदा कॉलेज में 28-29 सितंबर को साहित्य, समाज और तकनीकी नवाचारों पर सेमिनार

**देश-विदेश के विद्वान करेंगे विचार-विमर्श**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नालंदा**। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की 156 वर्षीय ऐतिहासिक अंगीभूत इकाई नालंदा कॉलेज में " साहित्य, समाज और तकनीकी नवाचार " विषयक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 28 एवं 29 सितंबर, 2026 को किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) सुनीता सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि सेमिनार में साहित्य, समाज और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न समकालीन मुद्दों पर देश-विदेश के शिक्षाविद, शोधार्थी, साहित्यकार एवं विशेषज्ञ विचार-विमर्श करेंगे। इसका उद्घाटन पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद



सिंह करेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर एन के अग्रवाल होंगे। प्रो. श्रीमती सुनीता सिन्हा ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य साहित्य और समाज में हो रहे परिवर्तनों को तकनीकी नवाचारों के संदर्भ में समझना तथा इन तीनों क्षेत्रों के बीच विकसित हो रहे नए संबंधों पर अकादमिक विमर्श को आगे बढ़ाना है। नालंदा कॉलेज एवं रिसर्च कल्चरल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस सेमिनार में शोधार्थी साहित्य, समाज और तकनीकी नवाचारों से संबंधित विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। सेमिनार में प्रतिनिधियों की भागीदारी लिए विद्यार्थियों के लिए 300 रुपये, शोधार्थियों के लिए 500 रुपये, शिक्षाविदों के लिए 1000 रुपये तथा इंडस्ट्री डेलीगेट के लिए 2000 रुपये पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सेमिनार में भाग लेने अथवा शोधपत्र प्रस्तुत करने के इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित ऑनलाइन पंजीकरण लिंक https://forms.gle/aqd1b2SxyK2avnYk82 या https://forms.gle/pLLLAAmoR5w6ZKGE7 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# ऑपरेशन स्टार्क के तहत शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज**। ऑपरेशन स्टार्क के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रफीगंज ने 22.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। कार्रवाई 20 सितंबर 2026 को वरीय अधिकारियों के निर्देश पर की गई। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज के प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर गुरारू स्टेशन पर कैंपिंग ड्यूटी में तैनात आरक्षी संजय कुमार एवं आरक्षी नरेंद्र कुमार प्लेटफार्म संख्या-1 के नई दिल्ली छोर पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान पीपल वृक्ष के पास निर्माणाधीन शौचालय के सामने एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मिला। उसके पास एक पिट्ठू बैग और दो झोले थे। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर उपनिरीक्षक मोनिका कुमारी एवं आरक्षी अनिल कुमार 10.15 बजे गुरारू स्टेशन पहुंचे। तलाशी के दौरान 30 बोतल में कुल 22.5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। शराब हरियाणा निर्मित थी और बोतलों




पर 'सेल फॉर हरियाणा ओनली' अंकित था। शराब की अनुमानित कीमत 31 हजार रुपये आंकी गई। पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम विक्रम कुमार (25), पिता उमेश प्रसाद यादव, निवासी इमामपुर टोला बेलहटी, थाना नीमचक बथानी, जिला गया (बिहार) बताया। बरामद शराब और विक्रम कुमार को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी गया को सुपुर्द कर दिया गया।

# फाइलेरिया की जांच शुरू, मुखिया ने रक्त नमूना देकर किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। फाइलेरिया उन्मूलन की मुहिम के तहत कुटुम्बा प्रखंड में प्री-ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे के अंतर्गत रात्रि रक्त संग्रह अभियान शुरू किया गया। परता पंचायत के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देऊरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य टीम ने देर रात तक घर-घर पहुंचकर लक्षित लोगों के रक्त नमूने लिए। परता में मुखिया श्याम बिहारी पासवान ने स्वयं रक्त नमूना देकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने ग्रामीणों से बिना किसी भ्रम के जांच कराने की अपील की। वहीं देऊरा में जिला वैक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार और पिरामल फाउंडेशन के रीजनल मैनेजर सुमित कुमार ने अभियान का शुभारंभ कराया। डीवीडीसीओ डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि फाइलेरिया




के माइक्रोफाइलेरिया परजीवी रात के समय रक्त की परिधीय नलिकाओं में अधिक सक्रिय पाए जाते हैं। इसी कारण रात में रक्त नमूना लेना जांच के लिए जरूरी है। सर्वे से क्षेत्र में फाइलेरिया संक्रमण की स्थिति और संक्रमण चक्र को रोकने में हुई प्रगति का आकलन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्था ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा सर्वे टीम को सहयोग करने की अपील की। जांच निःशुल्क है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत रक्त नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान में पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर अनिल कुमार सिंह, प्रोग्राम लीड विजय कुमार, रक्तदाता प्रेरक रकता मिश्रा, बीसीएम अक्षय पासवान, लैब टेक्नीशियन अमर कुमार, सहायक कर्मी चन्द्रशेखर आजाद, आशा कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल रहे।

# मील का पत्थर साबित हो रहा है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस योजना ने देश की बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच पैदा की है और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आज औरंगाबाद की बेटियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी मेहनत तथा बुद्धिमत्ता से इतिहास रच रही हैं। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर औरंगाबाद की छात्रा दीक्षा कुमारी एवं वैष्णवी ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना ने आज बेटियों का जीवन बदल बदल रहा है। "आज विद्यालयों में बेटियों के नामांकन दर में बढ़ोतरी और लिंग अनुपात में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका



निभाकर देश का मान बढ़ा रही हैं। योजना से समाज की सोच में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव लाया है। आज सभी माता-पिता अपने बेटियों को शिक्षा के लिए आगे आ रहे है। इस योजना ने बेटियों के प्रति सदियों पुरानी रूढ़िवादी सोच को बदला है। आज बेटियां परिवार पर बोझ नहीं, बल्कि समाज और देश के विकास का एक मजबूत स्तंभ मानी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल सरकारी फाइलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि जन-भागीदारी से एक परिवर्तनकारी आंदोलन बन गई है।

# जमुई की घटना पर उबले कांग्रेसी, अंबा चौक पर सरकार का फूंका पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। जमुई में नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ कथित मारपीट, बदसलूकी और छेड़खानी की घटना के विरोध में मंगलवार को कुटुंबा प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने अंबा में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। धरना को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि 19 सितंबर की घटना ने बिहार को शर्मसार किया है। सड़क पर नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ हुई कथित बर्बरता और निजता के उल्लंघन से अपराधियों के बढ़ते मनोबल का पता चलता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के निर्देश पर प्रदेशभर में घटना के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने घटना में गिरफ्तार तीन आरोपियों के अलावा फरार बताए जा रहे अन्य आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही सभी दोषियों पर पॉक्सो एक्ट और बीएनएस की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई तथा मामले का स्पीडी ट्रायल कराने की मांग उठाई। प्रदर्शन में मोहम्मद जीशान, रविकांत, आनंद कुमार पाल, जीतबहन राम, नीरज कुमार, किशोर कुमार, चंदन रविदास, सदय यादव, श्रीराम कुमार, मोहित कुमार, रोहित कुमार, शक्ति कुमार और मोहम्मद फैसल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग शामिल हुए।

# मजार से लेकर सूर्य मंदिर तक चला स्वच्छता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को रफीगंज प्रखंड क्षेत्र में विशेष संयुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।ग्राम पंचायत लोहरा में मजार परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की सामूहिक रूप से सफाई की गई। वहीं भेटनियां पंचायत के मंझौली स्थित सार्वजनिक स्थल सूर्य मंदिर परिसर में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। टीम ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर लोगों से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की अपील की। इसके अलावा ग्राम पंचायत अरथुआ के बसर बिगहा मस्जिद चौक के पास, कोटवारा पंचायत के स्वास्थ्य केंद्र के आसपास, भदुकी कला पंचायत में अकौनी दुर्गा मंदिर के आसपास तथा पोगर पंचायत के बाजार क्षेत्र में भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एवं समन्वय प्रखंड स्वच्छता टीम द्वारा किया गया। स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने ग्रामीणों से कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने और निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दैनिक जिम्मेदारी बनाना चाहिए। सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान में स्वच्छता पर्यवेक्षक मोहम्मद नौशाद आलम, अनिल कुमार, संजू यादव, नारायण कुमार, मोहम्मद मूसा, संतु कुमार, बीना कुमारी, रणधीर कुमार, मदन कुमार, मोहम्मद मेराज, रामकुमार यादव, अरविंद कुमार एवं रामेश्वर चौधरी समेत स्वच्छता कर्मियों ने भाग लिया। पंचायत स्तर पर स्वच्छता कर्मियों, डब्ल्यूपीयू कर्मियों एवं ई-रिक्शा चालकों ने भी अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

# परीक्षा देने जा रही दो बहनों पर ब्लेड से हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के बरूराज थाना क्षेत्र में परीक्षा देने जा रही इंटर की दो नाबालिग छात्रा बहनों पर बाइक सवार एक युवक ने ब्लेड से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में दोनों छात्राएं घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस फिलहाल हमलावर की पहचान और हमले के कारणों की जांच कर रही है। मामले में एसडीपीओ वेस्ट-2 सुचित्रा कुमारी ने भी छात्राओं के घर पहुंचकर जानकारी ली।

पीड़ित छात्राओं के अनुसार, दोनों बहनें परीक्षा देने के लिए रामपुरवा स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय जा रही थीं। घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर मोतीपुर प्रखंड के कमालपुर गांव में एक सुनसान जगह पुलिया के पास बाइक सवार युवक उनके सामने आया। छात्राओं का आरोप है कि युवक ने बाइक रोककर ब्लेड निकाला और उन पर हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

छात्राओं ने बताया कि हमले में एक बहन के हाथ में चोट लगी है, जबकि दूसरी के हाथ और कंधे पर ब्लेड से वार किया गया। दोनों पट्टीदारी की बहनें हैं और साथ में परीक्षा देने जा रही थीं। हमले के बाद उन्होंने परिजनों और पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। एसडीपीओ वेस्ट-2 सुचित्रा कुमारी ने बताया कि स्कूल जा रही दो छात्राओं पर ब्लेड से हमला किए जाने की सूचना मिली है। छात्राओं के अनुसार एक बाइक पर सवार युवक आया और हमला करने के बाद फरार हो गया। पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे सोनू सूद

## लोगों ने उनसे खुलकर साझा की अपनी परेशानियां ☐ प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री भी बांटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद मंगलवार को बाढ़ प्रभावित बेगूसराय पहुंचे। उनका यह दौरा किसी फिल्म की शूटिंग के लिए नहीं, बल्कि बाढ़ के पानी से घिरे उन परिवारों से मिलने के लिए था, जो इन दिनों मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं। सोनू सूद अपनी टीम के साथ सीधे प्रभावित इलाकों में पहुंचे और लोगों से बातचीत कर उनकी परेशानियां और जरूरतें जानीं। इस दौरान उनकी टीम ने जरूरतमंद परिवारों के बीच राहत सामग्री भी वितरित की।

सोनू सूद ने अपने दौरे की शुरूआत रामदीरी से की। यहां उन्होंने बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित लोगों से सीधा संवाद किया। स्थानीय लोगों ने उन्हें बाढ़ के कारण हो रही दिक्कतों और अपनी जरूरतों के बारे में बताया। इसके बाद वह उन इलाकों की ओर रवाना हुए, जहां बाढ़ के पानी के कारण पहुंचना आसान नहीं है।

रामदीरी के बाद सोनू सूद अपनी टीम के साथ नाव पर सवार होकर सीहमा के पथला टोला पहुंचे। चारों ओर फैले बाढ़ के पानी के बीच नाव से सफर करते हुए वह पानी से घिरे परिवारों तक पहुंचे। पथला टोला में उन्होंने प्रभावित लोगों से आमने-सामने बातचीत कर उनकी स्थिति जानी। स्थानीय लोगों ने बाढ़ के कारण सामने आ रही परेशानियों और अपनी जरूरतों के बारे में उन्हें बताया। सोनू सूद ने उनकी बातें ध्यान से सुनीं और मौके की परिस्थितियों को करीब से देखा। उन्होंने यह समझने की कोशिश की कि बाढ़ के कारण लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में किन मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

सोनू सूद के दौरे के दौरान उनकी टीम ने जरूरतमंद परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण भी किया। बाढ़ के पानी से घिरे लोगों तक राहत सामग्री पहुंचने से स्थानीय परिवारों को तत्काल मदद मिली। सोनू सूद काफी देर तक प्रभावित लोगों के बीच रहे और उनसे सीधे बातचीत करते रहे। उन्होंने परिवारों की स्थिति और उनकी जरूरतों को समझने पर जोर दिया। उनका दौरा सिर्फ बाढ़ की स्थिति देखने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने प्रभावित लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं।

बाढ़ के मुश्किल हालात के बीच सोनू सूद को नाव से अपने बीच पहुंचा देखकर स्थानीय लोगों में उत्साह नजर आया। लोगों ने उनसे खुलकर अपनी परेशानियां साझा कीं और बाढ़ के कारण पैदा हुई समस्याओं की जानकारी दी। सोनू सूद का दौरा इसलिए भी खास रहा कि उन्होंने प्रभावित इलाकों को दूर से देखने के बजाय नाव के जरिए पानी से घिरे और दुर्गम इलाके तक पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

## इलाज कर रहे डाक्टर ने दी पुलिस को सूचना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने नामजद 50 वर्षीय आरोपी संजय यादव को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल की वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया, जिसने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं।

घटना सामने आने के बाद इलाके में नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, पुलिस का कहना है कि सूचना मिलते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार, 21 सितंबर को परिजन किशोरी को इलाज के लिए साहेबपुरकमाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। वहां चिकित्सक को मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और किशोरी से आवश्यक जानकारी ली। इसके बाद किशोरी के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# जमुई घटना के विरोध में कांग्रेस का धरना

## आरोपितों को मिले कड़ी सजा : रजनीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** जमुई घटना के विरोध में आज गया में गांधी मैदान गेट नंबर-07 के समीप कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार ने की।

धरना-प्रदर्शन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के डॉ. शशि शेखर सिंह, प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, रंजीत कश्यप, राम प्रमोद सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, धर्मेंद्र कुमार निराला, नवाब अली, मदन सिंह, उदय शंकर पालित, सुनील कुमार पासवान, समी अहमद, मोहम्मद ताज उद्दीन, शंभू शरण सिंह, प्रदीप शर्मा, रंजीत सिंह, ज्ञानेन्द्र शिशु, धीरज कुमार वर्मा, इंदल पासवान, राज कपूर गुप्ता, अंशु सिन्हा, राहुल रंजन, राजेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, अनिल पासवान, ओंकार शक्ति, अर्जुन गुप्ता, मुन्ना मांझी, कौशल श्रीवास्तव, शिवनाथ प्रसाद, रौशन कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहे।

धरना को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वायरल वीडियो में नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ जिस प्रकार का कथित दुर्व्यवहार दिखाई दे रहा है, वह अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है।

इस घटना से बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार से सवाल किया कि यदि शाम के समय सड़क पर एक नाबालिग छात्रा सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? नेताओं ने मांग की कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे सभी संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

कांग्रेस नेताओं ने राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार के पूर्व दावों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बिहार की बेटियां और बच्चे दिन हो या रात, बिना भय के सार्वजनिक स्थानों पर आ-जा सकें। उन्होंने सरकार से इस मामले में जवाबदेही तय करने और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

## फंदे से लटकी मिली महिला की लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के धनगाई थाना क्षेत्र के बसौना गांव स्थित एक घर के छत की कुंडी से लटका एक महिला का शव बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, मृतका 28 वर्षीय खैरुन निशां धनगाई थाना क्षेत्र के बसौना गांव निवासी नेजाम अंसारी की पत्नी थी।

मृतका के भाई महबूब अली ने उसके पति, देवर समेत ससुराल के चार सदस्यों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पति के अवैध संबंध का विरोध करने के कारण उसकी हत्या की गई है।

इस संबंध में धनगाई थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति नेजाम अंसारी एवं उसकी सास को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पति ने बताया कि मृतका मोबाइल फोन की मांग कर रही थी। उसने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए बाद में मोबाइल दिलाने की बात कही थी।

# जमुई घटना के मुख्य आरोपित का हाफ एनकाउंटर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** नाबालिग छात्र-छात्रा से कथित अभद्र व्यवहार और छेड़खानी के मामले में पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई तेज कर दी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ होने की बात सामने आई है। इस दौरान मुख्य आरोपी बताए जा रहे नंदन यादव के बाएं पैर में गोली लगने की जानकारी मिली है। घायल आरोपी को इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिलाधिकारी नवीन कुमार भी अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली।

बताया जा रहा है कि पुलिस और आरोपियों के बीच यह मुठभेड़ जमुई-लखीसराय सीमा पर कुंदर के पास हुई। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वहां छापेमारी करने पहुंची थी। इसी दौरान आरोपियों की ओर से पुलिस पर गोलीबारी किए जाने की बात सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में नंदन यादव के पैर में गोली लगने की जानकारी है। गोली लगने के बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल पहुंचाया। जिलाधिकारी नवीन कुमार ने भी अस्पताल पहुंचकर घायल आरोपी का हाल जाना और अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

पुलिस कार्रवाई के दौरान हरेराम यादव के भी गोली लगने की बात सामने आ रही है। हालांकि, इस संबंध में अधिकारियों की ओर से अभी तक स्पष्ट जानकारी या आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और मुठभेड़ के दौरान हुई गोलीबारी समेत अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस घटना से जुड़े लोगों की भूमिका की जांच करने के साथ उनके ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

दरअसल, जमुई में नाबालिग छात्रा से कथित छेड़खानी और अभद्र व्यवहार का वीडियो सोमवार को सामने आने के बाद मामला सुर्खियों में आया था। वीडियो वायरल होने के बाद घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा गया। इसके बाद राजनीतिक स्तर पर भी मामले को लेकर बयान सामने आए। कांग्रेस और राजद ने इस मुद्दे को लेकर सरकार पर सवाल उठाए थे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की थी।

# रंगदारी की मांग वाली चिट्ठियों से लोगों में दहशत

## पत्र प्रेषक खुद को बता रहे बिश्नोई गैंग का सदस्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले में अपराधियों ने अब खौफ फैलाने के लिए डाक को हथियार बना लिया है। दो अलग-अलग लोगों को धमकी भरे पत्र भेजकर कुल 40 लाख रुपये की रंगदारी मांगे जाने से सनसनी फैल गई है। एक पत्र सूर्य वर्चस स्कूल के निदेशक मनीष कुमार के नाम है, जिनसे 15 लाख रुपये मांगे गए हैं।

मनीष कुमार देश की प्रमुख दवा कंपनी अरिस्टो फार्मा के प्रबंध निदेशक उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू के दामाद बताए जाते हैं। वहीं, स्कूल भवन के मालिक सह व्यवसायी प्रवीण कुमार शर्मा को भेजे गए पत्र में 25 लाख रुपये की मांग की गई है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पत्र भेजने वालों ने खुद को टीपीसी बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया है। धमकी भरे पत्र में रकम का इंतजाम होने के बाद स्कूल की छत पर लाल झंडा लगाने का फरमान सुनाया गया है।

पत्र के मुताबिक, झंडा लगने के बाद गिरोह का सदस्य वहां पहुंचकर रंगदारी की रकम लेगा। रकम नहीं देने पर जान-माल के नुकसान से लेकर हत्या तक की धमकी दी गई है। शहर के मलहचक कुटिया स्थित लोक नगर शाखा के पते पर मनीष कुमार को 21 सितंबर को डाक के जरिए धमकी भरा पत्र मिला। दूसरी ओर, ओइना गांव निवासी व्यवसायी प्रवीण कुमार शर्मा को भी इसी तरीके से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाला पत्र भेजा गया। प्रारंभिक जांच में दोनों पत्रों के डाक टिकट, लिफाफे, लिखावट और धमकी देने का प्रारूप एक जैसा पाया गया है।

दोनों पत्रों में प्रेषक के तौर पर बभना निवासी सहदेव सिंह का नाम दर्ज है। हालांकि, पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि पत्र वास्तव में किसने भेजे और नामजद व्यक्ति की इसमें कोई भूमिका है या नहीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी कोटा किरण कुमार खुद जांच की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने धमकी भरे पत्र और लिफाफे को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संबंधित डाकघर के कर्मचारियों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की जा रही है।

पुलिस इस अहम पहलू की भी पड़ताल कर रही है कि धमकी के पीछे वास्तव में कोई संगठित गिरोह है या फिर स्थानीय अपराधियों ने किसी बड़े गैंग के नाम का इस्तेमाल कर रंगदारी वसूलने और इलाके में दहशत फैलाने की साजिश रची है।

अब जांच की दिशा इस बात पर टिकी है कि डाक से पहुंची धमकी के पीछे छिपे चेहरे आखिर कौन हैं।

# ओवरलोड नावों पर सरकार की टेढ़ी नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के बाद पीपा पुल खोल दिए जाने और सिक्सलेन पुल के एप्रोच रोड पर पानी आ जाने से राघोपुर प्रखंड के लोगों के लिए आवागमन का एकमात्र साधन नाव ही रह गया है। नाव पर क्षमता से अधिक सवारी और अवैध परिचालन के कारण किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अनुमंडल कार्यालय, हाजीपुर ने बिदुपुर-राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के छह घाटों पर तीन पालियों में दंडाधिकारी, निरीक्षी पदाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की है। प्रशासन के आदेश के अनुसार यह व्यवस्था 19 सितंबर से अगले आदेश तक लागू रहेगी।

प्रथम पाली सुबह छह बजे से 10 बजे तक, द्वितीय पाली सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक और तृतीय पाली दोपहर दो बजे से सूर्यास्त तक होगी। कच्ची दरगाह घाट (पटना की तरफ), रुस्तमपुर घाट, जेठूली घाट, चेचर घाट, जमींदारी घाट और खालसा घाट पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी, राघोपुर को रुस्तमपुर घाट तथा राजस्व पदाधिकारी, राघोपुर राजीव रंजन चौधरी को कच्ची दरगाह घाट (पटना की तरफ) और जेठूली घाट का निरीक्षी वरीय दंडाधिकारी बनाया गया है।

वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिदुपुर को चेचर घाट और खालसा घाट तथा अंचल अधिकारी, बिदुपुर करिश्मा कुमारी को जमींदारी घाट का निरीक्षी वरीय दंडाधिकारी बनाया गया है।

रुस्तमपुर थानाध्यक्ष को कच्ची दरगाह घाट, जेठूली घाट और रुस्तमपुर घाट पर भ्रमणशील रहकर नावों के परिचालन की निगरानी का निर्देश दिया गया है।

## 308 चक्के वाला ट्रक बना कौतूहल का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कैमूर।** बिहार के कुदरा में सोमवार को सड़क पर ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। 308 पहियों वाले विशालकाय ट्रक पर लदी करीब 200 टन की मशीनरी को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की भीड़ जमा हो गई। महाकाय ट्रक और उस पर लदा भारी-भरकम मशीनरी पार्ट लोगों के लिए कौतूहल का केंद्र बना रहा।

मिली जानकारी के अनुसार यह विशाल मशीनरी पार्ट यूरोपीय देश बेल्जियम से आया है। समुद्री रास्ते से खेप ओडिशा पहुंची, जिसके बाद इसे सड़क मार्ग से उत्तर प्रदेश के बलरामपुर स्थित एक चीनी मिल तक पहुंचाया जा रहा है। मशीनरी के विशाल आकार को देखते हुए इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

कुदरा में विशाल ट्रक को रेल ओवरब्रिज के नीचे से पार कराने के दौरान परेशानी खड़ी हो गई। मशीनरी पार्ट की ऊंचाई और पूरे वाहन के आकार के कारण यहां काफी सावधानी बरतनी पड़ी।

# सड़क हादसे में रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष की मौत, जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत किचटो पंचायत के चिरैयाटांड़ में भीषण सड़क हादसे में रैयत विस्थापित मोर्चा के पिपरवार अध्यक्ष और सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी रामचंद्र उरांव (75) की मौत हो गई। दुर्घटना पिपरवार-टंडवा मुख्य ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर हुई, जहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों को ड्यूटी पर ले जा रही एक निजी शिफ्ट बस और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार रामचंद्र उरांव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया।

दुर्घटना सोमवार रात पिपरवार-टंडवा मुख्य सड़क पर चिरैयाटांड़ में हुई। सीआईएसएफ जवानों को लेकर जा रही निजी शिफ्ट बस अपनी दिशा में जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही कार से उसकी जोरदार आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार 75 वर्षीय रामचंद्र उरांव ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। रामचंद्र उरांव क्षेत्र में रैयत-विस्थापितों के अधिकारों की आवाज उठाने वाले प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता थे। वह रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष होने के साथ-साथ कारो महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे।

हादसे से पहले रामचंद्र उरांव कारो महाविद्यालय में आयोजित करम पूर्व संध्या समारोह में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद वेअपनी कार से कारो से पिपरवार की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान ये हादसा हो गया।

# सीएसपी लूट के दौरान फायरिंग, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के गोपालगंज स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के रोहित सीएसपी में लूट के दौरान ग्रामीणों और सीएसपी संचालक ने दो अपराधियों को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर उनके पास से देशी पिस्टल, पांच जिंदा गोली, एक खोखा, लूटे गए 7,100 रुपये, मोबाइल, बैग और पल्सर मोटर साइकिल बरामद की। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान तरहसी थाना क्षेत्र के पतीला निवासी पवन कुमार सिंह (21) और बजलपुर निवासी रामबीर सिंह (20) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बरामद पल्सर बाइक सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल से लूटी गई थी। अपराध के दौरान चेहरा छिपाने में प्रयुक्त तौलिया और गमछी भी बरामद हुए। पूछताछ में पवन ने करीब दो माह पूर्व पांकी के तेतराई और मनातू के सेमरी मोड़ स्थित सीएसपी में भी पिस्टल के बल पर लूट करने की बात स्वीकार की है। पुलिस इन घटनाओं की भी जांच कर रही है। मामले में लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 135/2026 के तहत बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पवन का पूर्व में भी तीन मामलों में आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है।

# ब्रह्मपुत्र मेल से करोड़ों मूल्य का सोना बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआइ) की पटना क्षेत्रीय इकाई ने पटना जंक्शन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.712 किलोग्राम विदेशी मूल का सोना जब्त किया है। बरामद सोने की अनुमानित कीमत करीब 2.707 करोड़ रुपये बताई गई है।

खास बात यह रही कि सोने को आरोपित ने दोनों पैरों में बंधे कपड़े के नी-कैप के भीतर छिपा रखा था। डीआरआइ ने सोने की तस्करी और अवैध परिवहन के आरोप में एक व्यक्ति को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के संबंधित प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है।

डीआरआइ को सूचना मिली थी कि कूचबिहार से नई दिल्ली जा रही ट्रेन संख्या 15658 ब्रह्मपुत्र मेल में एक पुरुष यात्री विदेशी मूल का सोना लेकर सफर कर रहा है।

सूचना के आधार पर पटना क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने ट्रेन के पटना पहुंचने पर कार्रवाई शुरू की। अधिकारियों ने ट्रेन की अत्यधिक भीड़भाड़ वाली 10 जनरल बोगियों में गहन तलाशी ली।

तलाशी के दौरान संदिग्ध यात्री की पहचान की गई और उसे पटना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतारा गया। इसके बाद उसकी व्यक्तिगत तलाशी ली गई।



व्यक्तिगत तलाशी के दौरान डीआरआइ अधिकारियों को यात्री के दोनों पैरों में बंधे कपड़े के नी-कैप के भीतर सोना छिपा मिला। वहां से विदेशी मूल के 15 सोने के बिस्कुट और चार छोटे कटे हुए टुकड़े बरामद किए गए।

## सिरकटी लाश मिलने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले के परसबिगहा व भेलावर थाना क्षेत्र की सीमा पर नौरु गांव के समीप मंगलवार की सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक का सिर धड़ से अलग था और उसकी स्कूटी रेलवे ट्रैक के किनारे गिरी पड़ी थी।



युवक की पहचान शहर के लाल मंदिर निवासी विजय सिंह के 35 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार के रूप में की गई, जो मुजफ्फरपुर जिले में बजाज फाइनेंस कंपनी के मैनेजर पद पर कार्यरत थे। सोमवार की शाम वह मुजफ्फरपुर से जहानाबाद पहुंचे थे।

शाम 7:30 बजे दोस्तों से मिलने की बात कहकर घर से निकले थे, करीब आधे घंटे बाद जब स्वजन ने फोन किया तो उनका मोबाइल बंद मिला, जिसके बाद अनहोनी की आशंका पर परिवार के सदस्य खोजबीन में जुटे थे। मंगलवार की सुबह शव बरामद हुआ। स्वजन ने युवक की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंके जाने की आशंका जताई है। स्वजन की इस आशंका पर पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल से बरामद उसके मोबाइल में कोई सिम नहीं पाया गया है। पुलिस उसका मोबाइल खंगाल कर घटना का सच जानने में जुट गई है।

# इलाके का कुख्यात चढ़ा पुलिस के हत्थे

## दो माह पहले अस्पताल से हुआ था फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी के सदर अस्पताल परिसर स्थित कैदी वार्ड से पुलिस अभिरक्षा को धता बताकर फरार कुख्यात फेकन कुमार को एसटीएफ और बिहार पुलिस की एक विशेष टीम ने सोमवार की मध्य रात करीब दो माह बाद गिरफ्तार कर लिया।टीम ने उसे गाढ़ा थाना क्षेत्र के गाढ़ा गांव में छापेमारी कर दबोचा है। परसौनी थाना क्षेत्र के सुंदरगामा निवासी फेकन कुमार फरारी के बाद से लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। उसकी गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

फेकन कुमार 28 जुलाई को सदर अस्पताल के कैदी वार्ड से फरार हो गया था। वह पुलिस से मुठभेड़ के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस अभिरक्षा में रहने के दौरान उसने शौचालय का वेंटिलेटर तोड़ दिया और उसी रास्ते से निकलकर फरार हो गया। उस समय उसकी सुरक्षा में एक हवलदार, दो गृहरक्षक और दो सैप जवान तैनात थे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बावजूद फेकन के फरार होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था।

पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में हवलदार संतोष प्रसाद समेत पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराकर फेकन की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों द्वारा लगातार छापेमारी कराई जा रही थी, लेकिन पुलिस उसे दोबारा पकड़ने में कामयाब नहीं हो पाई। आखिरकार एसटीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर गाढ़ा में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# प्रवासी बिहारियों से बोले डॉ. प्रेम कुमार-बिहार की विकास यात्रा में बनें भागीदार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ऑस्ट्रेलिया प्रवास के दौरान बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रवासी भारतीयों, विशेषकर बिहार से जुड़े प्रबुद्धजनों, उद्यमियों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों से संवाद किया। उन्होंने प्रवासी बिहारियों से बिहार की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया।डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जन्मभूमि से हजारों किलोमीटर दूर रहने के बावजूद प्रवासी बिहारियों का अपनी जड़ों, संस्कृति और माटी से जुड़ाव प्रगाढ़ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी दिशा में बिहार भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में औद्योगिक विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्रों में नए अवसर सृजित करते हुए विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प बिहार के समग्र विकास के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से बिहार में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस तथा एसआईपीडीबी जैसी व्यवस्थाएं लागू हैं। बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2025 के तहत पूंजी निवेश, ब्याज अनुदान, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, रोजगार सृजन और भूमि आवंटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेशकों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार की औद्योगिक नीतियां पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं हैं। बिहार सेमीकंडक्टर नीति-2026 और बिहार बायोफ्यूल उत्पादन प्रोत्साहन नीति-2023 के माध्यम से सेमीकंडक्टर, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, बायोफ्यूल, वस्त्र, चमड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में रह रहे बिहार के तकनीकी विशेषज्ञ, आईटी पेशेवर, उद्यमी और वैज्ञानिक बिहार और वैश्विक बाजार के बीच महत्वपूर्ण सेतु बन सकते हैं। अपने अनुभव, तकनीकी विशेषज्ञता, प्रबंधन क्षमता और पूंजी के माध्यम से वे युवाओं के कौशल विकास, स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने, स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने में योगदान दे सकते हैं।उन्होंने प्रवासी बिहारियों से अपनी विशेषज्ञता, उद्यमशीलता और निवेश के माध्यम से बिहार की विकास यात्रा में सहभागी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छपरा से संबंधित काउंसल जनरल एस. जानकीरमण, ऑस्ट्रेलिया के सिटी ऑफ पैरामाटा के पूर्व मेयर एवं वर्तमान काउंसलर समीर पांडेय, अररिया जिले के मिर्दौल से संबंधित उद्यमी एवं समाजसेवी अमित कुमार दास, सीवान से संबंधित उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुष्कर तथा मिथिला से संबंधित लेखक एवं कवि शिशिरेंदु झा सहित बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव के लिए काम कर रही सरकार : मिथिलेश तिवारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि दुनिया बदल रही है मगर बिहार नयी तकनीक के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहा है। इस क्षेत्र में जी3 एवं एडुभारती जैसी संस्थाएं नयी क्रांति लाने का प्रयास कर रहा है। साथ ही सरकार भी इन संस्थाओं के साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए काम कर रही है। शिक्षा मंत्री मंगलवार को राजधानी के होटल ताज में एडुभारती वीआर बेस्ड लैब टेक्नोलॉजी का आधिकारिक शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा केवल किताबों और पारंपरिक क्लासरूम तक सीमित नहीं रह सकती। बच्चों को ऐसी शिक्षा देनी होगी जिसमें वे देखकर, समझकर और प्रयोग करके सीख सकें। उन्होंने कहा कि बिहार के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं है और जरूरत इस बात की है कि उन्हें आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संसाधनों और नये अवसरों को जोड़ा जाएगा। मंत्री ने कहा कि बिहार ज्ञान की भूमि रहा है यहां विक्रमशिला और नालंदा जसे विश्वविद्यालय विश्व को ज्ञान देता रहा है साथ ही यह भूमि बुद्ध, महावीर एवं गुरुगोविंद सिंह की ज्ञान स्थली रहा है।

# पीएचडी करने वाली बेटियों को हर महीने 10 हजार देगी बिहार सरकार, 1 हजार छात्राओं को मिलेगा लाभ

## उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने लिया निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार ने उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में छात्राओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सरकार ने मुख्यमंत्री बालिका पीएचडी फेलोशिप योजना के तहत शोध करने की इच्छुक छात्राओं को आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। योजना के अंतर्गत राज्य की 1 हजार छात्राओं को प्रतिमाह 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक कारणों से शोध और उच्च शिक्षा से वंचित रह जाने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें पीएचडी जैसी उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। सरकार का मानना है कि शोध के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से राज्य में उच्च शिक्षा और अकादमिक शोध को भी मजबूती मिलेगी।

**चार वर्षों तक मिलेगी प्रोत्साहन राशि**

मुख्यमंत्री बालिका पीएचडी फेलोशिप योजना के तहत चयनित प्रत्येक छात्रा को चार वर्षों तक प्रतिमाह 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस प्रकार एक छात्रा को चार वर्षों में कुल 4 लाख 80 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। इस पहल से राज्य की अधिक से अधिक छात्राओं को उच्च शिक्षा जारी रखने और शोध के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। योजना के जरिए सरकार का लक्ष्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ शोध और उच्च शिक्षा में उनकी भागीदारी को बढ़ाना है।

# वार्षिक साख योजना का लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल करने पर जोर

## राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार की 98वीं त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार की 98वीं त्रैमासिक बैठक मंगलवार को होटल मौर्या, पटना में हुई। बैठक की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री (वित्त) बिजेंद्र प्रसाद यादव ने की। बैठक में सूचना, जनसंपर्क एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार तथा कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। दोनों मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित बैंकों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की और उनमें उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में बैंकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया और वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में राज्य में कार्यरत बैंकों द्वारा किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने 100 प्रतिशत वार्षिक साख योजना लक्ष्य हासिल करने, ऋण-जमा अनुपात बढ़ाने तथा राज्य के समुचित वित्तीय विकास पर जोर दिया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक साख योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक को विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह और वित्त विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने संबोधित किया। मिहिर कुमार सिंह ने राज्य में कम ऋण-जमा अनुपात और वार्षिक साख योजना के तहत अपेक्षाकृत कम उपलब्धि पर चिंता जताई। विनय कुमार ने वित्तीय वर्ष के बचे समय में वार्षिक साख योजना के निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करने तथा सरकारी योजनाओं के तहत ऋण प्रवाह बढ़ाने पर जोर दिया। भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरबिंद ने ग्राहक सेवा को प्राथमिकता देने और बैंकों में ग्राहक केंद्रित कार्यप्रणाली अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने ऋण आवेदनों के निपटारे में लगने वाले समय को कम करने पर जोर दिया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक का संचालन राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार के सहायक महाप्रबंधक कुमार रणजीत ने किया। अंत में भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक एवं संयोजक योगेन्द्र शेलके के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई। इसमें राज्य में कार्यरत सभी बैंकों तथा सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला प्रशासन और जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक भी जुड़े रहे।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल प्रशासन रेलकर्मियों के कल्याण एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने मुख्यालय, हाजीपुर में 2 रेलकर्मियों/उनके आश्रितों से मुलाकात की। इस दौरान रेलकर्मियों ने अपनी विभिन्न विभागीय समस्याओं एवं कठिनाइयों से महाप्रबंधक को अवगत कराया। महाप्रबंधक ने प्रत्येक रेलकर्मी एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुना और प्राप्त शिकायत के संबंध में अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों को प्राप्त मामलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतों का प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेलकर्मियों की समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# सौर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाना सरकार की उच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों की छत पर रूफटॉप सोलर लगाने वाले बिहार के 25 हजार लाभार्थियों को मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की गई। ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लाभार्थियों को राज्य वित्तीय सहायता का हस्तांतरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ किया तथा सौर ऊर्जा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नौ सोलर रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने सेवा सेतु कैंप का निरीक्षण किया। वित्तीय सहायता के हस्तांतरण के बाद उन्होंने विभिन्न जिलों के पीएम सूर्य घर योजना के लाभार्थियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान लाभार्थी समस्तीपुर से उमा कुमारी, सुपौल से कंचन पांडे, मुंगेर से अभिषेक कुमार एवं नालंदा से आशा देवी से मुख्यमंत्री ने संवाद कर उनके अनुभवों और रूफटॉप सोलर से मिलने वाले लाभों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना संचालित की जा रही है। बिहार में इस योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा भी अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। आज 25 हजार लाभार्थियों को राज्य वित्तीय सहायता का हस्तांतरण इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा आज समय की आवश्यकता है। बिहार में अधिक से अधिक परिवार अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर स्थापित करें और स्वच्छ ऊर्जा का लाभ उठाएं, इसके लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री सोलर प्रोत्साहन योजना के माध्यम से राज्य में सौर ऊर्जा के उपयोग को और व्यापक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए नौ सोलर रथों को रवाना किया गया है। ये सोलर रथ विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को रूफटॉप सोलर के लाभ, स्थापना प्रक्रिया और उपलब्ध वित्तीय सहायता की जानकारी देंगे। सौर ऊर्जा को जन-अभियान बनाने में पंचायतों, स्थानीय निकायों और जीविका दीदियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

# भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व सांसद आर के सिन्हा का धूमधाम से मना जन्मदिन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व सांसद आर के सिन्हा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में भंडारा का आयोजन कर हजारों की संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग एवं बच्चों को भोजन कराया गया। इसके अलावा पटना के कई इलाकों में भी उनके जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यकम का आयोजन कर उनके शीघ्र उत्तम स्वास्थ की कामना की। उक्त अवसर पर अभिषेक सिंह, राजीव रंजन श्रीवास्तव, बख्तियारपुर से सुधीर कुमार, पूर्व मुखिया कुर्जी सुधीर कुमार सिंह, वार्ड 20 के पार्षद पति अभिजीत कुमार, राजीव रंजन, राज्यवर्धन, प्रियरंजन, चंदन, संजय सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसानों तक उर्वरक की निर्बाध आपूर्ति में लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** किसानों को उर्वरक की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज कृषि निदेशक एवं उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कंपनियों द्वारा रिटेल पॉइंट तक उर्वरक की आपूर्ति, राज्य में उर्वरक की उपलब्धता तथा किसानों को समय पर और निर्धारित उचित मूल्य पर उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध कराने की स्थिति की समीक्षा की गई। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उर्वरक की आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी स्तर पर व्यवधान के कारण किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने में कंपनियों, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार नियमानुसार कार्य करने वाले विक्रेताओं एवं कंपनियों के हितों की भी रक्षा करेगी, लेकिन किसानों तक उर्वरक की निर्बाध आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# इएसआइसी बिहार की 79वीं क्षेत्रीय परिषद बैठक

## सामाजिक सुरक्षा संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन पर बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार के क्षेत्रीय परिषद की 79वीं बैठक श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री अरुण शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में ईएसआई योजना की मूल संकल्पना एवं समाज के श्रमिक वर्ग के लिए इसकी अपरिहार्य आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में श्रमिकों का पसीना लगा है। अतः उन्हें और उनके आश्रितों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा और सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। क्षेत्रीय परिषद के सदस्य सचिव सह क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने विगत 78वीं बैठक के मिनट्स तथा उस पर की गई कृत कार्रवाई प्रतिवेदन से सभी सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया। तत्पश्चात 79वीं बैठक की कार्यसूची प्रस्तुत की गई। बैठक में प्रमुखता से मुजफ्फरपुर, भागलपुर तथा बेगूसराय में स्वीकृत नए ईएसआईसी अस्पतालों के निर्माण हेतु भूमि आवंटन पर अधतन स्थिति, राज्य के सभी 38 जिलों में शाखा कार्यालय एवं शाखा कार्यालय एवं डीसीबीओ की स्थापना हेतु भूमि आवंटन के प्रयासों तथा क्षेत्रीय कार्यालय के लीज नवीनीकरण की मुद्दे पर चर्चा की गई।

# चिराग पर विवादित टिप्पणी पर सियासत तेज, कड़ी कार्रवाई हो : मांझी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार की राजनीतिक गलियारों में उस समय हलचल तेज हो गई जब राज्य ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के सदस्य डॉ. राजन सिंह का एक कथित वीडियो सामने आया। इस वीडियो में उन्होंने केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान को लेकर आपत्तिजनक और विवादित बयान दिया है। इस घटना के बाद से एनडीए खेमे में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इस पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री तथा हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए डॉ. राजन सिंह के बयान की पुरजोर निंदा की। मांझी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी केंद्रीय मंत्री या जनप्रतिनिधि के खिलाफ ऐसी अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन इस तरह की व्यक्तिगत और अपमानजनक टिप्पणियां कतई बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।

# राजगीर जू सफारी में जल्द दिखेगा गैंडा : मंत्री

## अगले दो महीने में तैयार होगा पुनर्वास कार्यक्रम, असम और पश्चिम बंगाल से गैंडा लाने की योजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में गैंडा संरक्षण को प्राकृतिक अधिवास तक विस्तार देने की तैयारी तेज हो गई है। वाल्मीकिनगर व्याघ्र आरक्ष (वीटीआर) में गैंडा संरक्षण की संभावनाओं के आकलन के बाद अब यहां गैंडा पुनर्वास एवं संरक्षण कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आगामी एक से दो महीने में इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर इसे लागू कर दिया जाएगा। इसके बाद असम और पश्चिम बंगाल से गैंडा लाकर वीटीआर में खास संरक्षित क्षेत्र बनाकर इसकी पहल शुरू कर दी जाएगी। वहीं राजगीर जू सफारी में भी गैंडा लाने और उसके संरक्षण की योजना तैयार की गई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने पटना जू में आयोजित विश्व गैंडा दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। मौके पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) अरविंद सिंह ने कहा कि नेपाल के चितवन नेशनल पार्क से पिछले तीन-चार वर्षों में दो गैंडे वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष में आकर रह रहे हैं। दोनों नर हैं। वीटीआर की भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक अधिवास और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए करीब दो वर्ष पहले गैंडा संरक्षण की संभावनाओं का आकलन कराया गया था। अध्ययन में यहां गैंडा संरक्षण की पर्याप्त संभावनाएं सामने आईं। इसी के आधार पर अब गैंडा पुनर्वास कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

# हाजीपुर में राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी वाक् प्रतियोगिता एवं काव्य संगोष्ठी का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति/हाजीपुर में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति/हाजीपुर के सभी 22 कार्यालयों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। प्रतिभागियों को अपनी इच्छानुसार प्रतियोगिता में किसी एक विषय पर बोलना था। हिंदी वाक् प्रतियोगिता हेतु 02 विषय पूर्व में ही निर्धारित किए गए थे। डिजिटल क्रांति के दौर में राजभाषा, पुस्तकें बनाम सोशल मीडिया। इस प्रतियोगिता के अवसर पर बोलते हुए उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी ने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा-2026 के अवसर पर नराकास/हाजीपुर द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार के निमित्त विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

# ईंट उद्योग की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर होगा समाधानः मंत्री

## कोयला आपूर्ति की बाधाएं दूर करने, कोटा बढ़ाने और कर भुगतान प्रक्रिया सरल बनाने पर हुई सकारात्मक चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्य में ईंट उद्योग के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर खान एवं भूतत्व विभाग ने ईंट निर्माताओं की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया है। खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि ईंट उद्योग से जुड़े लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग सकारात्मक और सहयोगात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करेगा। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा तथा उद्योग के संचालन में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। मंगलवार को सचिवालय स्थित कार्यालय में मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में बिहार ईंट निर्माता संघ के प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में ईंट उद्योग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से कोयले की उपलब्धता, कोयला कोटा बढ़ाने, कर भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा गंगा एवं उसकी सहायक नदियों से निकलने वाले गाद के उठाव में ईंट निर्माताओं को सुविधा उपलब्ध कराने के विषय पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि ईंट उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण क्षेत्र है और इससे बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। इसलिए विभाग उद्योग से जुड़े लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि गंगा एवं उसकी सहायक नदियों से निकलने वाले गाद के उठाव में भी ईंट निर्माताओं को आवश्यक सुविधा एवं सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, बुधवार 23 सितंबर, 2026

# संपादकीय

## 'फ्री रजिस्ट्री' पर ग्रहण?

मप्र की डॉ. मोहन यादव सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को गांवों में शुरू की गई महत्वाकांक्षी मालिकाना हक के लिए मुफ्त रजिस्ट्री योजना अपने आगाज के तीसरे दिन भी परवान नहीं चढ़ सकी है तो इसकी मुख्य वजह है जिन कर्मचारियों को यह काम करना है, उन्हें ही विश्वास में नहीं लिया। नतीजा यह है कि उप पंजीयक के अधिकार दिए जाने के बाद भी सम्बन्धित पटवारी, नायब तहसीलदार और तहसीलदार इस काम को हाथ लगाने को तैयार नहीं है। उन्हें डर है कि जरा सी गलती भी उन्हें कानूनी उलझन में फंसा सकती है। दूसरी तरफ सरकार इस अमले को अभी तक भरोसा नहीं दिला सकी है कि वो निश्चिंत होकर अपना काम करें और योजना को सफल बनाए। गौरतलब है कि मप्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति का मालिकाना हक देने के लिए स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना-2026 के तहत मुफ्त रजिस्ट्री का महाअभियान शुरू किया है। 17 सितंबर से शुरू हुआ यह अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत प्रदेश के 55 जिलों के 41 हजार 568 से अधिक गांवों में किए सर्वे के बाद लगभग 68.47 लाख प्लॉटों में से 50 लाख से ज्यादा संपत्तियों को कानूनी अधिकार पत्र दिलाना है। इस पर करीब 4 हजार करोड़ रू. खर्च होंगे। यह पैसा सरकार ही देगी। उल्लेखनीय है कि शहरों में तो अचल सम्पत्तियों की रजिस्ट्री होती है, लेकिन गांवों में यह सुविधा नहीं है। सम्पत्ति का मालिकाना हक नहीं होने से लोगों को अन्य दूसरी सुविधाएं जैसे कि बैंक लोन आदि नहीं मिल पाते। रजिस्ट्री होने के बाद यह सुविधा उन्हें भी मिल सकेगी। वैसे तो यह काम पंजीयकों का है, लेकिन इतने बड़े और इतनी कम अवधि में काम पूरा करने के लिए उसके पास स्टाफ बेहद कम है। पंजीयन विभाग के पास महज 233 ही उप पंजीयक हैं। इसलिए तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को उप पंजीयक के अधिकार अस्थायी रूप से दिए गए हैं। इसके लिए पटवारी को निष्पादन अधिकारी तथा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पीसीओ एवं एडीईओ को पंजीयन अधिकारी बनाया गया है। लेकिन राजस्व अमले में इस पूरी प्रक्रिया को लेकर गहरी शंकाएं हैं। मप्र पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल के अनुसार फ्री रजिस्ट्री योजना के तहत पटवारी को निष्पादक की भूमिका दी गई है। ये पटवारियों को नए कानूनी उलझन में फंसा सकती है। हालांकि राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि ये सरकार की योजना है और पटवारियों को किसी भी तरह की आशंका नहीं होनी चाहिए। हर विवाद को सुलझाने की ज़िम्मेवारी सरकार की है। लेकिन मंत्री की अपील का कोई असर होता दिख नहीं रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूछे जाने पर पटवारियों ने कहा कि रजिस्ट्री में उनके नाम की जगह शासन लिखा जाए। उधर तहसीलदार संघ का कहना है कि हमे पंजीयक की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन कोई गलती हुई तो इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है।

**किंतु कौन-सा बच्चा कितना भावुक है, कितना संवेदनशील है और उसे अपने घर को उस छोटी-सी अवस्था में छोड़ते समय सचमुच जिस संवेदनशीलता की किसी दूसरे से आवश्यकता होती होगी, क्या स्कूल वह उसे प्रदान कर सकता है? इन प्रश्नों का उत्तर कभी भी किसी के पास भी नहीं रहा है! क्योंकि स्कूल भी शिक्षा से ज्यादा उनके अपने ओनरों की कमाई के साधन है! क्योंकि धरती पर चल रहे अन्य व्यापारों की तरह शिक्षा भी एक व्यापार है!**

# याद रहे ! हर बच्चा टॉप नहीं हो सकता !

**राजीव थेपड़ा**

बच्चा अपने मां-बाप के साथ पी टी एम में अपने स्कूल गया हुआ था। जब उसकी बारी आई, तो क्लास टीचर की अनुमति के साथ अपने मां-बाप के साथ क्लास के अंदर गया। मां-बाप ने टीचर का अभिवादन किया। बच्चे को टीचर ने खड़ा रखा। उसने भी टीचर का अभिवादन किया। टीचर ने मां-बाप के हाथों में बच्चे का रिपोर्ट कार्ड सौंपा और उसे देखने को कहा। उसके बाद टीचर ने बच्चे के बारे में मां-बाप को बताना शुरू किया कि वैसे तो बच्चा बहुत होशियार है। किंतु क्लास में बहुत टॉकेटिव है। हर समय बात करता रहता है। इतना ज्यादा बात करता है कि कभी-कभी क्लास डिस्टर्ब हो जाती है।

यदि यह सही भी था तो यह भी सही ही होना चाहिए कि यदि जिन दूसरे बच्चों से वह बात कर रहा होगा, वे भी टॉकेटिव ही होंगे! तभी वह उनसे बात कर रहा होगा! खैर यह अलग बात है। उसके बाद मां-बाप बच्चे को लेकर घर आ गए। तकरीबन सभी विषयों में बच्चा लगभग अच्छे नंबर लाया था, जो उसके टॉकेटिव होने के अनुपात से बहुत अच्छे मार्क्स कहे जा सकते थे। किंतु एक विषय में उसके काफी कम नंबर थे। जिसने उसके मां-बाप को असहज कर दिया था और क्लास टीचर के सामने उनके अपने बच्चे के कारण उनकी इंसल्ट हो गई थी। यह इंसल्ट मेरे ख्याल से उन सभी मां-बापों के साथ होती है, जो बच्चों की क्लास टीचर के द्वारा बच्चों के बारे में इस तरह का उलाहना सुनते हैं।

और कई बार तो वे मां-बाप खुद भी अपने बच्चों की क्लास-टीचर से भी ज्यादा इंसल्ट कर देते हैं! क्लास-टीचर के सामने ही या क्लास के बाहर खड़े दूसरे इंतजार करते बच्चों और उनके मां-बापो के सामने ही !! और मजेदार बात यह है कि ऐसा करते समय उन्हें अपने बच्चों के भीतर चल रही भावनाओं का जरा भी भान नहीं होता! तनिक भी अस्वाभाविक नहीं लगता! क्योंकि वे बच्चों के (सो कॉल्ड) मां-बाप हैं!! अब मां-बाप ने शब्दों के द्वारा उसकी जो कुटाई शुरू की! उसके दूसरे बहन-भाइयों ने भी बहती गंगा में अपने हाथ धोते हुए अपने झुंझलाते हुए शब्दों के साथ उसकी जो मरम्मत की! बच्चा एकदम से सहम गया और अगले कई घंटे तक दूसरे कक्ष में जाकर पड़ा हुआ रोता रहा! लेकिन किसी ने उसकी सुध लेने की जरूरत ही ना समझी!!

तो यह है आज के घरों का वातावरण! जहां हम बच्चों के साथ जो व्यवहार कर रहे हैं, वह कहीं से भी बच्चों के स्वास्थ्यवर्धक मानसिक विकास के हिसाब से बिल्कुल भी उपयुक्त नहीं है! बल्कि वह इतना अधिक अनुपयुक्त है कि हम ऐसा करते हुए एक अच्छे परिणाम की अपेक्षा भी नहीं कर सकते! लेकिन इसका भी हमें नहीं पता! अपनी भयंकर उम्मीदों और अपेक्षाओं का बोझ बच्चों के कंधों पर लादकर हम उसे शिक्षा का विद्यार्थी नहीं, बल्कि शिक्षा का मजदूर बनाए दे रहे हैं! और शिक्षा जब बोझ लगने लगती है, तब कोई उसे नहीं पढ़ता और यह बात भी सदैव याद रखी जानी चाहिए।

एक बात तो गांठ बांधकर धर लीजिए कि बच्चे कभी भी पढ़ना नहीं चाहते। बच्चे केवल और केवल खेलना चाहते हैं। और हम उन्हें पढ़ाना चाहते हैं, उनके अच्छे भविष्य के लिए। किंतु बच्चों को नहीं पता होता कि उनका अच्छा भविष्य कैसा होता है! उन्हें खेलों में रुचि है और वह खेलना चाहते हैं। हमें उनके भविष्य में रुचि है। हम उन्हें बांधना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि वे अपने कक्ष में बंद होकर सारा-सारा दिन पढ़ते रहें! पहली बात तो यह कि ढाई से तीन साल की अवस्था में बच्चों को हम स्कूल में डाल देते हैं! स्कूल में जाकर उस बच्चे का वास्तव में उचित या समुचित मानसिक विकास होता भी है या कि नहीं इसे हम तनिक भी नहीं जानते। क्योंकि हम उन्हीं बातों के अभ्यस्त हैं कि स्कूल में जाने के बाद बच्चे का विकास होता ही होगा !



किंतु कौन-सा बच्चा कितना भावुक है, कितना संवेदनशील है और उसे अपने घर को उस छोटी-सी अवस्था में छोड़ते समय सचमुच जिस संवेदनशीलता की किसी दूसरे से आवश्यकता होती होगी, क्या स्कूल वह उसे प्रदान कर सकता है ? इन प्रश्नों का उत्तर कभी भी किसी के पास भी नहीं रहा है! क्योंकि स्कूल भी शिक्षा से ज्यादा उनके अपने ओनरों की कमाई के साधन है! क्योंकि धरती पर चल रहे अन्य व्यापारों की तरह शिक्षा भी एक व्यापार है! जहां पर एक बीज को पनपने और उचित तरीके से पुष्पित होने के लिए समुचित वातावरण को पोषित करने की आवश्यकता है, किन्तु आज भी वहाँ उस संवेदनशीलता को उतना महत्व नहीं दिया जाता!

बच्चा हमारा है। उसके बारे में हमें खुद को सोचना है। उसके भविष्य की भौतिक तरक्की के अलावा उसकी अपनी मानसिक समस्याएं क्या है? इसे उसके मां-बाप से ज्यादा कौन समझ सकता है! किन्तु मां-बाप तो संसार के साथ आपसी प्रतिस्पर्धा में पड़े हुए हैं कि उन्हें अपने बच्चों को सर्वश्रेष्ठ बनाना है! हर मां-बाप यही चाह रहा है कि 30/40 बच्चों की क्लास में उनका ही बच्चा सर्वश्रेष्ठ हो और ऐसा इस धरती पर ना कभी हुआ है और ना कभी होगा! टॉप टेन में भी 10 बच्चे ही आएंगे! बाकी बच्चे तो उनके पीछे आएंगे! अब यह जो पीछे रह गए बच्चे हैं, यदि अपने मां-बाप की ऐसी शाब्दिक मार का शिकार हो रहे होंगे, तो फिर वास्तव में उनके भविष्य में बेहतर बनने का रास्ता क्या होगा? क्या वे बच्चे, वे मासूम बच्चे तरह-तरह के मानसिक अवसाद के शिकार नहीं होंगे? इन प्रश्नों का उत्तर मां-बाप को अपने-आप से पूछना चाहिए!

सबसे बड़ी बात यह है कि जब हम बच्चों को अपनी बातों से पीटना शुरू करते हैं, तब अगर दूसरा कोई बीच बचाव में आता भी है, तो उसे रोक दिया जाता है कि प्लीज आप ऐसा ना करें। क्योंकि यह उनके बच्चे के भविष्य का सवाल है और बच्चों के भले के लिए उसको डांटा जा रहा है! लेकिन उस डांट का जो टोन है और उसमें प्रयुक्त होने वाले शब्दों के बारे में कोई भी तनिक भी सचेत नहीं है! जिससे बच्चों के भले के ही प्रति कही गई वह बात बच्चों के भले के सिवाय सब कुछ कर सकती है! यानी यह तय है कि उसे बच्चा का भला तो नहीं ही होगा!

कोई भी बात किसी को भी मीठे-मीठे तरीके से भी समझाई जा सकती है और निसंदेह बच्चों को तो मीठे तरीके से ही समझाया जाना चाहिए। लेकिन हम में से कोई भी मां-बाप अथवा भाई-बहन अपने बच्चों के लिए इस हद तक संवेदनशील कभी भी नहीं है और इस मामले में तो तनिक भी सचेत नहीं है! और ऐसे में इस तरह के संस्कार और वातावरण देकर हम बच्चों का जो विकास करना चाहते हैं, वह कभी भी हमारी इच्छाओं के अनुरूप नहीं हो सकता! किन्तु ऐसा सोच पाने में भी हम असमर्थ हैं! हमें लगता है कि एक चुप बच्चा, एक सर झुकाया हुआ बच्चा हमें आदर दे रहा है और वह संस्कारयुक्त है! लेकिन उसके मन में किस प्रकार की घृणा या ईर्ष्या पनप रही है, इसका भी हमें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं होता! जब तक कि वह बच्चा बड़ा होकर या बड़ा होने से पहले कुछ अनाप-शनाप न कर ले!!

और फिर हम सोचते हैं कि हमसे गड़बड़ी क्या हुई और तब भी हम में से शायद ही कोई मां-बाप इस बात को समझ पाता हो कि उनसे यह गड़बड़ी हुई है! हम सभी पेरेंट्स बहुत मासूम हैं! हमें लगता है कि डांट या मार-कुटाई ही बच्चों को सुधारने का एक सर्वप्रमुख माध्यम है! लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ। संवाद ही किसी को सीखने का सर्वोत्तम आचरण हो सकता है, इसके सिवा संसार में कोई भी दूसरी बात किसी को कुछ भी नहीं सिखा सकती। हमें यह चाहिए कि बच्चों ने जो उपलब्धि हासिल की है। जिन विषयों में अच्छे नंबर प्राप्त किए हैं, उसके लिए उसकी भरपूर तारीफ कर दें! कम-से-कम यह जानते हुए कि वह बहुत ही छोटा बच्चा है, उसकी तारीफ के पुल बांधते हुए हम उसे आसमान पर चढ़ा दें और फिर धीरे से बताएं कि बेटा (बिटिया भी) यदि तुमने इस विषय में भी ऐसा नहीं करके ऐसा किया होता, तो इस विषय में भी तुम्हारे बहुत अच्छे मार्क्स आते और तुम्हारा रिजल्ट हंड्रेड परसेंट सक्सेस होता।

और हाँ ! यह ध्यान रखिए कि मार्क्स की थोड़ी-सी कमी-बेसी के कारण बच्चों के साथ कोई भी बुरा व्यवहार मत करिए। क्योंकि हमारा यह बुरा व्यवहार बच्चों को अंदर तक हिला देता है! हम नहीं जानते कि हम जिस टोन में बात कर रहे हैं और बच्चों को अपने मां-बाप के अधिकार के कारण किस प्रकार बुरी तरह से डांट रहे हैं, वह व्यवहार उन बच्चों को बहुत गहरे तक प्रभावित कर रहा है और वह व्यवहार परत-दर-परत उसके भीतर एक कुसंस्कार के रूप में जमता जा रहा है, जो कभी ज्वालामुखी भी बन सकता है! जिसका हमें कभी नहीं पता होता कि वह कब फटेगा! लेकिन वह फटता जरूर है!

हां! कभी-कभी यह हो सकता है कि समय के साथ बच्चे को यह समझ आ जाए कि मां-बाप जो मुझे डांट रहे थे, वह मेरे अच्छे के लिए ही डांट रहे थे। लेकिन बहुतों बार ऐसा नहीं होता, उन बच्चों का क्या ?? जब तक कि बच्चे यह समझे कि उन्हें किस चीज के लिए डाँटा गया है, उससे पहले ही वह अपना ही कुछ बुरा कर लें, तब उसका क्या ?? किंतु डांट और बुरे व्यवहार में जो फर्क होता है, यह भी हमें पता होना चाहिए। याद रहे कि अक्सर हम बच्चों को डांटते नहीं हैं, बल्कि उनके मानसिक विकास को अवरुद्ध ही करते हैं!

बच्चों का क्लास में थोड़ा-सा पीछे रह जाना हमेशा हमारी इच्छाओं पर कुठाराघात नहीं होता! यह भी हमें अच्छी तरह समझ लेना चाहिए और यह भी समझना चाहिए कि हर बच्चे की अपनी क्षमता है और उसकी एक रुचि भी है। तो उसकी रुचि के अनुसार उसका कार्यक्रम बनाएं और उसे उसकी इस रुचि के अनुसार पढ़ने की बात-बात में कुछ-कुछ सीखने की, हंसने की, गुनगुनाने की चेष्टा करते हुए उसे सही माध्यम की ओर लेकर जाएं, तो फिर ये समस्याएं अपने आप ही छूट जाएंगी। लेकिन तब भी आप यह निश्चित समझिए कि सारे बच्चे टॉप नहीं कर सकते! क्लास के सभी बच्चे 90त्न से ऊपर के मार्क्स नहीं ला सकते! इसलिए जो 50त्न 40त्न में बच्चे रह गए हैं, उन्हें और ज्यादा मुलामियत के साथ उनकी क्षमताओं को तीव्र करने में अपना योगदान बढ़ाएं। उन्हें खेल-खेल में ही उचित प्रशिक्षण दें। किन्तु इस प्रशिक्षण में कभी भी उपदेश न हो, बल्कि कुछ प्यारी-प्यारी बातें हो, कुछ कहानियां-सी हों। बच्चों की रुचि के अनुसार सुसंगत बातें हों। तो अपने-आप ही बहुत कुछ बदल जाएगा।

हालांकि अंत में यह बात फिर से कहना चाहूंगा कि क्लास के सभी बच्चे कभी भी टॉप में नहीं होंगे। कुछ बच्चे टॉप टेन में होंगे। कुछ बच्चे उसके बाद ही होंगे। इसलिए जो पीछे रह गए हैं, उनको हमारे और भी ज्यादा अच्छे आचरण की और भी ज्यादा प्यार की और भी ज्यादा विशेष संरक्षण की आवश्यकता है। इसे हम भली प्रकार समझ लें और बच्चे के कैरियर से अधिक उसे सभी के साथ उचित तरीके सामंजस्य पूर्ण जीने के लिए संस्कारवान बनाने में उसकी सहायता करें, यही हमारी हमेशा की और सबसे महत्ती आवश्यकता है।

# करमा पर्व झारखंड की अनमोल धरोहर का प्रतीक, बहनें अपने भाई की लंबी उम्र की करती है कामना

**डॉ अरुण कुमार**

झारखंड अपनी अनूठी व निराली सभ्यता, सांस्कृतिक पहचान, प्राकृतिक समृद्धि और लोक परंपराओं के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। झारखंड का आशय झाड़ भूमि का प्रदेश अर्थात छोटे-बड़े पेड़-पौधे का स्थल। इस पावन भूमि की संस्कृति का मूल मंत्र प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर जीना है। यहाँ के त्योहार केवल उत्सव मात्र नहीं हैं, बल्कि वे जीवन के फलसफे, मानवीय संबंधों और पर्यावरण के प्रति अगाध प्रेम को दर्शाते हैं। झारखंड के इन्हीं महान लोक-उत्सवों में से एक सबसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक त्योहार है—करमा पूजा है। जो मूल रूप से झारखंड के आदिवासी समाज (जैसे उरांव, मुंडा, संथाल, हो) तथा यहाँ के मूलवासियों (सदानों) द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है। यह पर्व भाद्रपद (भादो) मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। यह त्योहार जहाँ एक ओर भाई-बहन के अटूट और पवित्र प्रेम का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यह कृषि, प्रकृति की उत्पादकता और मानवीय कर्म (मेहनत) का जीवंत उत्सव है।

यह त्यौहार छोटा नागपुर एवं संथाल परगना में बड़े धूमधाम से मनाया जाते है। यह त्योहार जनजाति व सदान दोनों वर्गों में प्रचलित है। रांची, लोहरदगा, गुमला ,हजारीबाग ,गिरिडीह रामगढ़,कोडरमा, दुमका, साहिबगंज आदि जिलो में विशेष रूप से मनाया जाते हैं। इन दिनों इस पर्व में आधुनिकता का भी प्रभाव देखने को मिलता है। जिसमें डीजे का इस्तेमाल नृत्य के लिए किया जाने लगा है।

कर्म पूजा प्रारंभ होने के ऐतिहासिक कारण

झारखंड में ऐसी कथा प्रचलित है कि प्राचीन काल में करम और धरम नाम के दो भाई थे। करम नाम के अनुसार कर्म (कठिन परिश्रम) में विश्वास रखता था, जबकि धरम धर्म और भाग्य की लकीरों पर भरोसा करता था। एक बार करम ने अपने खेत में कड़ी मेहनत की, जिससे उसकी फसल बहुत अच्छी हुई। उसने खुशी में एक करम वृक्ष की शाखा को आंगन में गाड़कर उसकी पूजा की और नृत्य-संगीत का आयोजन किया।दूसरी ओर, धरम को लगा कि यह सब केवल भाग्य के कारण है। एक बार धरम ने गुस्से में आकर करम राजा (करम वृक्ष) का अपमान किया और उसे उखाड़कर नदी में फेंक दिया। इसके बाद दोनों भाइयों के दिन पलटने लगे। खेतों की फसलें सूख गईं, घर में दरिद्रता छा गई और वे दाने-दाने को मोहताज हो गए। तब धरम को अपनी भूल का अहसास हुआ। वह करम राजा को वापस प्रसन्न करने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में उसे कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अंततः, एक नदी में बहते हुए करम वृक्ष की डाली को उसने पूरे आदर के साथ निकाला, घर लाकर उसे स्थापित किया और क्षमा मांगते हुए उसकी पूजा की। इसके बाद उनके घर में पुनः सुख-समृद्धि लौट आई।

**करमा पूजा की विधियां और अनुष्ठान** - करमा पूजा का अनुष्ठान केवल एक दिन का नहीं होता, बल्कि इसकी तैयारियां नौ दिन पहले से ही शुरू हो जाती हैं। यह एक व्यवस्थित और अत्यंत पवित्र विधि है, जिसमें कुंवारी युवतियों की भूमिका मुख्य होती है। जिन्हें करमइति कहा जाता है।

1. जावा जगाना (नौ दिन पहले)करमा एकादशी से सात या नौ दिन पहले, गांव की कुंवारी लड़कियां नदी या तालाब से साफ बालू (रेत) लाती हैं। इस बालू को बांस की छोटी-छोटी टोकरियों में भरा जाता है। इसके बाद इसमें सात या नौ प्रकार के अनाज (जैसे धान, गेहूं, मक्का, चना, उड़द, कुर्थी और मूंग) के बीज बोए जाते हैं। इसे जावा कहा जाता है। लड़कियां रोजाना सुबह-शाम इन टोकरियों के चारों ओर इकट्ठा होकर पारंपरिक लोकगीत गाती हैं और जावा को जगाती हैं (अंकुरित होने के लिए प्रेरित करती हैं)।हल्दी के पानी के छिड़काव से ये अंकुर पीले रंग के बेहद खूबसूरत दीखते हैं। यह जावा नई फसल की उत्पादकता और बहनों के अपने भाइयों के प्रति प्रेम और समृद्धि की कामना का प्रतीक है।

2. करम वृक्ष की डाली लानाः उत्सव के मुख्य दिन (एकादशी), गांव के पाहू (पुजारी) या गांव के नौजवान जंगल जाते हैं। वे पूरे आदर और धार्मिक नियमों के साथ करम वृक्ष की दो सुंदर और स्वस्थ शाखाओं को काटते हैं। इन डालियों को जमीन पर नहीं गिरने दिया जाता। इन्हें बड़े सम्मान के साथ गाजे-बाजे के साथ गांव लाया जाता है।3. आंगन या अखरा में स्थापना और मुख्य पूजा- गांव के अखाड़े या घर के आंगन के बीचों-बीच एक गड्ढा किया जाता है, जहाँ इन दोनों डालियों को गाड़ा जाता है। इन डालियों को करम राजा माना जाता है। शाम के समय, सभी करमतियां नए वस्त्र पहनकर, सोलाह श्रृंगार कर। हाथों में जावा की टोकरी और पूजा की थाली (जिसमें दीया, धूप, अक्षत, फूल और खीरा होता है) लेकर करम डाली के चारों ओर बैठती हैं। गांव का पुजारी या घर का बुजुर्ग व्यक्ति करम-धरम की ऐतिहासिक कथा सुनाता है। सभी लोग पूरी श्रद्धा से इस कथा को सुनते हैं।बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और उनके लंबे, स्वस्थ तथा समृद्ध जीवन की कामना करती हैं।

# नैसर्गिक न्याय: आत्मग्लानि से मर गया निठारी का नरपिशाच

**आपको बता दें 2003 में नोएडा के निठारी गांव के लोगों ने इलाके से लडकियों और बच्चों के अचानक लापता होने की शिकायतें करनी शुरू कीं। हालांकि, नोएडा पुलिस ने इनमें से कई मामलों में शिकायत तक दर्ज नहीं की। जिन मामलों में शिकायत दर्ज हुई, उनमें भी ज्यादा प्रगति नहीं हुई।मई 2006 में इस मामले में बड़ा मोड़ आया। एक पिता अपनी लापता बेटी की शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचा। उसने बताया कि लापता होने वाले दिन उसकी बेटी नोएडा के सेक्टर-31 में निठारी के पास रहने वाले मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी गई थी। जून तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इसके बाद पिता ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के सरकारी आवास के बाहर हंगामा किया, तब जाकर मामला दर्ज हुआ।**

**मनोज कुमार अग्रवाल**

कहते हैं कि जब भगवान की लाठी पड़ती है तो आवाज तक नहीं आती। कुछ ऐसा ही नोएडा के चर्चित निठारी कांड के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली के मामले में देखने को मिल रहा है। 2006 में निठारी कांड देश के अपराधिक मामलों में सबसे अधिक क्रूरता पाशविकता भरी दर्जनों गुमशुदा बच्चों और किशोरों के अपहरण और नृशंस हत्या से जुडा सीरियल किलिंग का मामला था जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। बच्चों के रहस्यमय ढंग से गायब होने, उनके साथ हुई हैवानियत और फिर नाले से मिले मासूम बच्चों के अंगों और कंकालों की तस्वीरों ने हर संवेदनशील मन को कपकँपा दिया था। अब 18 सितंबर 26 को इस मामले के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली की हरिद्वार में हुई संदिग्ध परिस्थिति में मौत ने उस खौफनाक सीरियल किलिंग कांड के अंतिम पन्ने पर एक ऐसा पूर्णविराम लगा दिया है, जो बता रहा है कि सरकारी अदालतों से इतर भी कोई अदालत है जो देर सवेर इंसाफ़ करती है यह बताता है कि गरीब मजलूम असमर्थ और धन सत्ता की ताकत से रीते लोगों की आहों में भी एक ऐसी ताकत होती है जिसे खुद सबसे बड़ी भगवान या सर्वशक्तिमान की अदालत सुनती है और अपने ढंग से न्याय करती है।

आपको बता दें कि 18 सितंबर 2026 को भारत के सबसे चर्चित निठारी हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली का शव हरिद्वार में उसके चाय के खोखे में लटका हुआ मिला, जिसके बाद पुलिस ने शुरुआती तौर पर इसे आत्महत्या का मामला माना है। दो दशक तक चले इस बेहद खौफनाक और जटिल कानूनी मामले का अंत इस तरह एक रहस्यमयी मोड़ पर आकर हुआ है।

आपको बता दें 2003 में नोएडा के निठारी गांव के लोगों ने इलाके से लडकियों और बच्चों के अचानक लापता होने की शिकायतें करनी शुरू कीं। हालांकि, नोएडा पुलिस ने इनमें से कई मामलों में शिकायत तक दर्ज नहीं की। जिन मामलों में शिकायत दर्ज हुई, उनमें भी ज्यादा प्रगति नहीं हुई।मई 2006 में इस मामले में बड़ा मोड़ आया। एक पिता अपनी लापता बेटी की शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचा। उसने बताया कि लापता होने वाले दिन उसकी बेटी नोएडा के सेक्टर-31 में निठारी के पास रहने वाले मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी गई थी। जून तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इसके बाद पिता ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के सरकारी आवास के बाहर हंगामा किया, तब जाकर मामला दर्ज हुआ।लापता युवती के फोन को ट्रेस करने पर पुलिस सुरेंद्र कोली तक पहुंची। उस समय कोली पंढेर के घर पर नौकर के रूप में काम करता था। कोली को गिरफ्तार किया गया, लेकिन जल्द ही जमानत पर छोड़ दिया गया।



दिसंबर 2006 में पंढेर के घर के पीछे एक नाले में प्लास्टिक की थैलियों में मानव कंकालों के अवशेष और लापता लोगों का सामान मिला। इसके बाद पुलिस ने 29 दिसंबर को कई महिलाओं और बच्चों के अपहरण और हत्या के आरोप में कोली और पंढेर को गिरफ्तार कर लिया।

मामले ने अब राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरनी शुरू कर दी थीं। साथ ही निठारी मामले में नोएडा पुलिस की पहले की लापरवाही और जांच में नाकामी पर भी सवाल उठ रहे थे। इसके बाद 10 जनवरी 2007 को10 जनवरी 2007 को जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी गई। सीबीआई की फॉरेंसिक टीम ने पंढेर के घर की दोबारा तलाशी ली और मानव कंकालों के अवशेष तथा गंभीर अपराधों से जुड़े सबूत बरामद किए।सीबीआई ने 1 मार्च को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कोली का कबूलनामा दर्ज किया। कोली ने हत्या की घटनाओं के बारे में बहुत विस्तार से बताया। उसने कहा कि वह पीड़ितों को बहला-फुसलाकर कोठी के अंदर लाता था, उनका गला घोंटता था और फिर उनके शरीर के टुकड़े कर उन्हें पकाकर खाता था।

नोएडा पुलिस ने 19 अलग-अलग लड़कियों से जुड़े अपराधों के मामले में पंढेर और कोली के खिलाफ 19 प्राथमिकियां दर्ज की थीं। इनमें से 16 मामलों में सीबीआई ने आरोपपत्र दाखिल किए। 2007 में इनमें से एक मामले में दाखिल आरोपपत्र में सीबीआई ने दावा किया था कि कोली में मृत शरीरों के प्रति यौन आकर्षण और इंसानी मांस खाने जैसी प्रवृत्तियां थींएक विशेष सीबीआई अदालत ने 13 फरवरी 2009 को एक 14 साल की लड़की से बलात्कार और हत्या के मामले में पहली बार कोली और पंढेर दोनों को दोषी ठहराया और मौत की सजा सुनाई। अपील पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पंढेर को बरी कर दिया, लेकिन कोली की मौत की सजा को बरकरार रखा।इसके बाद कोली ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने 2011 में उसकी अपील और 2014 में पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। लेकिन जनवरी 2015 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दया याचिका पर फैसला लेने में हुई अत्यधिक देरी को आधार बनाते हुए कोली की मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया।अक्टूबर 2023 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सबूतों की कमी, प्रक्रियागत खामियों और प्रताड़ना के आरोपों को देखते हुए कोली को 12 मामलों में और पंढेर को 2 मामलों में बरी कर दिया। पंढेर अक्टूबर 2023 में जेल से बाहर आ गया, जबकि कोली की रिहाई नवंबर 2025 में हुई।

इस स्थिति में एक कानूनी विरोधाभास पैदा हो गया था। कोली 12 मामलों में बरी हो चुका था, लेकिन लगभग उन्हीं सबूतों के आधार पर एक मामले में अब भी दोषी था। सुप्रीम कोर्ट ने इसे न्याय का बड़ा विरोधाभास माना और अपनी क्यूरेटिव शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि समान सबूतों पर दो परस्पर विरोधी फैसले एक साथ नहीं रह सकते हैं।

# बलरामपुर प्रखंड में संस्थागत प्रसव बढ़ाने को लेकर बनायी गयी विशेष योजना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** बलरामपुर प्रखंड में संस्थागत प्रसव की संख्या में अपेक्षित वृद्धि सुनिश्चित करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं की भौतिक स्थिति का प्रभावी मूल्यांकन के लिए बनायी गई विशेष योजना को लेकर जिला स्तर पर विशेष बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य के साथ सहयोगी विभागों के पदाधिकारी, डेवलपमेंट पार्टनर्स मौजूद रहे।बैठक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव में सुधार केवल आंकड़ों की समीक्षा से संभव नहीं है।गर्भवती महिला तक समय पर स्वास्थ्य सेवा क्यों नहीं पहुंच पा रही है या परिवार संस्थागत प्रसव से क्यों वंचित रह रहा है,इसको समझना जरुरी है। इसके लिए अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मियों को लाभार्थियों के घर पहुंचकर समस्याओं को चिह्नित करते हुए उसका समाधान सुनिश्चित करना होगा। बैठक में गर्भवती महिलाओं की लक्षित ट्रैकिंग, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था,कम उम्र की गर्भवती महिलाओं तथा संस्थागत प्रसव में आ रही बाधाओं की पहचान के सभी पहलुओं पर विशेष चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिया कि बलरामपुर में पंचायतवार माइक्रो-प्लानिंग के तहत जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, डेवलपमेंट पार्टनर्स, आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं जीविका दीदियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बुधवार क्षेत्रीय भ्रमण कर लक्षित लाभार्थियों से सीधा संवाद किया जाय।क्षेत्र भ्रमण से पूर्व आंगनवाड़ी सेविका एवं जीविका दीदियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं, विशेषकर उच्च जोखिम भरी गर्भावस्था एवं कम उम्र की गर्भवती महिलाओं की अद्यतन सूची उपलब्ध कराई जाएगी। जिला,प्रखंड एवं डेवलपमेंट पार्टनर्स की संयुक्त टीम को पंचायतवार टैग कर घर-घर भ्रमण की जिम्मेदारी दी जाय।वहीं भ्रमण के दौरान एचआरपी महिलाओं की एएनसी जांच, आवश्यक रक्त परीक्षण, संभावित प्रसव तिथि, रेफरल की आवश्यकता तथा प्रसव की पूर्व तैयारी की स्थिति की समीक्षा कर कम उम्र की गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जोखिमों के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया जाय।सिविल सर्जन ने बताया कि हर गर्भवती महिला की समय पर प्रसव पूर्व जांच,जोखिम की पहचान और सुरक्षित प्रसव हमारी प्राथमिकता है। बलरामपुर में माइक्रो-प्लानिंग के माध्यम से हम केवल लाभार्थियों की सूची तैयार नहीं करेंगे, बल्कि प्रत्येक चिन्हित महिला की वास्तविक स्थिति, उसकी समस्या और आवश्यक स्वास्थ्य सेवा को ट्रैक करेंगे। उच्च जोखिम वाली गर्भवती के मामलों में विशेष रूप से समय पर रेफरल एवं संस्थागत प्रसव की तैयारी सुनिश्चित की जाएगी। टीम द्वारा परिवार एवं समुदाय से संस्थागत प्रसव में आ रही बाधाओं को लेकर फीडबैक लिया जाएगा। इनमें अस्पताल की दूरी, एम्बुलेंस की उपलब्धता, परिवार का दबाव, प्रसव को लेकर भय, पूर्व अनुभव तथा अन्य सामाजिक एवं व्यवहारिक कारणों की पहचान भी की जाएगी। पंचायतों में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए मानकीकृत चेकलिस्ट का उपयोग किया जाएगा। ग्रामीणों, बुजुर्गों , पुरुषों एवं महिलाओं से स्वास्थ्य केंद्रों की पहुंच, एम्बुलेंस सेवा एवं अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार संस्थागत प्रसव के लाभ, प्रसव पूर्व जांच , जोखिम की समय पर पहचान, सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं एवं एम्बुलेंस सेवाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर क्षेत्र भ्रमण कर समस्याओं को चिह्नित कर हर बुद्धवार को संध्या चौपाल आयोजित कर समस्याओं पर ग्रामीणों के साथ चर्चा और उसके समाधान के उपाय किये जाऐंगे।ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर उनके समाधान एवं आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

# नौका दौड़ में शिकारपुर ने मारी बाजी बिनटोली को हराकर जीता खिताब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई प्रखंड अंतर्गत भवानीपुर पंचायत स्थित पुरिया घाट में ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से नौका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अलग-अलग गाँवों के कुल आठ



टीमों ने हिस्सा लिया। नदी की धार के बीच आयोजित नौका दौड़ को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और दर्शक जुटे और फाइनल मुकाबला तक रुके रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और रोमांच का माहौल बना रहा। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में ग्रुप-ए में बिनटोली और सतुआ की टीम के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। इसमें बिनटोली की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, ग्रुप-बी के सेमीफाइनल में तारापुर और शिकारपुर की टीम आमने सामने हुईं। इस मुकाबले में शिकारपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह बनाई। इसके बाद प्रतियोगिता का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला बिनटोली और शिकारपुर के बीच हुआ। दोनों टीमों ने जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी। नदी की लहरों के बीच दोनों नावों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। अंततः शिकारपुर की टीम ने बाजी मारते हुए बिनटोली को पराजित कर नौका दौड़ प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में पुरिया गांव के ग्रामीणों का सामूहिक सहयोग रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन समाजसेवी मो. फखरूद्दीन अहमद ने किया। इस मौके पर अफताब ताज, वार्ड सदस्य मो. नुरुद्दीन, मो. शहाबुद्दीन, सकरातु महालदार, समाजसेवी रकीबुल, मास्टर रजीउद्दीन, सहदेव महालदार, दुर्गा प्रसाद महालदार, चन्द्रसेन महालदार, मो. रोकी, शमीम आलम, मो. रेहान, मो. असलम, डोमा कुमार, मो. हन्नान, मो. आदम, सुनील महालदार, मो. ईरसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनपुर में शाम से रात तक बिजली कटौती से परेशानी

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के लखनपुर गांव में नियमित बिजली कटौती की समस्या को लेकर बिहार विधानसभा के सदस्य एवं मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, कटिहार को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की है। विधायक ने पत्र में लखनपुर में विद्युत आपूर्ति की वास्तविक स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने तथा आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।विधायक की ओर से 22 सितंबर 2026 को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि 21 सितंबर को रात 8.23 बजे मोबाइल पर लखनपुर निवासी की ओर से विद्युत समस्या की जानकारी दी गई। बताया गया कि लखनपुर में प्राणपुर विद्युत सब-स्टेशन से बिजली की लाइन उपलब्ध करायी गयी है। लेकिन वर्तमान में यहां शाम छः बजे से रात दस बजे तक बिजली की आपूर्ति नहीं की जाती है। लंबे समय तक बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को घरेलू कार्यों में परेशानी हो रही है, वहीं बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी प्रभावित हो रही है। पत्र में कहा गया है कि स्थानीय विद्युत कर्मियों से समस्या के संबंध में पूछताछ करने पर लोड शेडिंग के कारण बिजली काटे जाने की बात बतायी जाती है। विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने कार्यपालक अभियंता से लखनपुर में विद्युत आपूर्ति की वास्तविक स्थिति की जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा इस संबंध में उन्हें जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। पत्र में विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाने की दिशा में शीघ्र पहल की अपेक्षा जतायी गयी है।

### नाला-निष्कासन व सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**मनिहारी/अमदाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अमदाबाद नगर पंचायत के वार्ड संख्या-8 में जलनिकासी और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वार्ड की 35 महिलाओं ने बिहार विधानसभा के सदस्य एवं मनिहारी के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर नगर पंचायत से पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। विधायक को दिए आवेदन में महिलाओं ने बताया कि वार्ड-8 के आसपास पाल टोला, पश्चिम टोला, बरारी टोला, मंडरी टोला तथा कन्या माध्यमिक विद्यालय, अमदाबाद के आसपास जलजमाव की समस्या बनी हुई है। आवेदन के अनुसार इन क्षेत्रों में करीब 50-60 परिवार प्रभावित हैं। कई स्थानों पर पानी सड़ जाने के कारण दुर्गंध फैल रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि जलजमाव और गंदगी के कारण बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। ऐसे में नगर पंचायत द्वारा उपलब्ध कराए गए पानी निकासी यंत्र के माध्यम से जलनिकासी कराने की जरूरत है। साथ ही जलजमाव वाले स्थानों पर नियमित सफाई एवं दवा का छिड़काव कराने की भी मांग की गई है। विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने आवेदन के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी, मनिहारी एवं जिला पदाधिकारी कटिहार को भी प्रतिलिपि भेजकर मामले से अवगत कराया है तथा आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है।

### स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन कार्यक्रम चुनाव आयोग ने किया निर्धारित

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की प्रक्रिया की कार्यक्रम चुनाव आयोग निर्धारित किया है।निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की विधान परिषदों की द्विवार्षिक चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रमों की घोषणा कर दी है। चार राज्यों की विधान परिषदों की होनेवाली द्विवार्षिक चुनाव को लेकर 29.सितंबर 2026 को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गयी है। 7 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 9 अक्टूबर को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है। मतदान की तिथि 23 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गयी है। मतदान का सुबह 8 बजे से शाम चार बजे तक है। मतगणना की तिथि 27 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गयी है। चुनाव कार्य 31अक्टूबर 2026 तक संपन्न करा लिये जाने की तैयारी है।

### रौतारा थानाध्यक्ष लालसार बिन्द का तबादला

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के रौतारा थाना में थानाध्यक्ष के पद पर बदलाव किया गया है। वर्तमान थानाध्यक्ष लालसार बिन्द का तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर वर्ष 2019 बैच के पुलिस अधिकारी मन्नू ओझा को रौतारा थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। तबादले के बाद थाना की कमान संभालने वाले मन्नू ओझा के सामने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अपराध पर प्रभावी नियंत्रण की जिम्मेदारी होगी। बताया जा रहा है कि मन्नू ओझा ने इससे पहले कोढ़ा थाना में भी अपनी कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा से अलग पहचान बनाई थी। क्षेत्र में पुलिसिंग को लेकर उनकी सक्रियता और आम लोगों के साथ संवाद को लेकर भी उनकी पहचान रही है। अब रौतारा थाना की जिम्मेदारी मिलने के बाद लोगों की निगाहें उनकी कार्यशैली पर टिकी हैं। मन्नू ओझा के पदभार ग्रहण करने के बाद रौतारा थाना क्षेत्र में पुलिसिंग की नई कार्यशैली देखने को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### चोरों का आतंक, सीढ़ी लगाकर घर में घुसे

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बारसोई नगर पंचायत के वार्ड संख्या 12 मौलानापुर में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर करीब 50 हजार रुपये मूल्य के आभूषण चोरी कर लिए। घटना 21 सितंबर की रात की बताई जा रही है। पीड़ित गणेश गोसाई के ने बताया कि चोरों ने बाँस की सीढ़ी लगाकर घर के आंगन में प्रवेश किया। इसके बाद उनके पुत्र के घर के दरवाजे का हैंडल तोड़कर अंदर घुसे और शोकेस में रखी करीब चार आना वजन की सोने की अंगूठी तथा करीब 20 भर वजन की पायल लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है। घटना के समय पीड़ित का पुत्र अपनी पत्नी के इलाज के लिए डॉक्टर के पास गया हुआ था। सुबह घरवालों ने दरवाजे का टूटा हैंडल देखा तो चोरी की घटना का पता चला। घटना की सूचना मिलते ही मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रिंकू सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए पुलिस को मामले की सूचना दी। उन्होंने पुलिस से घटना की जांच कर चोरों का पता लगाने तथा चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की। वही घटना के सम्बन्ध में बारसोई थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल की जानकारी जुटाने के साथ-साथ आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। तथा हर बिंदुओं पर पुलिस अनुसंधान कर रही है।

# अमदौल और गौरीपुर में बिषहरी पूजा धूमधाम से संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**प्राणपुर (कटिहार)।** प्राणपुर प्रखंड के अमदौल और गौरीपुर गाँवों में आयोजित वार्षिक बिषहरी पूजा समारोह बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल की प्रदेश महासचिव बंदना यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और पूजा-अर्चना में भाग लिया। उन्होंने बिषहरी माँ की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि,शांति और अच्छी फसल की कामना की। अपने संबोधन में बंदना यादव ने कहा कि बिषहरी पूजा हमारे क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपरा का प्रतीक हैं । इस तरह के आयोजन आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं और हमारी आस्था को जीवित रखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपनी परंपराओं को सहेज कर रखना चाहिए और आने वाली पीढ़ियों को इनसे परिचित कराना चाहिए।उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और स्थानीय लोगों के उत्साह की सराहना की। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे,जिन्होंने माता का आशीर्वाद लिया। पूजा पंडालों में भक्तिपूर्ण माहौल था और लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय निवासियों ने बंदना यादव के आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# मखाना फोड़ी में मजदूर की संदिग्ध मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत मकदमपुर पंचायत में मखाना फोड़ी में काम करने वाले एक मजदूर की संदिग्ध स्थिति में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कुरसेला निवासी सुबोध साह (30) के रूप में बताई जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने मखाना फोड़ी के मालिक सुनील कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि मृतक के परिजनों की ओर से कोढ़ा थाने में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। परिजनों का आरोप है कि सुबोध साह की हत्या की गई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मखाना फोड़ी के मालिक सुनील कुमार द्वारा उनके पति की हत्या किए जाने का संदेह है। आरोप के बाद पूरे मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।हालांकि हत्या के आरोप की पुलिस स्तर से अभी पुष्टि नहीं हुई है। इधर मखाना फोड़ी के मालिक सुनील कुमार ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि सुबोध रात में छत पर सोया हुआ था। सुबह जब उसे देखा गया तो वह छत के नीचे पड़ा हुआ था। उनके अनुसार छत से गिरने के कारण सुबोध की मौत हुई है। घटना की वास्तविक वजह क्या है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। बताया जा रहा है कि मृतक सुबोध साह अपने पीछे चार पुत्रियों को छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी गर्भवती है।

# 4.30 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

## छोटी टेंगरिया में सेमापुर पुलिस की कार्रवाई, बाइक व इलेक्ट्रोनिक तराजू भी जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरारी (कटिहार)।** सेमापुर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोमवार की शाम छोटी टेंगरिया गांव में छापेमारी कर 4.30 किलोग्राम गांजा के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक और इलेक्ट्रोनिक तराजू भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान छोटी टेंगरिया वार्ड संख्या 10 निवासी हनीफ पिता तयब अली और समीम पिता स्व. नसीरूद्दीन के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार को सूचना मिली थी कि छोटी टेंगरिया में दो व्यक्ति अपने घर से अवैध रूप से गांजा की तस्करी कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छापेमारी की। पुलिस को देखते ही दोनों आरोपित भागने लगे।पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 4.30 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। साथ ही एक बाइक और इलेक्ट्रोनिक तराजू भी जब्त किया गया। थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने बताया कि बरामद गांजा को जब्त कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार हनीफ का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ बरारी सेमापुर थाना में वर्ष 1997 में मामला दर्ज हुआ था। इसके अलावा वर्ष 2025 में एनडीपीएस एक्ट के तहत भी मामला दर्ज हुआ था।

# समाजसेवी बू अली के निधन से प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं द्राशय पंचायत की लगातार चार चुनाव जीती मुखिया नौशाबा के पति मगुरजान निवासी बू अली के निधन की खबर से प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।सुबह-सुबह उनके निधन की खबर सुनकर पंचायत सहित प्रखंड और जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से भी लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास की ओर दौड़ पड़े।लोगों ने मृतात्मा की शांति की प्रार्थना के साथ परिजनों को ढांढस बंधाया। उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचाने वालों में मुख्य रुप से स्थानीय विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी,विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल,पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री डा. रामप्रकाश महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष सह जिला राजद अध्यक्ष इशरत प्रवीण, जिला परिषद सदस्य मुकेश पोद्दार,उप प्रमुख सहेन्द्र प्रसाद मंडल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डा. चंद्रभूषण ठाकुर, सांसद के निजी सचिव सउद आलम, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष जाकिर हुसैन, पूर्व प्रमुख पूनम देवी, नैयर मसूद खान, सरपंच जगदीश महतो,उपमुखिया मनोज मंडल, पैक्स अध्यक्ष हीरालाल लाल साह,कन्हैया विश्वास, गयानाथ मंडल, मुखिया संघ अध्यक्ष निरंजन मंडल, उपाध्यक्ष आलोक चौहान, जदयू नेता रमेश मंडल सहित अन्य शामिल रहे।

# सदाकत आश्रम पटना में मनी भोला पासवान की जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही (कटिहार)।** सदाकत आश्रम पटना में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अमर भोला पासवान शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश अनुसूचित जनजाति कांग्रेस के अध्यक्ष रविंद्र कुमार पासवान ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम उपस्थित हुए। मौके पर कटिहार जिले के अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता सदाकत आश्रम पटना के इस जयंती समारोह कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। वहीं भोला पासवान शास्त्री के तेल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किए। इस अवसर पर कांग्रेस इंटक के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, संयोजक सह मनिहारी विधानसभा के पूर्व एमएलए प्रत्याशी सिकंदर मंडल, कांग्रेश अनुसूचित जाति विभाग के जिला उपाध्यक्ष पुष्पा राय, कार्यकताओं में मोजिबुर रहमान, संजय कुमार मल्लिक, देव नारायण पासवान, रामविलास रजक, संतु रविदास, शंभू साह, मुकेश कुमार, दिनेश राम, मंटू राय आदि उपस्थित रहे।

# भूमिहीन पात्र परिवारों को मिलेगी वास भूमि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के भूमिहीन पात्र परिवारों को रहने के लिए वासभूमि उपलब्ध कराया जाएगा।इसको लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से अभियान बसेरा चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन भी अभियान को सफल बनाने को लेकर सख्त है।जिला प्रशासन द्वारा पात्र परिवारों से अपने अंचल कार्यालय में आवेदन जमा कर योजना का लाभ लेने की की अपील की गई है। इस बाबत जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया है कि अभियान बसेरा के तहत आवेदक को राज्य या जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है।इसे संबंधित अंचल कार्यालय में जमा किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के पात्र भूमिहीन परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। कोई भी पात्र परिवार वासभूमि के अधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए सभी



अंचलों में आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। आवेदक को लिखित आवेदन के साथ परिवार के सभी सदस्यों का विवरण और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है। वहीं आवेदन के साथ आवेदक, पति या पत्नी तथा वयस्क सदस्यों के आधार कार्ड की स्व अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी।इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या निवास प्रमाण पत्र में से उपलब्ध दस्तावेज, परिवार का सामूहिक फोटो और निर्धारित प्रारूप में परिवार के पास वास योग्य भूमि नहीं है।

# नशे के खिलाफ पंचायत जन प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के जयनगर चौक पर नशे के खिलाफ ग्रामीण एवं पंचायत जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता चित्तौरिया पंचायत के मुखिया दीप नारायण पासवान ने की। उन्होंने कहां की 2016 से बिहार में शराबबंदी कानून लागू हैं। तब से ही लोग स्मैक, गांजा, चरस, शराब, सुलेशन आदि का सेवन चोरी छुपे कर रहे हैं। जिससे आज की युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही हैं। वहीं समाजसेवी खुर्शीद आलम उर्फ टिंकू ने कहा कि आज के युवा पीढ़ी अपना रोजगार को छोड़कर नशे में चूर हैं युवा पीढ़ी स्मैक, गांजा, चरस, शराब सुलेशन आदि की तस्करी करते हैं। और युवा पीढ़ी नशा करना आम बात हो गया हैं। इससे युवा पीढ़ी बबार्दी के कगार पर पहुंच गया हैं। इसलिए हम सभी लोग आज शपथ लेते हैं कि अगर कोई भी व्यक्ति स्मैक, गांजा, चरस, शराब, सुलेशन आदि का सेवन करते पकराते हैं उन्हें जेल भेजने का काम करेंगे। इस अवसर पर चित्तौरिया पंचायत के उप सरपंच रमेश चंद्र यादव, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह, पूर्व सरपंच जितेंद्र पासवान, समाजसेवी शाह कमाल, वार्ड सदस्य मो. मुस्ताक, मो. फिरोज, मो. तारिक, मो. खुशबूर आदि उपस्थित थे।

**संक्षिप्त समाचार**

## कौन बनेगा एचडीएफसी बैंक का नया बॉस आरबीआई को करनी पड़ रही है माथापच्ची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक ने सीईओ पद के लिए आरबीआई को दो नाम भेजे हैं। इनमें प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस और अनूप बागची बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा शामिल हैं। ईटी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इस रेस में बागची का नाम सबसे आगे चल रहा है। उनकी उम्मीदवारी पर इंश्योरेंस रेगुलेटर और बैंक के संदीप बख्शी से फीडबैंक मांगा है। 55 साल के बागची पिछले तीन साल से प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के हैं। इस बात की जांच कर रहा है कि कुछ साल से मुख्यधारा की बैंकिंग से दूर रहने के कारण वह रेगुलेटरी और ऑपरेटिंग माहौल में होने वाले बदलावों के साथ तालमेल बिठाने में सक्षम हैं या नहीं। बागची साल 2023 में प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के बनने से पहले 2017 से बैंक में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। इस भूमिका में वह होलसेल बैंकिंग, ट्रांजैक्शन बैंकिंग, मार्केट्स ग्रुप और प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग ग्रुप का कामकाज संभालते थे। आरबीआई के पास उनका




मूल्यांकन करने के लिए ज्यादा समय नहीं है क्योंकि मौजूदा शशिधर जगदीशन का कार्यकाल 26 अक्टूबर को खत्म हो रहा है। एक सूत्र ने कहा, 'मुख्य सवाल यह है कि क्या तीन साल से ज्यादा समय तक दूर रहने के बाद बागची की मुख्यधारा की बैंकिंग में वापसी को लेकर सहज है। इस मूल्यांकन में बैंक से मिलने वाली राय महत्वपूर्ण होगी। चूंकि जगदीशन का कार्यकाल 26 अक्टूबर को खत्म हो रहा है, इसलिए अगर रेगुलेटरी प्रक्रिया उपलब्ध समय सीमा से आगे बढ़ती है, तो बोर्ड को बैकअप विकल्प भी तैयार रखने पड़ सकते हैं।' आरबीआई साथ ही 61 साल के भरूचा के नाम पर भी विचार कर रहा है, जो बैंक की ओर से सुझाए गए दूसरे उम्मीदवार हैं। हालांकि, भरूचा जून 2014 से बैंक के होल–टाइम डायरेक्टर हैं। अगर उन्हें चुना जाता है, तो होल–टाइम

## साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट और कॉस्मेटिक्स... वेज है या नॉन-वेज, पैकेट देखकर चल जाएगा पता, लागू हुआ नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट और कॉस्मेटिक्स की पैकेजिंग के लिए कलर कोडिंग अनिवार्य कर दी है। अब ग्राहक पैकेजिंग पर बने जरूरी निशान से पहचान सकेंगे कि कोई प्रोडक्ट वेज है या नॉन–वेज। सरकार ने इस बारे में नियमों में बदलाव किया है और इसका नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। नए नियम सोमवार से लागू हो गए हैं। इसके तहत वेज प्रोडक्ट्स पर हरा डॉट होगा, जबकि नॉन–वेज प्रोडक्ट्स पर लाल या भूरा डॉट होगा। केंद्र सरकार ने इन प्रोडक्ट्स की लेबलिंग से जुड़ी जरूरतों को तय करने के लिए लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड




कमोडिटीज़) रूल्स, 2011 में बदलाव किया है। नियमों के मुताबिक यह निशान पैकेज के मुख्य डिस्प्ले पैनल के सबसे ऊपर होना चाहिए, ताकि खरीदारी करते समय ग्राहकों के लिए इसके वेज या नॉन–वेज नेचल को पहचानना आसान हो। इस नोटिफिकेशन में खास तौर पर साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट, दूसरे कॉस्मेटिक्स और टॉयलेटरीज को शामिल किया गया है। सरकार के इस फैसले के बाद कंपनियों को अपने प्रोडक्ट्स की पुरानी पैकेजिंग में बदलाव करना होगा। यानी नई सप्लाई में ग्राहकों को पैकेजिंग पर ही दिख जाएगा कि प्रोडक्ट वेज है या नॉन वेज। जानकारों का कहना है कि कंपनियों के लिए शुरुआत में दिक्कत हो सकती है लेकिन लॉन्ग टर्म में उनको फायदा होगा। बदलाव के तहत इन प्रोडक्ट्स को 'लीगल मेट्रोलॉजी' फ्रेमवर्क के अंतर्गत पैकेजिंग से जुड़ी खास जानकारी देने की जरूरत के दायरे में लाया गया है। कलर–कोडेड सिंबल का मकसद साफ तौर पर यह दिखाना है कि प्रोडक्ट किस तरह का है।

# मोबाइल के टेम्पर्ड ग्लास पर सरकार का बड़ा फैसला, अब बीआईएस तय करेगा क्वालिटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हम जब भी कोई नया स्मार्टफोन खरीदते हैं तो सबसे पहला काम उसकी स्क्रीन को सुरक्षित रखने के लिए उसपर टेम्पर्ड ग्लास या स्क्रीन प्रोटेक्टर लगवाते हैं। दुकान पर ये टेम्पर्ड ग्लास अलग-अलग क्वालिटी के मिलते हैं। लेकिन अब सरकार ने स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर की गुणवत्ता को लेकर बड़ा कदम उठाया है। इसे ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स के अनिवार्य रजिस्ट्रेशन के दायरे में शामिल किया गया है। इस फैसले के बाद बाजार में बिकने वाले स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर के लिए तय गुणवत्ता मानकों का पालन करना जरूरी होगा। इसका मकसद बाजार में बिकने वाले स्क्रीन प्रोटेक्टर की क्वालिटी के लिए एक तय मानक बनाना है।

**1 अप्रैल से लागू होगा नया नियम**






### बनेगा क्वालिटी स्टैंडर्ड

सरकार ने कंपलसरी रजिस्ट्रेशन आर्डर 2021 में बदलाव किया है। यह संशोधन 2016 के तहत किया गया है। नए नियम में स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर को अनिवार्य बीआईएस रजिस्ट्रेशन के दायरे में शामिल किया गया है। इसके लिए एक नया भारतीय मानक भी तय किया गया है। इसका नंबर 19348:2025 है और इसका नाम है। इसका मतलब है कि संबंधित कंपनियों को अपने स्क्रीन प्रोटेक्टर को तय भारतीय मानक के मुताबिक तैयार करना होगा।

### 1 अप्रैल 2027 से लागू होगा नियम

नए नियम को तुरंत लागू नहीं किया जाएगा। स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर के लिए यह व्यवस्था 1 अप्रैल 2027 से प्रभावी होगी। यानी 1 अप्रैल 2027 के बाद बाजार में आने वाले संबंधित स्क्रीन प्रोटेक्टर को तय भारतीय मानक के अनुरूप होना होगा। इसके साथ ही निर्माताओं और संबंधित कारोबारियों को लागू नियमों और रजिस्ट्रेशन से जुड़ी आवश्यकताओं का पालन करना होगा। स्मार्टफोन की स्क्रीन फोन के सबसे महत्वपूर्ण और महंगे हिस्सों में से एक होती है। इसे खरोंच, टूटने और रोजमर्रा के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए लोग टेम्पर्ड ग्लास या दूसरे स्क्रीन प्रोटेक्टर लगाते हैं। फिलहाल बाजार में अलग–अलग कीमत और गुणवत्ता वाले स्क्रीन प्रोटेक्टर आसानी से मिल जाते हैं। कई बार ग्राहक के लिए यह समझना मुश्किल होता है कि कोई स्क्रीन प्रोटेक्टर कितना मजबूत है और उसकी गुणवत्ता कैसी है। नए मानक के बाद स्क्रीन प्रोटेक्टर के लिए निर्धारित स्पेसिफिकेशन का पालन करना जरूरी होगा। इससे इस कैटेगरी में गुणवत्ता को लेकर एक समान व्यवस्था बनाने की कोशिश की जाएगी। नए प्रावधान लागू होने के बाद स्क्रीन प्रोटेक्टर बनाने वाली कंपनियों को निर्धारित भारतीय मानक का पालन करना होगा। इसके अलावा जहां लागू हो, वहां उत्पाद और निर्माता को रजिस्ट्रेशन से जुड़ी आवश्यक प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

# कम निवेश पर बड़ा मुनाफा! फंड्स ने दिया 24.2 प्रतिशत तक का रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेसी।** म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेशकों की संख्या आय दिन बढ़ती दिख रही है। मार्केट के जानकार बताते हैं कि शेयर बाजार में सीधे निवेश के बजाय लोग म्यूचुअल फंड में निवेश करना अधिक पसंद करते हैं। इसकी एक खास वजह शेयर मार्केट की तुलना में कम रिस्क है। वही, लंबी अवधि में म्यूचुअल फंड एसआईपी कम निवेश पर भी बड़ा मुनाफा दे सकती है। अगर आप भी लंबी अवधि के लिए निवेश की प्लानिंग कर रहे हैं तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। हम यहां टॉप 5 म्यूचुअल फंड एसआईपी फंड बता रहे हैं, जिन्होंने लंबी अवधि यानी कि 10 वर्ष में 19.3 प्रतिशत से लेकर 24.2 प्रतिशत तक का बड़ा रिटर्न दिया है। आइए अब इनके बारे में जानते हैं।




**10 वर्षों में एसआईपी रिटर्न कितना रहा है:** मार्केट एक्सपर्ट बताते हैं कि आप म्यूचुअल फंड एसआईपी में लंबी अवधि के लिए निवेश कर अच्छे-खासे पैसे बना सकते हैं। इस बीच क्वांट स्मॉल कैप, निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप, इन्वेस्को इंडिया मिड कैप, क्वांट इएलएसएस टैक्स सेवर और यूनियन स्मॉल कैप ऐसे फंड्स रहे हैं, जिन्होंने 10 साल में 19.3 फीसदी से लेकर के 24.2 फीसदी तक का रिटर्न दिया है। इनमें सबसे कम रिटर्न यूनियन स्मॉल कैप फंड का रहा है, जिसने 10 साल में 19.3 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, सबसे अधिक रिटर्न यानी कि 10 साल में 24.2 फीसदी का रिटर्न क्वांट स्मॉल कैप फंड ने दिया है।

**म्यूचुअल फंड में एसआईपी क्या है:** म्यूचुअल फंड में एसआईपी एक नियमित और तय समय पर एक निर्धारित राशि को जमा करने की प्रक्रिया है। इसका पूरा नाम सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान है। एसआईपी में कम से कम कितने रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं? एसआईपी में कम से कम 100 रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं। क्वांट स्मॉल कैप फंड में कम से कम कितना का लंपसम कर सकते हैं? क्वांट स्मॉल कैप फंड में कम से कम 5000 रुपये का लंपसम (एकमुश्त राशि जमा) कर सकते हैं। इन्वेस्को इंडिया मिड कैप फंड में कितने रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं? इन्वेस्को इंडिया मिड कैप फंड में 100 रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं। क्वांट इएलएसएस टैक्स सेवर में कितने रुपये की एसआईपी शुरू कर सकते हैं? क्वांट इएलएसएस टैक्स सेवर फंड में कम से कम 500 रुपये से एसआईपी शुरू कर सकते हैं।

## विजय केडिया का बड़ा दांव, खरीद रखे हैं 1 करोड़ से ज्यादा शेयर, अब रॉकेट बना स्टॉक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज निवेशक विजय केडिया के पोर्टफोलियो में शामिल पटेल इंजीनियरिंग के शेयरों में मंगलवार को उतार–चढ़ाव भरे बाजार में अच्छी तेजी आई है। सिविल कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से जुड़ी इस कंपनी के शेयर मंगलवार को बीएसई में इंट्राडे के दौरान 7 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 27.84 रुपये पर पहुंच गए हैं। विजय केडिया का कंपनी पर बड़ा दांव है, उन्होंने पटेल इंजीनियरिंग के 1 करोड़ से भी ज्यादा शेयर खरीद रखे हैं। पटेल इंजीनियरिंग अपने शेयरधारकों को 2 बार बोनस शेयर भी दे चुकी है। 90 प्रतिशत से अधिक उछल गए हैं पटेल इंजीनियरिंग के शेयर पटेल इंजीनियरिंग के शेयरों में पिछले 5 साल में 90 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 24 सितंबर 2021 को 14.55 रुपये पर थे। पटेल इंजीनियरिंग के शेयर 22 सितंबर 2026 को बीएसई में 27.84 रुपये पर जा पहुंचे हैं। हालांकि, पिछले कुछ समय से कंपनी के शेयर दबाव में हैं। पटेल इंजीनियरिंग के शेयर पिछले एक साल में 25 पर्सेंट से अधिक टूट गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 39.61 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का निचला स्तर 22.08 रुपये है।

# पैसे बचाने के 3 'गोल्डन फॉर्मूले'? जो चुपचाप बदल सकते हैं आपकी किस्मत!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमाई के साथ भविष्य या किसी भी जरूरी काम के लिए पैसों की बचत करना काफी जरूरी होता है। इसके लिए लोग कई प्रकार के निवेश विकल्पों का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप भी आने वाले समय के लिए पैसों की बचत करना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है।

यहां हम पैसे बचाने और आपकी सैलरी को खर्च करने के साथ बजट के लिए अहम तीन 'गोल्डन फॉर्मूले' को बता रहे हैं। इनमें शामिल हैं- 10-10-80 फॉर्मूला , 6× इमरजेंसी फंड नियम और 50-30-20 नियम। आइए इनके बारे में आसान भाषा में उदाहरण के साथ समझते हैं। सबसे पहले हम 10-10-80 फॉर्मूला को जानते हैं। यह नियम बहुत ही आसान भाषा में कहता है कि आपकी इन-हेंड सैलरी (सभी जरूरी टैक्स आदि कटने के बाद जो सैलरी का पैसा आपके खाता में आता है।) का 10 फीसदी हिस्सा आप बचत करें। उसके बाद 10 फीसदी हिस्से से आप किसी को दान या किसी की मदद करें। इसके अलावा 80 फीसदी सैलरी के हिस्से को अपने जरूरी खर्चों में लगाएं। इन जरूरी खर्चों में कमरे का किराया, बिजली बिल, खाना-पीना, जरूरी सामान की खरीदारी, यात्रा आदि शामिल हैं। मान लीजिए आपकी इन-हेंड सैलरी या टेक-होम सैलरी 50 हजार रुपये है। इसपर अगर 10-10-80 फॉर्मूला को लागू करते हैं, तो निम्न बातें होती हैं। अब 6× इमरजेंसी फंड नियम की बात करते हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण वित्तीय बजट नियम है।

### 50-30-20 नियम क्या है?

अब बात 50–30–20 नियम की। इस नियम के तहत आपकी इन–हेंड सैलरी से 50 फीसदी हिस्से को आप जरूरी खर्च में लगाते हैं। इन खर्चों में घर का खर्च, राशन, बिजली बिल आदि शामिल हैं। वहीं, सैलरी के 30 फीसदी हिस्से को आप शौक और लाइफस्टाइल पर खर्च करते हैं। बाकी के बचा 20 फीसदी हिस्सा आप निवेश या बचत में डालते हैं। अब इसे एक उदाहरण से समझते हैं। मान लीजिए आपकी इन–हेंड सैलरी 30 हजार रुपये है। तो आप 50–30–20 नियम का इस्तेमाल करते हैं तो ये इस प्रकार से बंट जाती है। जाने या अचानक किसी संकट या आपात स्थिति के आने में काफी मददगार साबित हो सकता है।

# एग्री बेस्ड कंपनी पेशवा व्हीट का आईपीओ खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** एग्रो बेस्ड फूड प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी पेशवा व्हीट लिमिटेड का आईपीओ परसों यानी 24 सितंबर 2026 को खुल रहा है। बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होने वाली इस कंपनी के आईपीओं में निवेशक 26 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे। यदि सबकुछ योजनानुसार चला तो इसके शेयर एक अक्टूबर 2026 को लिस्ट हो जाएंगे। पेशवा व्हीट आईपीओ के जरिए 53.52 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। इस आईपीओ में शेयर का प्राइस बैंड 95 से 101 रुपये तय किया गया है। इश्यू के तहत कुल 52.99 लाख शेयर जारी किए जा रहे हैं। इसमें 50.04 लाख शेयरों का फ्रेश इश्यू है जिसमें मार्केट मेकर्स के लिए 2.95 लाख शेयर रिजर्व हैं। इस इश्यू में रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए 25.03 लाख शेयर (कुल इश्यू का 50.02 प्रतिशत) रिजर्व हैं। इस आईपीओ का लॉट साइज 1,200 शेयरों का है। लेकिन रिटेल कैटेगरी के निवेशकों को दो लॉट यानी कम से कम 2,400 शेयरों के लिए आवेदन करना होगा। मतलब कि अपर प्राइस बैंड (101 रुपये) के हिसाब से उन्हें 2,42,400 रुपये का न्यूनतम निवेश करना होगा। वहीं एचएनआई श्रेणी के लिए न्यूनतम 3,600 शेयर (3,63,600 रुपये) का आवेदन आ अनलिस्टेड बाजार में पेशवा व्हीट का ग्रे मार्केट प्रीमियम या जीएमपी इस समय शून्य दिखाया जा रहा है। मतलब कि निवेशकों के बीच इस बारे में कोई हलचल नहीं है। आईपीओ से जुटाई राशि में से 26.50 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी के वर्किंग कैपिटल जरूरतों को पूरा करने में होगा।




# 40 की उम्र तक किराए के मकान में रहे, अब 711 करोड़ में खरीदा पूरा टावर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई के जुहू में देश की सबसे बड़ी लग्जरी होम डील में से एक ने सबका ध्यान खींचा है। एंजल वन के फाउंडर, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर दिनेश ठक्कर ने 711 करोड़ रुपये से ज्यादा में एक पूरा लग्जरी रेजिडेंशियल टावर खरीदने का समझौता किया है। खास बात यह है कि उन्होंने सिर्फ एक फ्लैट नहीं, बल्कि त+7 की पूरी इमारत खरीदी है। खास बात यह है कि दिनेश ठक्कर 40 साल की उम्र तक किराए के मकान में रहे हैं।

इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह प्रॉपर्टी मुंबई के जुहू तारा रोड स्थित है। दिनेश ठक्कर जिस टावर को खरीद रहे हैं, उसका रेरा कारपेट एरिया करीब 63,000 वर्ग फुट है। इस डील की कीमत 711 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। यानी करीब 1.13 लाख रुपये प्रति वर्ग फुट की कीमत बैठती है। यह जुहू में रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी के लिए नया रिकॉर्ड बताया जा रहा है। एंबेसी डेवलपमेंट्स ने इस सौदे को भारत की सबसे बड़ी सिंगल रेजिडेंशियल यूनिट ट्रांजैक्शन बताया है।

दिनेश ठक्कर के फाउंडर, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। कंपनी की शुरुआत साल 1996 में एक पारंपरिक स्टॉकब्रोकिंग बिजनेस के तौर पर हुई थी। समय के साथ एंजल वन ने खुद को डिजिटल फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी में बदल लिया। कंपनी के मुताबिक, उसके डिजिटल सफर की शुरुआत 2019 में हुई, जब उसने ग्राहकों को एंड-टू-एंड डिजिटल इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन देना शुरू किया। इसके बाद कंपनी



ने देशभर में अपना ग्राहक आधार बढ़ाया और टियर-2 और टियर-3 शहरों तक अपनी पहुंच बनाई। दिनेश ठक्कर करीब तीन दशक से इस कारोबार के केंद्र में रहे हैं। उनके नेतृत्व में पारंपरिक ब्रोकिंग बिजनेस ने डिजिटल फाइनेंशियल सर्विसेज की दिशा में बड़ा बदलाव देखा। आज 711 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी खरीदने वाले दिनेश ठक्कर के कारोबारी सफर में एक बड़ा झटका भी आया था। दिए एक इंटरव्यू में ठक्कर ने बताया था कि करीब 2001 में उन्होंने इंटरनेट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर काफी पैसा लगाया था। डॉट-कॉम बबल फूटने के दौरान उन्होंने अपने निवेश का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा गंवा दिया था। हालांकि, उन्होंने इस असफलता को छिपाने के बजाय इससे सीखने की कोशिश की। बाद में एंजल वन में उन्होंने एक तरह का 'फेलियर क्लब' शुरू किया, जहां कर्मचारी असफल प्रोजेक्ट्स पर खुलकर चर्चा कर सकते थे। इसका मकसद यह समझना था कि कोई प्रोजेक्ट क्यों असफल हुआ और भविष्य में ऐसी गलतियों से कैसे बचा जा सकता है।

## स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी को मिले 985 करोड़ के ऑर्डर, शेयर 6 प्रतिशत चढ़े

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी को 985 करोड़ से ज्यादा के दो ऑर्डर मिलने की खबर ने निवेशकों में जोश भर दिया है। यह शेयर 22 सितंबर को शुरुआती कारोबार में ही 6 प्रतिशत उछल गया। सुबह 9:20 बजे पर कंपनी का शेयर 10.40 या 6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 183.75 पर था। जबकि, 11 बजे के करीब यह 4 पर्सेंट ऊपर 180.20 रुपये पर था और सेंसेक्स–निफ्टी में भी गिरावट थी। शेयर प्रइस हिस्ट्री : स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी की शेयर प्राइस हिस्ट्री की बात करें तो 7 साल में यह स्टॉक 472 प्रतिशत उछलकर कर 31 रुपये से 180 के पार पहुंचा है। पिछले एक महीने में इसने करीब 6 फीसद का नुकसान कराया है। जबकि, 6 महीने में इसने करीब 14 प्रतिशत का रिटर्न भी दिया है। यह साल इस स्टॉक में निवेश करने वालों के लिए अच्छा नहीं जा रहा। 2026 में अबतक इसने 16 प्रतिशत का निगेटिव रिटर्न दिया है। जबकि, पिछले एक साल में 32 प्रतिशत का झटका दिया है। कंपनी को राजस्थान में 534.3 का ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर भारत के एक बड़े इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर से मिला है। इस प्रोजेक्ट में बैलेंस ऑफ सिस्टम पैकेज को लागू करने का काम शामिल है। इसके अलावा अलग से दक्षिण अफ्रीका में दो बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिसटम प्रोजेक्ट्स का ऑर्डर मिला है।

## टाटा मैजिक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चंदवा, लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के पुराने पोस्ट ऑफिस के पास मंगलवार को सड़क हादसे में बाइक सवार पिंटू उरांव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी उनकी पत्नी अशिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, हिसरी गांव निवासी पिंटू उरांव पत्नी के साथ करमा पर्व पर अपनी बेटी को लाने कुडु जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही अमूल दूध लदी टाटा मैजिक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल अशिता देवी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर पहुंची चंदवा पुलिस ने टाटा मैजिक को जब्त कर लिया है। चालक मौके से फरार बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## करम पर्व पर उपायुक्त ने जिलेवासियों को दीं शुभकामनाएं



**पाकुड़।** पाकुड़ उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने करम पर्व के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जोहार प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति, संस्कृति एवं भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक करम पर्व हमारी समृद्ध लोक परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति के प्रति गहरी आस्था का पर्व है। यह पावन अवसर सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आए तथा करम पर्व की समृद्ध परंपराएं हमारी संस्कृति और प्रकृति संरक्षण के संकल्प को निरंतर सशक्त करती रहें।

## आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का धरना 25 को

**रांची।** झारखंड आंगनबाड़ी प्रदेश वर्कर्स यूनियन ने तीन सूत्री मांगों को लेकर 25 सितंबर को रांची में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया है। यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा ने कहा कि सेविका-सहायिकाओं को चयनमुक्त करने की कथित धमकी बंद नहीं हुई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मौजूदा बाजार भाव में सरकारी दर पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों को पका भोजन उपलब्ध कराना संभव नहीं है। खाद्य पदार्थों की कीमतें निर्धारित दर से करीब दोगुनी हो चुकी हैं। ऊपर से पिछले आठ माह से पोषाहार राशि का भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे में मामूली मानदेय पर काम करने वाली सेविका-सहायिकाओं के लिए अपनी जेब से खर्च कर या उधार राशन लेकर बच्चों का भोजन तैयार करना मुश्किल है।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर 24 सितंबर को होगी कार्रवाई

**मेदिनीनगर (पलामू)।** चैनपुर अंचल अंतर्गत ग्राम किन्नी में गैरमजरुआ मालिक भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई 24 सितंबर 2026 को की जाएगी। इस संबंध में बताया गया कि ग्राम किन्नी के खाता संख्या-19, प्लॉट संख्या-247/781, रकबा 05.74 एकड़ गैरमजरुआ मालिक भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण/अवैध कब्जा किया गया है। उक्त अतिक्रमण को हटाने के लिए 24 सितंबर की तिथि निर्धारित की गई है। अंचल अधिकारी सत्यम कुमार ने संबंधित लोगों से निर्धारित तिथि से पूर्व स्वयं अतिक्रमण हटा लेने की अपील की है। निर्धारित तिथि के बाद प्रशासन एवं राजस्व विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अतिक्रमणकारियों की होगी।

## नगर थाना पुलिस ने दो नाबालिग छात्राओं को सकुशल किया बरामद

**पाकुड़।** नगर थाना पुलिस ने गुमशुदा हुई दो नाबालिग छात्राओं को सकुशल बरामद कर बाल कल्याण समिति को सौंप दिया। मामले की जानकारी एसडीपीओ कुमार गौरव ने दी। उन्होंने बताया कि दोनों छात्राएं निर्धारित समय पर घर नहीं पहुंचीं, जिसके बाद परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। आसपास के इलाकों और परिचितों के यहां तलाश करने के बाद भी जब दोनों का पता नहीं चला तो परिजनों ने नगर थाना में गुमशुदगी की सूचना दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी और छात्राओं की बरामदगी के लिए टीम गठित की। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र से ही दोनों नाबालिगों को सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया गया। एसडीपीओ कुमार गौरव ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की गतिविधियों और उनके आने-जाने के समय पर लगातार नजर रखें। यदि बच्चा या बच्ची निर्धारित समय पर विद्यालय से घर नहीं लौटता है तो तत्काल आसपास और रिश्तेदारों के यहां जानकारी लें तथा बिना देरी किए पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि समय पर सूचना मिलने से पुलिस त्वरित कार्रवाई कर सकुशल बरामदगी सुनिश्चित करने में प्रभावी कदम उठा सकती है।

## सीनेट सदस्य मनोनीत होने पर डॉ. मनोहर कुमार का सम्मान

**पाकुड़।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की सीनेट के सदस्य के रूप में डॉ. मनोहर कुमार के मनोनीत होने पर एबीवीपी कार्यकताओं ने उनका सम्मान किया। डॉ. मनोहर कुमार पाकुड़ कॉलेज के बीएड विभाग में सहायक प्राध्यापक हैं और एबीवीपी के पाकुड़ जिला प्रमुख भी हैं। उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार उनका मनोनयन राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा किया गया है।इस अवसर पर पूर्व जिला संयोजक सुमित पांडे, प्रदेश सह मंत्री बमभोला उपाध्याय, कॉलेज उपाध्यक्ष सुमित सेन, नगर सह मंत्री दिनेश कुमार पंडित, हर्ष कुमार और विशेष आमंत्रित सदस्य आदित्य सिंह समेत कार्यकर्ताओं ने डॉ. मनोहर कुमार को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यकताओं ने उन्हें कोरोना काल में एबीवीपी के सेवा कार्यों पर आधारित पुस्तक संवेदना भी भेंट की। प्रदेश सह मंत्री बमभोला उपाध्याय ने कहा कि डॉ. मनोहर कुमार लंबे समय से विद्यार्थी परिषद से जुड़े हैं और छात्र हित से जुड़े विषयों में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीनेट सदस्य के रूप में डॉ. कुमार विश्वविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों को रखने का प्रयास करेंगे।डॉ. मनोहर कुमार ने राज्यपाल, विश्वविद्यालय प्रशासन और एबीवीपी कार्यकताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सीनेट सदस्य के रूप में छात्र हित, शैक्षणिक गुणवत्ता और विश्वविद्यालय व्यवस्था से जुड़े विषयों पर जिम्मेदारीपूर्वक काम करने का प्रयास करेंगे। मौके पर डॉ. महबूब आलम, डॉ. शिव प्रसाद लोहरा, डॉ. आशीष भारती, डॉ. हिमांशु शेखर महाकुर, डॉ. हरीश कुमार पांडेय, डॉ. उपेन्द्र कुमार, प्रीतम अविनाश और डॉ. सुनील कुमार गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## छात्रा से दुर्व्यवहार मामले में हंगामा

**लखीसराय।** हलसी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय दिरा हरेवा में मंगलवार को एक छात्रा से शिक्षक द्वारा कथित दुर्व्यवहार की शिकायत को लेकर स्वजनों और ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने शिक्षक पर छात्राओं को फोन कर कथित रूप से डराने-धमकाने और अपनी बात मनवाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस विद्यालय पहुंची और लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। ग्रामीणों के अनुसार, शनिवार की रात विद्यालय की 11वीं कक्षा की एक छात्रा को शिक्षक ने फोन कर अगले दिन से परीक्षा होने की बात कही। छात्रा ने बताया कि उसे परीक्षा की तिथि की जानकारी पहले से थी। छात्रा के अनुसार, नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन करने के समय से ही शिक्षक द्वारा विज्ञान के बजाय कला संकाय में नामांकन कराने का दबाव बनाया जा रहा था। सोमवार को परीक्षा के दौरान शिक्षक द्वारा कथित रूप से अनुचित व्यवहार किए जाने की शिकायत छात्रा ने अपने स्वजन से की। इसके बाद मंगलवार को स्वजन और ग्रामीण विद्यालय पहुंचे और हंगामा किया। विद्यालय में हंगामे की सूचना पर हलसी थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन ने पुलिस पदाधिकारी को विद्यालय भेजा। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया और संबंधित शिक्षक को पूछताछ के लिए थाने ले गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निशा कुमारी ने बताया कि एक छात्रा के अभिभावक ने शिक्षक के संबंध में शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद शिक्षक को फटकार लगाई गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एजाज आलम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि छात्रा के स्वजन की ओर से थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया गया। आवेदन नहीं मिलने के कारण शिक्षक को थाने से मुक्त कर दिया गया है।

# जादू-टोना के शक में ग्राम प्रधान की हत्या

### महज 8 घंटे में आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के छोटा कुस्कूटा गांव में 21 सितंबर को हुई ग्राम प्रधान छोटा बामना पहाड़िया की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना के महज आठ घंटे के भीतर गांव के ही रहने वाले धर्मा पहाड़िया को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने अंधविश्वास और जादू-टोना के शक में हत्या करने की बात स्वीकार की है।

पाकुड़ एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 21 सितंबर की रात ग्राम प्रधान की गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या की गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई। टीम ने मानवीय और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। फिंगरप्रिंट टीम और डॉग स्क्वॉड की भी मदद ली गई।

जांच के दौरान पुलिस ने धर्मा पहाड़िया को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने बताया कि उसे शक था कि ग्राम प्रधान ने जादू-टोना कर पहले उसके दादा और फिर पिता की जान ली थी।

आरोपी ने यह भी बताया कि एक बार शराब के नशे में मृतक ने उसके पिता और दादा को जादू-टोना से मारने की बात कही थी। इसके बाद उसने ग्राम प्रधान की हत्या करने का मन बना लिया था।



पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर लकड़ी के बेंट वाली खून लगी कुल्हाड़ी (टांगी) और खून लगा नारंगी रंग का प्रिंटेड गमछा बरामद किया है। मृतक की पत्नी की लिखित शिकायत पर अमड़ापाड़ा थाना में कांड संख्या 72/2026 दर्ज किया गया है। मामले में पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## बैठक में कोयला चोरी समेत स्थानीय मुद्दों पर चर्चा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** एसडीपीओ कुमार गौरव के साथ हुई बैठक में कोयला चोरी, आसनदीपा-दुगार्पुर लोकल क्षेत्र से जुड़े विभिन्न स्थानीय मुद्दों और आम लोगों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और चोरी की घटनाओं की रोकथाम को लेकर भी कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक के दौरान डीजल चोरी की घटनाओं में कमी आने और फिलहाल ऐसी घटनाओं पर अंकुश रहने को लेकर पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना की गई। इसके लिए पुलिस अधिकारियों के प्रति आभार भी जताया गया। बैठक में इंस्पेक्टर जॉन मुर्मू, मालपहाड़ी ओपी प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता, ब्रजमोहन साह, विष्णु, बाबू साहा, राहुल सिंह तथा बीजीआर की ओर से बबलू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्र से जुड़े विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस-प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच बेहतर समन्वय के साथ आगे काम करने पर भी सहमति बनी।

## जर्जर पाकुड़-हिरणपुर मुख्य सड़क की मरम्मत की मांग

### डीसी को सौंपा आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** सामाजिक कार्यकर्ता और डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार मंच के संयोजक सुजीत कुमार विद्यार्थी ने पाकुड़-हिरणपुर मुख्य सड़क की मरम्मत कराने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को आवेदन सौंपा है। उन्होंने डीसी आवास से लेकर सदर अस्पताल सोनाजोड़ी तक सड़क की स्थिति में सुधार कराने का आग्रह किया है।

आवेदन में सुजीत विद्यार्थी ने कहा है कि पाकुड़-हिरणपुर मुख्य मार्ग वित्तीय वर्ष 2024 से ही खराब स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से सोनाजोड़ी स्थित सदर अस्पताल जाने वाले मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि सिद्धो-कान्हू मुर्मू पार्क से लेकर सोनाजोड़ी तक सड़क की स्थिति बेहद खराब है। इस सड़क की मरम्मत के लिए पूर्व में भी तत्कालीन उपायुक्त को जानकारी दी गई थी, लेकिन उस समय काम नहीं हो सका।सुजीत विद्यार्थी ने कहा कि पाकुड़ की पहचान देश-दुनिया में काला पत्थर के लिए है। ऐसे में जिले की प्रमुख सड़क का लंबे समय से जर्जर रहना चिंता का विषय है। उन्होंने जिला प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

## 15 अक्टूबर तक कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेल प्रशासन ने चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले बंडामुंडा ए केबिन-राउरकेला सेक्शन के बीच पांचवीं रेल लाइन चालू करने के सिलसिले में बंडामुंडा डी केबिन पर नॉन-इंटरलाकिंग का काम 03 से 15 अक्टूबर के बीच किया जाएगा। इस वजह से रेलवे ने मंडल से गुजरने वाली दर्जनों ट्रेनों का परिचालन विभिन्न तिथियों में रद करने की घोषणा कर दी है।

## पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

**पटना।** सालिमपुर और बाढ़ में शिविर लगाकर 400 से अधिक बैंक खाते खुलवाने के मामले में पटना साइबर थाना की पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है। आरोप है कि ग्रामीणों को सरकारी योजना का लाभ, मुफ्त अनाज और अन्य सुविधाएं दिलाने का प्रलोभन देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाए गए। बाद में इन खातों को साइबर अपराधियों को बेच दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मां-बेटी ने झांसे में लेकर ग्रामीणों का खाता खुलवाया है। दोनों नालंदा की रहने वाली है। पुलिस जांच में सामने आया है कि सालिमपुर में करीब 250 और बाढ़ में लगभग 150 खाते शिविर लगाकर खुलवाए गए थे। इन खातों का इस्तेमाल म्यूल अकाउंट के तौर पर किए जाने की आशंका है। सालिमपुर में ग्रामीणों की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया था। इसी तरह की गतिविधि सामने आने पर बाढ़ में भी जांच शुरू हुई। जांच के अनुसार, मां-बेटी खुद को बैंक प्रतिनिधि बताकर गांवों में पहुंचती थीं।

# बंगाल की बेकरी से चार बाल मजदूरों का रेस्क्यू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** जिला प्रशासन की पहल पर पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज स्थित एक बेकरी फैक्ट्री से रेस्क्यू किए गए पाकुड़ के चार बाल मजदूरों को आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया। बच्चों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाने के साथ उनके पुनर्वास और शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल के रायगंज की विभिन्न फैक्ट्रियों में पाकुड़ और संथाल परगना क्षेत्र के बच्चों से काम कराया जा रहा है। इसके बाद उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर टीम गठित की गई। टीम में सिविल एसडीओ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शामिल थे। टीम ने बंगाल पहुंचकर रायगंज प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित किया और एक बेकरी फैक्ट्री से पाकुड़ के चार बाल मजदूरों को रेस्क्यू किया। इसके बाद सभी बच्चों को रायगंज से पाकुड़ लाया गया।

बाल कल्याण कार्यालय में अभिभावकों को बुलाकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चों को उनके सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी व्यास ठाकुर, बाल कल्याण समिति के सदस्य विनोद प्रमाणिक, सलमा जहां, रंजना श्रीवास्तव और सूर्योदय चिल्ड्रन होम रायगंज के देवशीष कर मौजूद रहे। बाल कल्याण समिति के सदस्य विनोद प्रमाणिक ने बताया कि रायगंज में बच्चों से मजदूरी कराए जाने की सूचना मिली थी। झालसा के निर्देश पर जिला प्रशासन ने टीम गठित कर कार्रवाई की, जिसके बाद बच्चों को रेस्क्यू कर उनके अभिभावकों को सौंपा गया। जिला प्रशासन के अनुसार, बच्चों के सुरक्षित भविष्य और पुनर्वास को प्राथमिकता देते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम समय-समय पर उनका अनुश्रवण करेगी। संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर बच्चों को दोबारा शिक्षा से जोड़ने और उनके सुरक्षित वातावरण में रहने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## निर्माणाधीन पावर सब स्टेशन में लूटपाट

**गांडेय ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के क्षेत्र गांडेय में अपराधियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। मड़वाटांड में निमार्णाधीन पावर सब स्टेशन में सोमवार रात करीब 11 बजे 10-15 की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने पावर सब स्टेशन के रात्रि गार्ड को पिस्टल के बल पर बंधक बना लिया और उन्हें कंबल से ढक दिया। वे रात एक बजे तक पावर सब स्टेशन में लगे 5 केवी के दो ट्रांसफार्मरों को खोलकर उनमें से तांबे की काइल व तार निकाल ले गए। साथ ही वहां रखा तेल को बहा कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मंगलवार सुबह गांडेय थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। वे नाइट गार्ड समेत अन्य लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाया। पुलिस राज्य व अंतर्राज्यीय गिरोह के संलिप्तता के बिंदु पर भी जांच कर रही है। बता दें कि गांडेय पावर सब स्टेशन से सिजुआ फीडर में लोड अत्यधिक होने के कारण मड़वाटांड में एक नया पावर सब स्टेशन बनाया जा रहा है।

# सिमडेगा में मिला रूबेला वायरस का पहला केस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य में रूबेला वायरस का पहला मामला सिमडेगा से सामने आया है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग पूरे अलर्ट मोड पर है। रूबेला वायरस का पहला पीड़ित मरीज सिमडेगा के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कुड़पानी मुंडलटोली गांव से एक 10 वर्ष की बच्ची है। इसकी पुष्टि सिमडेगा सिविल सर्जन सुंदर मोहन समद ने की है।

उन्होंने बताया कि कुड़पानी गांव के कुछ बच्चियों का स्वास्थ्य जांच बीते 15 सितंबर को किया गया था। इसके पश्चात 5 बच्चियों के ब्लड सैंपल लेकर जांच के लिए रिम्स भेजा गया था। जांच के बाद 19 सितंबर को रिम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने मुंडलटोली निवासी एक 10 वर्षीय बच्ची में रूबेला वायरस की पुष्टि की है।

इधर राज्य में रूबेला वायरस का पहला मामला सिमडेगा में सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसके रोकथाम के लिए एहतियात के तौर पर कई कदम उठाए गए हैं।

सिविल सर्जन ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। वहीं मरीज के गांव सहित आसपास के गांव में भी मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही अन्य केस की खोज जारी है। राज्य में रूबेला वायरस का पहला कि मिलने के बाद ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। ताकि आवश्यकता अनुसार हर संभव कदम उठाए जा सके।

### स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

सिविल सर्जन सुंदर मोहन समद ने बताया कि रूबेला वायरस के प्रसार पर रोक के लिए 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए मुंडलटोली सहित आसपास के 3 गांव में कुल 112 बच्चों के वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें केवल मुंडलटोली के 44 बच्चे शामिल है।

अब तक मुंडल टोली में 28 बच्चों को वैक्सीन दी जा चुकी है। वैक्सीनेशन का कार्य जल्द पूरा करने के लिए बुधवार से चार टीम में बनाई गई है। जो मुंडलटोली सहित आसपास के अन्य दो गांव में भी वैक्सीनेशन का काम जल्द पूर्ण करेगी।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि रूबेला वायरस से पीड़ित एक 10 वर्षीय बच्ची वर्तमान में ठीक है। रूबेला वायरस संक्रमित मरीज पाए जाने के बाद स्वास्थ्य केंद्र कुड़पानी में विशेष अभियान चलाकर स्वास्थ्य टीम सभी बच्चों का टीकाकरण कर रही है।

## 9.660 किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** पलामू पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 9.660 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन भी जब्त की है।

पुलिस के अनुसार, एसपी को 21 सितंबर की शाम सूचना मिली थी कि बिहार का एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से छतरपुर थाना क्षेत्र के करमा चराई में अफीम की खरीद-बिक्री करने आने वाला है। सूचना पर छतरपुर एसडीपीओ प्रशांत कुमार के नेतृत्व में टीम ने करमा चराई रोड, पथलगढ़ा के पास वाहन जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे रंजन रजक (36), निवासी डुमरिया, गया (बिहार) को पकड़ा गया। उसकी मोटरसाइकिल की डिक्की से 2.660 किलो अफीम बरामद हुई।

पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने मंझौली निवासी दयानंद प्रसाद (60) के घर छापेमारी की। एक कमरे से 7 किलो अफीम बरामद हुई। इस तरह कुल 9.660 किलो अफीम जब्त की गई। छतरपुर थाना कांड संख्या 156/2026 में एनडीपीएस एक्ट की धारा 18(बी)/25/29 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अफीम के स्रोत, गंतव्य और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## विवाद में ऑटो चालक की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तुपुदाना।** धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित शहीद मैदान में हड़िया पीने के दौरान हुआ मामूली विवाद सोमवार की रात खूनी घटना में बदल गया। हड़िया दुकान पर हुए विवाद के बाद आटो चालक शोभनाथ राय की पीट पीटकर हत्या कर दी गई।

आरोप है कि शोभनाथ जब दुकान पर छूटा अपना मोबाइल लेने दोबारा अकेले पहुंचे तो पहले से मौजूद आरोपितों ने उन्हें घेर लिया और लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद परिजन उन्हें गुरुनानक अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

चुटिया थाना क्षेत्र के द्वारिकापुरी रोड नंबर आठ निवासी शोभनाथ राय एयरपोर्ट से रिजर्व में आटो चलाते थे। सोमवार शाम करीब 6:45 बजे उन्होंने अपने 18 वर्षीय बेटे सन्नी कुमार को फोन किया। बताया कि शहीद मैदान के पास कुछ लोग उनके साथ गाली गलौज और मारपीट कर रहे हैं।

पिता का फोन आने के बाद सन्नी अपने भाई किशन कुमार और दोस्तों प्रियांशु सिंह व लल्लू कुमार के साथ करीब 7:10 बजे शहीद मैदान पहुंचा। शांति देवी की हड़िया दुकान के पास पहुंचने पर शोभनाथ ने संदीप पासवान, रंजीत और राजेंद्र तिर्की उर्फ बाबा की पहचान की। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच फिर विवाद और हाथापाई हुई। परिजनों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद सन्नी और उसके साथ आए लोग शोभनाथ को लेकर वहां से निकलने लगे। रास्ते में शोभनाथ को याद आया कि उनका मोबाइल हड़िया दुकान पर ही छूट गया है। उन्होंने बेटा से कुछ देर रुकने को कहा और अकेले मोबाइल लेने वापस दुकान की ओर चले गए। आरोप है कि इसी दौरान आरोपितों ने उन्हें अकेला पाकर फिर घेर लिया और लाठी डंडे से हमला कर दिया। काफी देर तक शोभनाथ के वापस नहीं लौटने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई।

## दुर्गा पूजा की तैयारियों को ले बैठक बुलाने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में दुर्गा पूजा सहित लक्ष्मी पूजा एवं काली पूजा का आयोजन विभिन्न पूजा समितियों द्वारा किया जाना है। पर्व-त्योहारों को लेकर श्रद्धालुओं एवं पूजा समितियों में उत्साह का माहौल है। वहीं, पूजा के दौरान शहर में स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा पूजा पंडालों के आसपास साफ-सफाई एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर परिषद के वार्ड पार्षदों ने बोर्ड की सामान्य मासिक बैठक आयोजित करने की मांग की है। इस संबंध में नगर परिषद पाकुड़ के वार्ड पार्षदों निभा देवी,कृष्णा शर्मा,पूनम देवी,तनु दास,राखी सरदारिन,चेनु बीबी, रबिया बीबी,अनिकेत गोस्वामी,रियाज अंसारी,बिमल चंद्र राउत, राजा अंसारी तथा गुड्डू कुमार भगत ने संयुक्त रूप से कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद पाकुड़ को आवेदन सौंपकर शीघ्र बोर्ड की बैठक आयोजित करने का आग्रह किया।



वार्ड पार्षदों ने आवेदन में कहा है कि दुर्गा पूजा सहित आगामी सभी प्रमुख पर्व-त्योहारों के दौरान नगर परिषद क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही होती है। विभिन्न स्थानों पर पूजा पंडाल स्थापित किए जाते हैं तथा पूजा समितियों द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। ऐसे में पूजा स्थलों, मुख्य सड़कों, गली-मोहल्लों एवं पंडालों के आसपास विशेष स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है।पार्षदों ने विशेष रूप से पूजा के दौरान नियमित कूड़ा उठाव, पंडालों के आसपास साफ-सफाई, नालियों की सफाई, पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत तथा आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके अलावा पूजा समितियों एवं नगर परिषद के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पर्व के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो, इसके लिए पूर्व से कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता बताई गई। पार्षदों का कहना है कि समय रहते बोर्ड की बैठक आयोजित होने से विभिन्न वार्डों की समस्याओं एवं पूजा समितियों की आवश्यकताओं पर सामूहिक रूप से चर्चा की जा सकेगी। इससे दुर्गा पूजा समेत आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान नगर परिषद क्षेत्र में बेहतर नागरिक सुविधा एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक निर्णय लिए जा सकेंगे। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि सभी संबंधित लोगों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर आगामी माह बोर्ड की सामान्य बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पर्व-त्योहारों के दौरान क्षेत्र में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं को लेकर आवश्यक तैयारियों पर चर्चा कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

## 466 विकेट लेने वाले अंग्रेज गेंदबाज का क्रिकेट से संन्यास

### थमा 2 वर्ल्ड कप जीतने वाले तेज गेंदबाज का सफर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 36 वर्षीय मार्क वुड ने अपने क्रिकेट करियर में फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए और टी20 क्रिकेट को मिलाकर कुल 466 विकेट लिए। दो विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम का हिस्सा रहे मार्क वुड अपनी तेज रफ्तार और खतरनाक गेंदबाजी के लिए पहचाने जाते हैं।
मार्क वुड ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 255, लिस्ट ए



में 126 और टी20 क्रिकेट में 85 विकेट लिए। इसके अलावा उन्होंने कुल 2341 रन (1977 प्रथम श्रेणी, 230 लिस्ट ए और 134 टी20 मैच) भी बनाए। लगातार चोटों से जूझने के कारण मार्क वुड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया।

**टेस्ट मैचों में लिए 119 विकेट–** दो बार वर्ल्ड कप जीतने वाले और अपनी पीढ़ी के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक मार्क वुड ने 2015 में लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू करने के बाद 38 टेस्ट मैचों में 119 विकेट लिए। मार्क वुड ने 70 वनडे इंटरनेशनल में 80 और 38 टी20 इंटरनेशनल मैचों में कुल 54 विकेट लिए। उन्होंने टेस्ट में 811,

## भारत-जापान टी20 मैच से पहले 'वंदे मातरम' की गूंज

### खिलाड़ियों और दर्शकों ने मिलकर गाया राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच ऐतिहासिक टी20 इंटरनेशनल मुकाबला कान्टो के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। इस मुकाबले में बारिश के कारण मैच देरी से शुरू हुआ और 5–5 ओवर का मैच शुरू हुआ। इस मुकाबले से पहले सानो में ऐतिहासिक पल देखने को मिला। राष्ट्रगान से पहले वंदे मातरम् गूंजा। इससे पहले भारत–अफगानिस्तान टी20 सीरीज के पहले मैच से पूर्व भी नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में




यही देखने को मिला था। वहां भी वंदे मातरम् गूंजा था। ऐसा ही नजारा जापान के कान्टो में दिखा जहां, भारतीय खिलाड़ियों और दर्शकों ने मिलकर पहले वंदे मातरम् गाया और फिर राष्ट्रगान हुआ।

**श्रेयस अय्यर ने चुनी पहले बल्लेबाजी**
आपको बता दें कि भारत और जापान के बीच यह मुकाबला दोनों देशों के बीच राजनीतिक रिश्तों की 75वीं वर्षगांठ को सेलिब्रेट करने के लिए खेला जा रहा है। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बारिश के कारण मुकाबला तीन घंटे की देरी से शुरू हुआ। यह मैच 5–5 ओवर का हो रहा है और कुल 10 ओवर का एक्शन फैंस को देखने को मिलेगा।




# 'यह गर्व का पल है'

### आईओए प्रमुख पीटी उषा ने गोल्ड मेडल जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई

**निशिन।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने एशियन गेम्स 2026 में गोल्ड मेडल जीतने के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जमकर तारीफ की है। उन्होंने इस पल को गर्व का क्षण बताया और उम्मीद जताई कि आइची-नागोया में चल रहे एशियन गेम्स में भारतीय दल और भी कई गोल्ड मेडल जीतेगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने जापानी एशियाई खेल आयोजन समिति से एशियन गेम्स में क्रिकेट को शामिल करने का आग्रह किया था, ठीक वैसे ही जैसे यह हांग्जो 2023 खेलों का हिस्सा था। पीटी उषा ने 'आईएएनएस' के साथ एक खास बातचीत में कहा, 'मुझे खुशी है कि महिला क्रिकेटर्स ने गोल्ड मेडल जीता और इसमें कोई शक नहीं कि हमें और भी गोल्ड मेडल मिलेंगे। मैंने जापान एशियाई खेल आयोजन समिति की समन्वय समिति से खेलों में पुरुष और महिला क्रिकेट को शामिल करने का अनुरोध किया था। मैं क्रिकेट देखना चाहती थी और मुझे खुशी है कि खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल




जीता है। यह गर्व का पल है।' आईओए अध्यक्ष जीत के बाद महिला क्रिकेट टीम से मुलाकात करेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं यहां उनसे पहले नहीं मिल पाई थी; हम पहले कई बार मिल चुके हैं लेकिन मैं उनसे यहां भी मिलूंगी। मैंने उनका खेल देखा था जब वे यहां खेल रही थीं।' भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपना गोल्ड मेडल बचाने के लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया।

फाइनल में स्मृति मंधाना ने 79 रनों की दमदार पारी खेली जबकि शेफाली वर्मा ने 29 गेंदों में 48 रन बनाए। वहीं, ऋचा घोष ने 22 गेंदों में नाबाद 49 रन बनाए, जिसके दम पर भारतीय टीम 3 विकेट खोकर 216 रन स्कोरबोर्ड पर लाने में सफल रही। वहीं, गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, श्रेयंका पाटिल और श्री चरणी ने मिलकर 9 विकेट लिए और भारत को 147 रनों की बड़ी जीत दिलाई। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की पूरी टीम महज 69 रन बनाकर ऑलआउट हुई। मौजूदा एशियन गेम्स में यह भारत का पहला और कुल मिलाकर सातवां गोल्ड मेडल है। भारतीय महिला टीम ने एशियन गेम्स के पिछले संस्करण में भी गोल्ड मेडल जीता था और अब उसी टीम के खिलाफ अपने खिताब का बचाव किया है।

### कप्तान अय्यर ने की जापान की तारीफ

## कहा- उनका प्रदर्शन शानदार रहा

**सानो।** एशियन गेम्स 2026 में मंगलवार को सानो इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत और जापान का रोमांचक मुकाबला खेला गया। बारिश और गीले मैदान की वजह से मैच 20-20 ओवरों की जगह 5-5 ओवरों का खेला गया।

भारतीय टीम ने 2 रन से यह मैच जीता। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। अय्यर ने मैच के बाद जापान टीम की तारीफ की। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद श्रेयस ने कहा, 'सच कहूं तो, यह बल्लेबाजी के लिए बहुत मुश्किल विकेट था। हमने ओपनर्स को भी देखा, जो लगातार रन बनाने के आदी हैं, स्पिन की पेस को समझ नहीं पा रहे थे। मैं जब अंदर आया तो मैंने तय किया कि सिंगल्स और डबल्स लेना और जितना हो सके स्ट्राइक रोटेट करना जरूरी है। मैंने अपने साथ आए बल्लेबाज से भी बात की, लेकिन वह भी करना मुश्किल था। मैंने बस यह तय किया कि मैं गेंद की मेरिट पर खेलूंगा और देखूंगा, उसी के हिसाब से प्लान बनाऊंगा।


अगर बॉल घूम ले रही है और थोड़ी रुक रही है, तो मैं बस बॉल की पेस का इस्तेमाल करूंगा और खुद को पीछे रोककर देखूंगा कि मैं सिंगल्स और डबल्स ले सकूं। तो यह काफी अच्छा रहा।' अय्यर ने कहा, 'मैं हमेशा कहता रहता हूं कि पांच ओवर का गेम कहीं भी जा सकता है।



## पुरुष क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

### 200 टी20 मैच जीतने वाली पहली टीम बनी

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान जापान को 2 रन से हरा दिया। टी20 क्रिकेट में भारत की यह 200वीं जीत थी। 200 टी20 मैच जीतने वाली भारत पहली टीम है। भारत ने अपने पहला टी20 मैच में ही पहली जीत दर्ज की थी। एक दिसंबर 2006 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए मैच में भारत ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने अपना 50वां जीत 2017 में श्रीलंका के खिलाफ हासिल किया था। टीम इंडिया ने कोलंबो में खेले गए इस मैच में 7 विकेट से जीत



हासिल की थी। भारत ने अपनी 100वीं जीत 2022 में कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 रन से, 150वीं जीत 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 रन से और 200वीं जीत 2026 में जापान के खिलाफ 2 रन से हासिल की है। भारतीय टीम 50 जीत के लिए 83 मैच, 51 से 100 जीत का आंकड़ा हासिल करने के लिए 72 मैच, 101 से 150 जीत तक पहुंचने के लिए 70 मैच और 151 से 200 जीत तक पहुंचने के लिए 66 मैच खेले। भारतीय टीम ने अपनी आखिरी 50 जीत के लिए सबसे कम मैच खेले हैं।

भारत–जापान मैच की बात करें तो सानो इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। भारतीय टीम की बल्लेबाजी निराशाजनक रही थी। बारिश की वजह से गीले मैदान के कारण मैच 20 ओवर की जगह मात्र 5–5 ओवर का हुआ।

भारतीय टीम ने 4 विकेट खोकर 32 रन बनाए। सर्वाधिक 16 रन कप्तान श्रेयस अय्यर ने बनाए। 33 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी जापान 5 ओवर में 3 विकेट पर 30 रन ही बना सकी और 2 रन से मैच हार गई।



## शैफाली वर्मा कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा WT20I रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं

### नहीं तोड़ पाईं पाकिस्तानी जोड़ी का एशियन गेम्स का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने 2026 में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। शैफाली वर्मा महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। शैफाली वर्मा ने इस मामले में दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट को पीछे छोड़ा।

क्रिकबज के आंकड़ों के मुताबिक, लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 2026 में अब तक 863 रन बनाए हैं। हालांकि, एशियन गेम्स 2026 में श्रीलंका के खिलाफ स्मृति मंधाना के साथ उनकी 99 रन की साझेदारी उन्हें इस प्रतियोगिता (महिला वर्ग) में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी के रिकॉर्ड तक नहीं पहुंचा पाई।

एशियन गेम्स का यह रिकॉर्ड पाकिस्तान की आयशा जफर और शवाल जुल्फिकार के नाम है। आयशा जफर और शवाल जुल्फिकार ने एशियन गेम्स 2026 में श्रीलंका के खिलाफ 115 रन की साझेदारी की थी।

शैफाली वर्मा ने 2026 में महिला ञ्20ढ्ढ क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। उनके नाम इस कैलेंडर ईयर में 863 रन हो गए हैं। इसके साथ ही वह एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा महिला ञ्20ढ्ढ रन बनाने वाली बैटर बन गई हैं। इस सूची में दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट 824 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। हॉन्गकॉन्ग की नताशा माइल्स ने 800 रन के साथ तीसरे और संयुक्त अरब अमीरात की ईशा ओजा 779 रन के साथ चौथे नंबर पर हैं।

## स्मृति ने रचा इतिहास

### 11000 रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनीं



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान और स्टार बैटर स्मृति मंधाना ने एक बार फिर खुद को बड़ी मैच की खिलाड़ी साबित किया। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ एशियन गेम्स 2026 के फाइनल (गोल्ड मेडल मैच) में बेहतरीन अर्धशतक जड़ा। उन्होंने इस पारी में अपना 37वां टी20 इंटरनेशनल अर्धशतक लगाया। स्मृति ने पारी में 13 रन बनाते ही एक खास मुकाम भी महिला क्रिकेट में हासिल कर लिया है।

हाल ही में स्मृति मंधाना ने मिताली राज को पीछे छोड़ते हुए सबसे ज्यादा महिला इंटरनेशनल रन का रिकॉर्ड बनाया था। अब वह 11 हजार रन महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरे कर चुकी हैं। वह महिला क्रिकेट में यह मुकाम हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी बनी हैं। उन्होंने अपने 308वें इंटरनेशनल मैच में यह उपलब्धि हासिल की है। वहीं उन्होंने अपनी साथी ओपनर शैफाली वर्मा के साथ भी तीन बड़े रिकॉर्ड बनाए।

### सबसे ज्यादा रन बनाने वाली 5 खिलाड़ी

- स्मृति मंधाना (भारत): 11060* रन
- मिताली राज (भारत): 10868 रन
- सूजी बेट्स (न्यूजीलैंड): 10740 रन
- शार्लेट एडवर्ड्स (इंग्लैंड): 10273 रन
- स्टेफनी टेलर (वेस्टइंडीज): 10005 रन

### एशियन गेम्स: क्वार्टर फाइनल में नॉर्थ कोरिया से होगा मुकाबला

## महिला टेबल टेनिस टीम ने थाईलैंड को हराया

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने मंगलवार को थाईलैंड को हराते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम ने 2-1 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए थाईलैंड को 3-2 से हराया और क्वार्टर फाइनल में पहुंची। क्वार्टर फाइनल में भारतीय टीम का सामना नॉर्थ कोरिया से होगा। यशस्विनी घोरपड़े ने दो जीत के साथ भारत को मुकाबले में बनाए रखा, जबकि श्रीजा अकुला ने ओलंपियन और एशियन गेम्स मेडलिस्ट सुथासिनी सावेत्ताबुत पर 3-1 (9-11, 11-6, 12-10, 11-8) से जीत हासिल करके मुकाबला पक्का कर दिया।

भारत ने अब तक एशियन गेम्स टेबल टेनिस में तीन कांस्य पदक जीते हैं। यह सफलता जकार्ता 2018 में मिली थी, जहां



भारतीय पुरुष टीम ने एशियन गेम्स में देश के लिए पहला टेबल टेनिस मेडल जीता। इसके बाद शरत कमल और मनिका बत्रा ने मिक्स्ड डबल्स में एक और कांस्य पदक जीता। हांगझोऊ 2023 में, सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी ने महिला डबल्स में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले, भारत के कराटे खिलाड़ी चेतन भट्ट मंगलवार को कांस्य पदक मैच में चीनी ताइपे के चुंग मेंग-यू से सेंशु के हाथों हारने के बाद पुरुषों की 84 किग्रा कुमाइट में पोडियम फिनिश से चूक गए। कांस्य पदक के मुकाबले में, चेतन का मुकाबला चीनी ताइपे के मेंग-यू चू से हुआ। स्कोर 1-1 से बराबर था और मेंग-यू को सेंशु के जरिए विजेता घोषित किया गया। भट्ट इससे पहले अपना सेमीफाइनल जॉर्डन के मोहम्मद अलजा'फारी से 8-0 से हार गए थे।

### एशियन गेम्स 2026: महिला टीम क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में हारीं पीवी सिंधु

## जापान ने बनाई 1–0 की बढ़त

**चिनोमिया सिटी।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को मंगलवार को एशियन गेम्स 2026 के महिला टीम क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में जापान की अकाने यामागुची के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में खेला गया, जहां यामागुची ने सिंधु को हराकर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहला गेम टाई-ब्रेक में जीतने के बाद सिंधु तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन यामागुची से 21-23, 21-18, 21-11 से हार गईं, जिससे जापान को क्वार्टर फाइनल में 1-0 की बढ़त मिल गई। उन्नति हुड्डा दूसरे मुकाबले में टोमोका मियाजाकी के खिलाफ भारत के लिए स्कोर




बराबर करने की कोशिश करेंगी। इस मैच से पहले, दोनों खिलाड़ी 30 बार आमने-सामने हो चुकी थीं, जिसमें सिंधु 16 जीत के साथ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में आगे थीं। मंगलवार की हार के बाद दोनों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 16-15 हो गया है, जो अभी भी सिंधु के पक्ष में है।

सिंधु ने 6-10 के अंतर को पाटते हुए अच्छा खेल दिखाया और स्कोर 12-12 तक पहुंचाया। इसके बाद 15-18 से पिछड़ने के बाद वापसी की और एक गेम प्वाइंट बचाकर पहला गेम 23-21 से जीता। दूसरे गेम में, 12-17 से पिछड़ने के बाद सिंधु ने तेजी से कुछ प्वाइंट हासिल किए और अंतर को 16-18 तक कम कर दिया।

# विद्यार्थी सहयोग शिविर महाविद्यालय एवं छात्रों के बीच संवाद का सेतु: प्राचार्य

## विद्यार्थी सहयोग शिविरः समस्या बताइए, समाधान पाइए कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** विद्यार्थी सहयोग शिविर दिवस के तहत 22 सितंबर 2026 को राजकीय डिग्री महाविद्यालय इस्लामनगर अलीगंज में विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने, समझने और उनके यथावत समाधान के उद्देश्य से माह के चौथे मंगलवार को विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।



पूर्व में छात्रों को संदेश के माध्यम से शिविर की सूचना दी गई थी, इसके बाद 13 छात्रों ने शिविर में पहुंचे महा विद्यालय प्रशासन के समक्ष रोहित कुमार नामक छात्रा ने अपनी समस्या रखी। उनकी समस्या यह है कि प्रवेश जमुई जिला के सोनू प्रखंड से अलीगंज प्रखंड स्थित डिग्री कॉलेज में आने में 70 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है. दूसरी समस्या की इस महाविद्यालय का कोई भी बोर्ड रोड के बाहर नहीं लगा है। ना मिजार्गंज में अलीगंज में कॉलेज खोजने में परेशानी होती है। कॉलेज में बहुत गंदगी और और खास बात बड़ा है सफाई कर्मी नहीं है। कैंपस में पानी भर जाता है निकासी का कोई साधन नहीं। रजिस्ट्रेशन कॉलेज में नहीं हो रहा है कब होगा पता नहीं। 12 विद्यार्थियों ने कोई समस्या का आवेदन नहीं दिया। प्राचार्य डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि विद्यार्थी की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित प्राध्यापकों के साथ विचार विमर्श कर यथावत समाधान एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु विश्वविद्यालय लिखने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सहयोग शिविर महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों के बीच संवाद एक ऐसा सेतु है जिसके दोनों छोर पर विश्वास और सहयोग होना आवश्यक है। सहयोग शिविर का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि समस्या के पीछे की आवश्यकताओं को समझकर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की समस्या, महाविद्यालय की जिम्मेदारी होती है। कहते हैं कि जहां संवाद होता है, वहां समाधान की संभावनाएं जन्म लेती हैं, और जहां सहयोग होता है वहां शिक्षा का वातावरण सबल होता है। विद्यार्थी की समस्या सुनना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उसके भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी है. शिक्षक केवल कक्षा में पढ़ाने से पूरी नहीं होती, विद्यार्थियों की बात सुनना उसकी कठिनाई यो को समझना और उसका समाधान करने का प्रयास करना भी शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मौके पर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर कामेश्वर कुमार श्रेय शेखर, डॉ राकेश कुमार,अभिषेक कुमार प्रिया कुमारी अनामिका कुमारी, डॉ अंशु कुमारी तथा कार्यालय सहायक सुशील कुमार, रूपेश कुमार सिंह, सहयोगी सरवन कुमार पासवान आदि उपस्थित थे।

**आरडीएम अलीगंज में विद्यार्थियों की सुनी समस्याएं सुझावों पर भी होगा अमल**

# बदसलूकी मामले में मुख्य आरोपी का एनकाउंटर भागने के दौरान पुलिस ने मारी गोली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** जमुई कांड से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है , जहां छात्रा से छेड़खानी के मामले मे पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य आरोपी नंदन यादव को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस एनकाउंटर में आरोपी के पैर में गोली लगी है। डीआईजी राकेश कुमार के मुताबिक आरोपी को घटनास्थल पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने कथित तौर पर पुलिस की हिरासत से भागने की कोशिश की। इसके बाद मुठभेड़ हुई। एनकाउंटर में नंदन यादव के पैर में गोली लगी। इस मामले में पुलिस ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रामाशीष चौधरी के रूप में हुई है। वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई और इसके बाद कार्रवाई की गई। वायरल वीडियो में नंदन यादव की पहचान लाल गमछा पहने युवक के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि आरोपी नंदन यादव उसी मड़वा पहाड़ी इलाके में छिपा हुआ था , जहां यह घटना हुई थी। बीते 19 सितंबर की शाम में छात्रा एक लड़के के साथ यात्रा पर थी। लौटने के दौरान कुछ युवकों ने उन्हें रोका और उनके साथ बदसलूकी की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। सरकार और पुलिस ने इसे चुनौती के रूप में लिया और आखिरकार वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी का पुलिस ने एनकाउंटर किया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है। एसपी विश्वजीत दयाल , थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार समेत कई पुलिस पदस्थ मौके पर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता/जमुई।** झाझा प्रखंड क्षेत्र के द्वारपहड़ी थाना क्षेत्र के पैरगाहा गांव में मंगलवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) झाझा पहुंचाया। चिकित्सक सत्यजीत प्रियदर्शी ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया।घायलों की पहचान सुबोध यादव, दीपक यादव, भोला यादव, भुवनेश्वर प्रसाद और भैरो कुमार यादव के रूप में हुई है। घायल भोला यादव ने बताया कि 18 डिसमिल जमीन को लेकर दूसरे पक्ष के साथ विवाद चल रहा है। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने रात में विवादित जमीन पर छपरी बना दी। इसका विरोध करने पहुंचने पर शोभन यादव, रविंद्र यादव, अरुण यादव, राहुल कुमार समेत अन्य लोगों ने विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद लाठी-डंडे और लोहे की राड से मारपीट कर सभी को घायल कर दिया गया।इधर द्वारपहड़ी थानाध्यक्ष क्षेबर राम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए घायलों को अस्पताल भेजा। घायलों की ओर से अब तक कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### भाइयों की लंबी आयु के लिए बहनों ने की करमा पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता खैरा/जमुई ।** भादो शुक्ल पक्ष के एकादशी को मनाया जाने वाला करमा पर्व प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया । इस दौरान मंगलवार को उपवास रखकर संध्या में अपने भाई की मंगल कामना के लिए गौरी गणेश की पूजा की गई । इस मौके पर जगह-जगह घर के बाहर आंगन में कर्म के डाली स्थापित की गई जिसके बाद बहनों ने भाइयों की लंबी आयु के लिए पूजा अर्चना की इससे पूर्व महिलाएं ने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखी । मौके पर कर्म धर्म की कथा भी सुनी गई । कर्म पूजा को लेकर ग्रामीण इलाकों में काफी उत्साह का माहौल देखा गया हर जगह महिलाओं द्वारा कर्म पूजा की गीत गारही थी । कर्मा व्रत करने वाली महिलाएं अपनी ससुराल से नैहर आयी और पूरे उत्साह के साथ गांव घर की महिलाएं इकट्ठा होकर मंगलवार की रात भर गीत गाती रही अपने भाई की दीघार्यु होने की कामना के लिए यह कठिन व्रत पूरा किया । यहां यह जानकारी दें कि कर्मा व्रत भाई और बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक है । इस पूजा में कर्म की डाली की पूजा करने का अर्थ है जीवन हरियाली और शक्ति का प्रतीक होता है । भाई अपनी बहनों को रक्षा और स्नेह का वचन देते हैं।

### बाजार आने वाली महिलाओं के लिए बनेगा स्वच्छता का सहारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता सिकंदरा/ जमुई ।** नगर पंचायत क्षेत्र में बाजार और सरकारी बस डिपो आने वाले यात्रियों, खासकर महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डीलक्स शौचालय का



निर्माण कराया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को मुख्य पार्षद रूबी देवी, उपमुख्य पार्षद सूर्यनयन कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद पासवान व वार्ड पार्षदों ने निमार्णाधीन शौचालय का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने शौचालय में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया और आवश्यक सुधार के सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान शौचालय परिसर में बनाए गए पांच स्नानघर, एक अंग्रेजी शौचालय, दिव्यांगों के लिए अलग शौचालय सहित अन्य सुविधाओं को देखा गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बाजार क्षेत्र में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं और दूरदराज से बस पकड़ने वाले यात्रियों के लिए सार्वजनिक शौचालय की सुविधा बेहद जरूरी है। खासकर महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय की सुविधा नहीं मिलने से काफी परेशानी होती है। ऐसे में डीलक्स शौचालय का निर्माण होने से उन्हें राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान शौचालय में साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता, प्रकाश, वेंटिलेशन और दिव्यांगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने को कहा गया। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर सशक्त स्थायी समिति के सदस्य सह वार्ड दो के पार्षद गोपाल कुमार, वार्ड पार्षद रिंकी कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# बम हमले में मौत के बाद सड़क पर उतरा आक्रोश

## 24 घंटे में अपराधियों की गिरफ्तारी का अल्टीमेटम, लछुआड़ पुलिस के खिलाफ नारेबाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाद5दाता**

**सिकंदरा/जमुई।** हरिहरपुर गांव में बम हमले में 55 वर्षीय अजय पांडेय की मौत के बाद मंगलवार की सुबह ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण जखराज स्थान के समीप सिकंदरा-जमुई मुख्य मार्ग पर उतर आए और सड़क जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक आवागमन ठप रहा।



सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने लछुआड़ पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों ने पुलिस को 24 घंटे के अंदर हत्याकांड का पदार्फाश कर आरोपितों को गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम दिया।

जाम की सूचना पर साइबर डीएसपी अभिषेक कुमार, सिकंदरा थानाध्यक्ष विकास कुमार और लछुआड़ थानाध्यक्ष रूपेश कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्वजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर घटना में त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया। काफी समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। सोमवार की शाम अजय पांडेय, पिता सरयुग पांडेय, हरिहरपुर के मांझी टोला से गुजर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात अपराधियों ने उन पर बम से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अजय को स्वजन जमुई स्थित निजी क्लीनिक ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद गांव में मातम के साथ दहशत और आक्रोश है।

# जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 28 सितम्बर से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** डीएम नवीन की अध्यक्षता समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों , खिलाड़ियों की सहभागिता, निबंधन एवं विभिन्न खेल स्पधाओं के आयोजन पर मंथन किया गया।



साथ ही आवश्यक निर्देश दिये गये। जमुई में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिग 28 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक आयोजित की जायगी। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर 14 , अंडर 17 और अंडर 19 आयु वर्ग के खिलाड़ी विभिन्न खेल स्पधाओं में भाग लेगें।

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स , वॉलीबॉल , फुटबॉल , कबड्डी , खोखो , बैडमिंटन , क्रिकेट (ओपन ट्रायल) , रग्बी , ताइक्वांडो , कराटे , योग , बशु , शतरंज सहित विभिन्न खेल विधाओं का आयोजन किया जाएगा।

डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारीयों को जिले में मान्यता प्राप्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों के पात्र खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों को निर्धारित अवधि में खिलाड़ियों का निबंधन कराने को कहा गया है। निबंधन की निर्धारित तिथि 23 सितम्बर से बढ़ाकर 26 सितम्बर कर दिया गया है। खिलाड़ियों का निबंधन जमुई स्थित श्री कृष्ण सिंह स्टेडियम और खैरा स्थित खेल भवन में किया जाएगा।

खिलाड़ि यों की आयु सीमा की गणना 31 दिसम्बर 2026 के मानक से की जाएगी। डीईओ धनंजय कुमार पासवान , जिला खेल पदाधिकारी परिमल , सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मेनका कुमारी आदि संबन्धित जन बैठक में उपस्थित थे।

# शांति, सद्भाव और मानवता का संदेश देता है विश्व शांति दिवस

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व शांति दिवस के उपलक्ष्य में पद्म सरिता आध्यात्मिक दर्शन संघ के तत्वावधान में सोमवार को भगत सिंह चौक पर एक प्रबुद्धजनों की संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित की गई,जिसमें उपस्थित जनों ने शांति का संदेश हर दिलों में पहुंचाने का संदेश दिया।

पद्म सरिता आध्यात्मिक दर्शन संघ के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को विश्व शांति दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य दुनिया में शांति, अहिंसा, आपसी सद्भाव और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1981 में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस की स्थापना की थी और 21 सितंबर को इसके लिए निर्धारित किया गया। मुरहू के वरिष्ठ समाज सुधारक डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि विश्व शांति दिवस लोगों को यह संदेश देता है कि युद्ध, हिंसा और वैमनस्य के स्थान पर संवाद, सहयोग और आपसी सम्मान को महत्व दिया जाए। समाज में शांति की शुरूआत परिवार और समुदाय से होती है। अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन घोष ने कहा कि आज के समय में विश्व शांति केवल देशों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रेम, करुणा, सहिष्णुता और मानवता के मूल्यों को अपनाकर ही एक शांतिपूर्ण और बेहतर विश्व का निर्माण किया जा सकता है। युवा ध्रुवेन्द्र भास्कर ने अपने संबोधन में कहा कि शांति ही सही प्रगति है।ह्लजहां शांति है, वहीं मानवता की सच्ची जीत है—आइए, मिलकर प्रेम और सद्भाव का दीप जलाएं।ह्वजितेंद्र पांडे, अनुप राय,तुलसी प्रजापति सहित अन्य ने भी विश्व के बेहतर निर्माण के लिए शांति, सद्भावना, प्रेम , मानवता को अपनाने की बात कही।

# मड़बा पहाड़ी की घटना को लेकर सांसद् अरुण भारती ने डीएम-एसपी के साथ की समीक्षा बैठक

## बेटियों के सम्मान से खिलवाड़ करने वाला कोई भी अपराधी बख्शा नहीं जाएगा : सांसद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** मंगलवार को मड़बा पहाड़ी धटना को लेकर स्थानीय सांसद एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के लोकसभा में मुख्य सचेतक अरुण भारती ने डीआईजी, डीएम और एसपी के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक किया। बैठक में मड़वा पहाड़ी क्षेत्र में दो नाबालिगों के साथ हुई घटना, अब तक की पुलिस कार्रवाई और पीड़ित परिवार के पुनर्वास की विस्तृत समीक्षा की गई। 19 सितंबर की शाम कुछ असामाजिक तत्वों ने एक नाबालिग छात्रा और उसके मित्र को रास्ते में रोक लिया था।आरोपियों ने दोनों बच्चों से मारपीट की, उन्हें सरेआम अपमानित किया और छात्रा को जबरन उठाकर ले जाने का प्रयास किया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पूरे प्रदेश में गहरा आक्रोश है।पुलिस अधीक्षक ने सांसद को बताया कि पुलिस ने घटना का स्वतः संज्ञान लेकर प्राथमिकी दर्ज की है। सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल पॉक्सो अधिनियम के तहत मामले की जांच कर रहा है। प्रारंभिक कार्रवाई में तीन आरोपियों को पकड़ा गया



था और मुख्य आरोपी तथा उसके सहयोगी को भी गिरफ़्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है।पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि पीड़ित नाबालिगों की पहचान उजागर करने वाले लगभग 120 सोशल मीडिया प्रोफाइलों के विरुद्ध साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सांसद ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि असली न्याय तभी होगा, जब दोषियों को अदालत से शीघ्र और कठोरतम सजा मिले।श्री भारती ने प्रशासन को निर्देश दिया कि शेष फरार आरोपियों को अविलंब गिरफ़्तार किया जाए और घटना में शामिल प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका तय की जाए। उन्होंने वायरल वीडियो और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की फॉरेंसिक जांच शीघ्र पूरी कर समयबद्ध और मजबूत आरोप-पत्र दाखिल करने को कहा, ताकि कोई भी आरोपी तकनीकी आधार पर न छूट सके। उन्होंने मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक आधार पर विशेष पॉक्सो न्यायालय में कराने और सशक्त पैरवी के लिए अनुभवी विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। नाबालिग आरोपियों के मामले में किशोर न्याय अधिनियम के तहत अपराध की गंभीरता के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। पीड़ित परिवार की सुरक्षा और पुनर्वास पर विशेष जोर देते हुए सांसद ने पीड़ित बच्चों, उनके परिवार और गवाहों को पूर्ण पुलिस सुरक्षा देने का निर्देश दिया, ताकि उन पर किसी प्रकार का दबाव न बनाया जा सके। उन्होंने पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत अंतरिम आर्थिक सहायता तत्काल देने को कहा। बच्चों को वन स्टॉप सेंटर और ज़िला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराने तथा उनकी पढ़ाई निर्बाध जारी रखने के निर्देश दिए गए।

# जमुई कांड के बाद सोशल मीडिया पर बड़ी कार्रवाई 120 प्रोफाइल पर प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** जमुई कांड के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर नाबालिग पीड़िता की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जमुई पुलिस ने अब तक अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के 120 प्रोफाइल धारकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि पीड़िता की पहचान और निजता से जुड़ी किसी भी जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा न करें।



पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने बताया कि नाबालिग पीड़िता का वीडियो सोशल मीडिया पर दिखाकर उसकी पहचान उजागर करना कानून के तहत गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में पॉक्सो एक्ट , आईटी एक्ट और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। इसी के तहत सदर थाना में मामले दर्ज किए गए हैं। एसपी ने कहा कि पुलिस इस मामले में निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई कर रही है।

सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए वीडियो को हटाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी स्थिति में पीड़िता से संबंधित वीडियो या ऐसी सामग्री को आगे शेयर न करें , जिससे उसकी पहचान सामने आ सकती है। मामला जमुई-लखीसराय मार्ग स्थित मड़वा पहाड़ से जुड़ा है। शनिवार देर शाम वहां से लौट रही एक नाबालिग छात्रा के साथ कुछ युवकों ने कथित तौर पर बदसलूकी की थी। उसके साथ मौजूद एक छात्र के साथ भी मारपीट किए जाने की बात सामने आई थी।

घटना का वीडियो रविवार शाम सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस और प्रशासन सक्रिय हुआ। मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन ने जांच शुरू की और पीड़िता के परिजनों से संपर्क कर प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

पुलिस के अनुसार मामले में तीन विधि-विरुद्ध व्यक्तियों को निरुद्ध किया गया है। वहीं कई अन्य लड़कों की पहचान किए जाने की जानकारी सामने आई है। आरोपितों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। पुलिस सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के स्रोत और उसे आगे प्रसारित करने वाले लोगों की भी जांच कर रही है। पुलिस ने एक बार फिर लोगों से अपील की है कि नाबालिग पीड़िता की पहचान उजागर करने वाली कोई भी तस्वीर, वीडियो या जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट या शेयर न करें।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यकारी एजेंसियों की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त मो. जावेद हुसैन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों की कार्यकारी एजेंसियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित पुल-पुलिया, सड़क, भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति तथा प्रतिवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित योजनाओं के कारणों की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की।

उन्होंने सभी कार्यपालक अभियंताओं को निर्देशित किया कि निमार्णाधीन योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

उपायुक्त ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण योजना, पथ निर्माण विभाग, एनआरईपी सहित अन्य विभागों के अंतर्गत संचालित सड़क, पुल-पुलिया एवं भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी योजनाओं में गति लाने एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# एसपी के बांसुरी बजाने पर कहा : कानून के राज के लिए कमर में रखें हथियार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** आईआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह विधायक ई.आई.पी.गुप्ता ने सरकारी अतिथि गृह में कलमकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ बदसलूकी और बाद में उसका वीडियो बनाकर वायरल करना अत्यंत ही दुखद घटना है।

इस शर्मनाक घटना से कानून के राज का दावा तार-तार हो गया है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम ही होगा। उन्होंने जिला समेत राज्य में गिरती विधि व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराते



हुए कहा कि राज्य में कानून का पाया ध्वस्त हो गया है। जमुई एसपी बांसुरी बजाने में मस्त हैं वहीं जनता घरों में दुबकने के लिए मजबूर है। जमुई कांड अत्यंत शर्मनाक है। पुलिस अधीक्षक को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरत पद से हट जाना चाहिए। यदि वे खुद नहीं हटते हैं तो सरकार को जमुई की जनता के हित में उन्हें तत्काल हटा देना चाहिए। विधायक ने जमुई में ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था पर जमकर बरसते हुए कहा कि नाबालिग बच्चों के साथ रास्ते में बदसलूकी इस बात का प्रमाण है कि जिला में पुलिस प्रशासन का इकबाल पूरी तरह समाप्त हो गया है। राक्षसों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे कानून को धत्ता बता रहे हैं। विधायक ने हाल के दिनों में कई घटित वारदातों का हवाला देते हुए कहा कि जिला पुलिस इस पर लगाम लगाने में पूरी तरह विफल नजर आ रही है। ई. आई.पी. गुप्ता ने जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के उस बयान की तीव्र भर्त्सना की , जिसमें उन्होंने कथित तौर पर जमुई कांड को 'मामूली' करार दिया था। जमुई की घटना को हल्के में लेना सत्ता पक्ष की नियत को दशार्ता है। उन्होंने साफ-साफ कहा कि नामजदों को कानून सम्मत सजा और ओहदेदारों पर विधि अनुकूल कार्रवाई होने तक उनका विरोध जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष शम्भू कुमार , गोविंद सिंह आदि पार्टीजन इस अवसर पर उपस्थित थे।

# करम महोत्सव में गूंजा मांदर, पारंपरिक रीति-रिवाजों से हुई करम डाली की पूजा

**बोकारो थर्मल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वामी विवेकानंद मैदान (फुटबॉल ग्राउंड) में मंगलवार को करम महोत्सव 2026 पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, एसडीओ बेरमो मनोज कुमार, बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ संजीत कुमार समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। महोत्सव में झारखंडी लोक संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिली। उपायुक्त, एसपी समेत अन्य पदाधिकारियों ने पारंपरिक मांदर बजाकर उत्सव में सहभागिता की। ग्रामीणों ने लोटा-पानी से अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत



भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ करम पेड़ की डाली की पूजा-अर्चना की गई। पारंपरिक गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल उत्सवमय बना रहा। उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिलेवासियों और विशेषकर बहनों को करम पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि करम पर्व प्रकृति, लोक संस्कृति और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक है। यह पर्व प्रकृति संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में भी लोक परंपराओं, भाषा, संस्कृति और पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की जीवनशैली और परंपराओं में जल, जंगल, जमीन और प्रकृति संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश निहित है। ऐसे आयोजन सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने के साथ समाज में भाईचारे और एकजुटता को भी मजबूत करते हैं। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, स्थानीय लोग और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# साइबर थाना का निरीक्षण, साइबर अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार मंगलवार को साइबर थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राप्त जन शिकायतों, लंबित अनुसंधान और साइबर फ्रॉड के मामलों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को साइबर ठगी के मामलों में गोल्डन पीरियड के दौरान डायल 1930 पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने, फ्रीज खातों से संबंधित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और पीड़ितों को समय पर राशि वापस दिलाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सक्रिय साइबर अपराधियों के खिलाफ छापेमारी कर गिरफ्तारी करने, समन्वय पोर्टल से प्राप्त सूचनाओं पर ठोस कार्रवाई करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए समन्वय, नेटग्रिड, एमआरएम - जीआरएम पोर्टल और तकनीकी शाखा का अधिकतम उपयोग करने को कहा गया। साथ ही डायल



1930 के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया। पुलिस के अनुसार, हाल के दिनों में बोकारो पुलिस ने साइबर अपराध के कई मामलों में त्वरित कार्रवाई की है। साइबर मामलों में समयबद्ध कार्रवाई और पीड़ितों को जल्द राहत दिलाने के उद्देश्य से साइबर थाना में दो पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। इनमें पुलिस निरीक्षक मो. आजाद खान और पुलिस निरीक्षक पिंकु कुमार यादव शामिल हैं। अधिकारियों को साइबर ठगी से पीड़ित लोगों के खातों से स्थानांतरित राशि की जल्द से जल्द वापसी के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचतत्व में विलीन हुईं 106 वर्षीय गुलाब देवी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चास कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राचार्य, वरिष्ठ शिक्षाविद एवं स्वतंत्र स्तंभकार डॉ. (प्रो.) श्रीकांत सिन्हा की माताजी और सेवानिवृत्त एडिशनल सीपीएम, बोकारो इस्पात संयंत्र स्व. आरएनपी सिन्हा की पत्नी गुलाब देवी मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गईं। चास स्थित गरगा श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान परिजनों के अलावा शिक्षा, पत्रकारिता और समाजसेवा से जुड़े सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों



से उन्हें अंतिम विदाई दी और आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गौरतलब है कि गुलाब देवी का सोमवार सुबह 106 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। परिजनों के अनुसार, गुलाब देवी अत्यंत मृदुभाषी, मिलनसार और धर्मपरायण महिला थीं। उनके पुत्र डॉ. श्रीकांत सिन्हा ने जीवनभर उनकी सेवा की। गुलाब देवी ने भी परिवार को अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। वह अपने पीछे दो पुत्र, दो पुत्रियों सहित नाती-पोते और परपोते से भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

### केंदुआडीह बस्ती में धूमधाम से मनाया गया करम पूजा महोत्सव

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंदुआडीह बस्ती में आयोजित पावन करम पूजा महोत्सव में कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की




कामना की। अपने संबोधन में अनुपमा सिंह ने कहा कि करम पर्व हमारी समृद्ध आदिवासी संस्कृति, प्रकृति के प्रति आस्था और सामाजिक भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों और प्रकृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अपनी लोक परंपराओं और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के साफ-सफाई एवं आयोजन की व्यवस्था में प्रेम कुमार, मातो रवि, मातो सतपाल सिंह ब्रोका आकाश माहतो विवेक माहतो पप्पू महतो, सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और पूरे क्षेत्र में करम पूजा को लेकर उत्साह एवं उल्लास का माहौल रहा।

### 30 सितंबर को संपूर्ण झारखंड बंद का आह्वान, दुमका में फुलोझानो चौक पर चक्का जाम

**दुमका/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने आगामी 30 सितंबर को एक दिवसीय संपूर्ण झारखंड बंद का आह्वान किया है. बंद के समर्थन में दुमका के फुलोझानो चौक पर सुबह सात बजे से चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया है. इस संबंध में मोर्चा की ओर से उपायुक्त, दुमका को आवेदन सौंपकर कार्यक्रम की लिखित सूचना दी गई है. झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के दुमका जिला अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन ने बताया कि केंद्रीय कमेटी के निर्णय के आलोक में पूरे राज्य में एक दिवसीय बंद का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में दुमका में फुलोझानो चौक पर चक्का जाम किया जाएगा. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन को पूर्व में ही लिखित सूचना उपलब्ध करा दी गई है. मोर्चा की ओर से बंद कार्यक्रम के दौरान निर्धारित स्थल पर चक्का जाम किए जाने की जानकारी प्रशासन को दी गई है.

# बोकारो जनरल अस्पताल में सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के संदेश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता की दिशा में पहल करते हुए बोकारो जनरल अस्पताल के स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा 'स्वच्छता में सहभागी, स्वच्छ एवं विकसित भारत में सहयोगी' के संदेश के साथ प्लास्टिक के उपयोग को कम करने पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक के अत्यधिक एवं अनुचित उपयोग से पर्यावरण तथा जन-स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। यह कार्यक्रम अधिशासी निदेशक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को प्रोत्साहित करते हुए अधिकारियों ने स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक जागरूकता से जुड़े इस महत्वपूर्ण संदेश को समाज में प्रभावी ढंग से पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। स्कूल ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग, इसके अनुचित निस्तारण



तथा इससे होने वाली पर्यावरणीय क्षति को अत्यंत सरल, रोचक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से प्लास्टिक बैग, बोतलें, कप एवं अन्य डिस्पोजेबल वस्तुओं के अनावश्यक उपयोग से बचने, पुनर्चक्रणीय (रीसाइक्लिंग) विकल्पों को अपनाने तथा प्लास्टिक कचरे का उचित प्रबंधन करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि पर्यावरण संरक्षण और जन-स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। दैनिक जीवन में छोटे-छोटे व्यावहारिक बदलाव लाकर प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकता है और एक स्वच्छ, स्वस्थ तथा पर्यावरण-अनुकूल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

# डीसीए की नई सदस्यता सूची पर विवाद, पूर्व सदस्यों ने उठाए सवाल



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) की मंगलवार को संपन्न वार्षिक आमसभा और नई सदस्यता सूची को लेकर विवाद गहरा गया है। सर्किट हाउस में पूर्व डीसीए सदस्यों की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में एसोसिएशन की कार्यप्रणाली और नई सूची को लेकर सवाल उठाए गए। प्रेस वार्ता में एस.ए. रहमान, संतोष सिंह, सम्राट चौधरी और महफूज आलम समेत कई पूर्व सदस्य मौजूद थे। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि एजीएम के दौरान जारी नई सदस्यता सूची और वार्षिक बुक में कई वरिष्ठ सदस्यों के नाम बिना उचित कारण हटा दिए गए हैं। उन्होंने सूची में छपाई की त्रुटियों, पेन से किए गए सुधार और कुछ पुराने सदस्यों के नाम गायब होने पर आपत्ति जताई। पूर्व सदस्यों ने इसे एसोसिएशन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता से जुड़ा मामला बताया। प्रेस वार्ता में हालांकि पूर्व टेस्ट क्रिकेटर सैयद सबा करीम समेत 16 नए मानद और 27 नए सामान्य सदस्यों को शामिल किए जाने का उल्लेख किया गया। साथ ही धनबाद के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना भी की गई। लेकिन पुराने सदस्यों के नाम सूची से हटाए जाने को लेकर असंतोष जताया गया। पूर्व सदस्यों ने कहा कि सदस्यता सूची में कथित अनियमितताओं और अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ वे न्यायालय का रुख करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और वे मामले को कानूनी तरीके से आगे बढ़ाएंगे।

# पाथुरिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय में नए क्लासरूम व जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

**गोविंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत पाथुरिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय में लंबे समय से चली आ रही क्लासरूम की कमी और जर्जर भवन की समस्या के समाधान की दिशा में मंगलवार को कदम उठाया गया। भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल द्वारा स्वीकृत नए क्लासरूम निर्माण एवं विद्यालय के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक ने शिलापट्ट



का अनावरण किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। इस मौके पर विधायक ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित और सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। विद्यालय में कमरों की कमी और जर्जर भवन के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी हो रही थी। नए कमरों के निर्माण और भवन के नवीनीकरण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

# करमा पर्व पर अखाड़ों में गूंजा करम गीत, मांदर की थाप पर थिरके कदम

**महुदा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महुदा, कपुरिया और धमाबांध क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को प्रकृति पर्व करमा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही गांवों में उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीण क्षेत्रों के अखड़ों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कुंवारी कन्याओं ने दिनभर उपवास रखकर शाम को विधि-विधान से करम देव की पूजा-अर्चना की। शाम होते ही नवयुवतियों, किशोरियों और महिलाओं की टोली करम डाली लेकर अखड़ों में पहुंची। करम डाली स्थापित करने के बाद पाहन ने पारंपरिक विधि से पूजा कराई। इसके बाद बुजुर्गों ने करम-धरम की कथा सुनाई। पूजा संपन्न होते ही अखड़ों में करम गीत और मांदर की थाप गूंजने लगी। देर रात तक युवतियां और महिलाएं पारंपरिक नृत्य करती रहीं। महिलाओं ने बताया कि करमा पर्व में जावा का विशेष महत्व है। कुंवारी युवतियां पर्व से करीब सात दिन पहले जावा उठाती हैं। बालू में मकई, धान, सरसों, मड़ुवा, चना, उड़द और गेहूं के बीज मिलाकर टोकरी में रखा जाता है। सात दिनों तक सुबह-शाम



इसकी पूजा की जाती है। युवतियां जावा की डलिया को अखड़े या आंगन में ले जाकर उसके चारों ओर घेरा बनाकर जावा गीत गाते हुए पारंपरिक नृत्य करती हैं। इसे जावा जगाना कहा जाता है। करमा फसलों और वृक्षों की पूजा से जुड़ा प्रकृति पर्व है। पर्व के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में झारखंड की लोक संस्कृति और पारंपरिक नृत्य-संगीत की मनोहारी झलक देखने को मिली। मान्यता है कि कुंवारी कन्याएं करम देव की पूजा कर भाइयों की सुख-समृद्धि, अच्छे वर और सफल दांपत्य जीवन की कामना करती हैं। पर्व के दूसरे दिन करम डाली और जावा का नदी या तालाब में विधि-विधान से विसर्जन किया जाता है।

# डिजनीलैंड मेले के विरोध में सड़क पर उतरे बच्चे, बोले- मैदान बचाओ, खेल बचाओ

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रणधीर वर्मा स्टेडियम के गोल्फ ग्राउंड में प्रस्तावित डिजनीलैंड मेले के विरोध में मंगलवार को धनबाद के



सैकड़ों बच्चे और युवा सड़क पर उतर आए। बच्चों और युवाओं ने गोल्फ ग्राउंड से रणधीर वर्मा चौक तक पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। हाथों में 'मैदान बचाओ, खेल बचाओ' की तख्तियां लेकर प्रदर्शनकारियों ने गोल्फ ग्राउंड को खेल गतिविधियों के लिए सुरक्षित रखने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे बच्चों का कहना था कि गोल्फ ग्राउंड उनके लिए महत्वपूर्ण खेल मैदान है, जहां रोजाना क्रिकेट, फुटबॉल, दौड़ और फिटनेस ट्रेनिंग का अभ्यास किया जाता है। उनका कहना है कि मैदान में मेला लगने से महीनों तक खेल और अभ्यास प्रभावित होता है, जिससे खिलाड़ियों को दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, इस संबंध में वे जिला प्रशासन, नगर निगम और जनप्रतिनिधियों को पहले ही ज्ञापन दे चुके हैं। सितंबर में डुमरी विधायक जयराम महतो से भी मुलाकात कर अपनी मांग रखी गई थी। इसके बावजूद दुगार्पूजा के अवसर पर एक बार फिर गोल्फ ग्राउंड में मेला लगाने की तैयारी की जा रही है। बच्चों और युवाओं ने मांग की कि यदि मेले के आयोजन के लिए शहर में कोई अन्य उपयुक्त स्थान उपलब्ध है तो वहां मेला लगाया जाए, लेकिन गोल्फ ग्राउंड को खेल गतिविधियों के लिए सुरक्षित रखा जाए। प्रदर्शन के दौरान बच्चों ने मैदान को खेल के लिए बचाने की मांग को लेकर नारे भी लगाए।

# बीएसएल में महिला अधिकारियों हेतु 'बहीखाता' वित्तीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के सम्मेलन कक्ष में महिला अधिकारियों के लिए 'बहीखाता- बिजनेस लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम' विषय पर दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 22 एवं 23 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला अधिकारियों को वित्तीय विषय की मूलभूत अवधारणाओं से अवगत कराना तथा उनकी प्रबंधकीय निर्णय क्षमता को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस कार्यक्रम में संयंत्र की वित्तीय व्यवस्था, नियमों एवं प्रक्रियाओं की समग्र समझ विकसित करने के महत्व को रेखांकित किया गया। सत्र के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया गया कि प्रत्येक अधिकारी के लिए कंपनी की वित्तीय नियमावली और कार्यप्रणाली से



परिचित होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सुविचारित, सटीक एवं उचित व्यावसायिक निर्णय ले सकें। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के सहायक महाप्रबंधक तथा वित्त एवं लेखा विभाग के वरीय प्रबंधक द्वारा संकाय सदस्य के रूप में प्रतिभागियों को वित्तीय अवधारणाओं, वित्तीय प्रक्रियाओं एवं बजटीय सिद्धांतों की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। साथ ही कार्यस्थल पर वित्तीय अनुशासन और विश्लेषणात्मक समझ को सुदृढ़ करने के व्यावहारिक पहलुओं पर भी विस्तृत चर्चा की जा रही है। मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास की यह पहल महिला अधिकारियों के पेशेवर कौशल संवर्धन और नेतृत्व क्षमता को विस्तार देने में अत्यंत प्रभावी है। वित्तीय साक्षरता और प्रक्रियागत दक्षता को बढ़ावा देने वाला यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठनात्मक सशक्तिकरण, कार्यकुशलता में वृद्धि तथा बोकारो इस्पात संयंत्र के समग्र विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है।

# महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा झारखंड की संस्कृति का हिस्सा : इरफान अंसारी

**जामताड़ा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जामताड़ा में मंगलवार को आयोजित कर्मा पूजा कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में बहन-बेटियों का सम्मान और सुरक्षा हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का अवसर देना समाज और सरकार की साझा जिम्मेदारी है। डॉ. अंसारी ने कहा कि कर्मा पूजा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का उत्सव है। उन्होंने कहा कि जहां कर्म है, वहीं धर्म है। कर्मा पर्व के माध्यम से प्रकृति के सम्मान, अच्छी फसल, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की जाती है। महिलाओं के सम्मान का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि बहनों का सम्मान केवल मंच पर माला पहनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का अधिकार दिलाना ही वास्तविक सम्मान है। इरफान अंसारी ने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि कर्मा पर्व हमारी परंपरा और प्रकृति से जुड़ाव का संदेश देता है। ऐसे पर्व सामाजिक समरसता और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने के साथ महिलाओं के सम्मान और अधिकार के प्रति समाज को जागरूक करने का भी अवसर देते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK